


दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 143 • नई दिल्ली, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 जिलाधिकारी के आदेश अनुसार बाढ़ प्रभावित ....

# जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका ला रहा 60 गाड़ियां, चीन 40 गाड़ियां लेकर आ रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले माह सितंबर में टी-20 देशों का शिख सम्मेलन होने जा रहा है। जी20 देशों के शिखर सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरे जोर शोर से चल रही हैं। 8 से 10 सतिंबर तक आयोजित होने वाले सम्मेलन को लेकर दिल्ली पुलिस और सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियां फुलप्रूफ सक्योिरिटी इंतजाम भी करने में जुटी हैं। 7 सितंबर को जी20 देशों, यूरोपीय संघ और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। इन सभी का ध्यान रखकर ट्रैफिक मूवमेंट को लेकर भी खास इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके बाद इन देशों की ओर से अपने वाहनों को नई दिल्ली लाने का प्रस्ताव भी रखा है जिसमें दिल्ली पुलिस ने वाहनों की संख्या में कुछ कटौती करने का अनुरोध भी किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका (यूएस) की ओर से 76-80 गाड़ियां को लाने का प्रस्ताव रखा गया था। वहीं, चीन भी 46 वाहनों को लाने का प्रस्ताव दे चुका है। इसके अलावा दूसरे अन्य देशों की ओर से भी अपने वाहनों को दिल्ली लाने का प्रस्ताव दिया गया है। साथ ही तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस और यूरोपीय संघ भी अपने वाहन लाने का प्रस्ताव दे रहे हैं। इसके बाद इन वाहनों के काफिले की फूलप्रूफ सुरक्षा इंतजाम करने की बड़ी चुनौती भी दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के सामने रहेगी। दिल्ली पुलिस ने वाहनों के इतने बड़े काफिले के चलते होने वाली परेशानियों के मद्देनजर एक प्रस्ताव भी दिया है। इस प्रस्ताव में दिल्ली पुलिस की ओर से अमेरिका और चीन के वाहनों के काफिले में कुछ कटौती करने का आग्रह किया गया है। इस प्रस्ताव के बाद विदेश मंत्रालय की ओर से अपने अतिथि देशों को अवगत करा दिया है। इसके बाद अतिथि देशों ने इस पर सहमति भी जाहिर की है।

सूत्र बताते हैं कि मामले पर चर्चा के बाद अमेरिका 60 वाहनों को दिल्ली लाने पर सहमत हुआ है। वहीं, चीन के साथ अभी वार्तालाप जारी है। जल्द ही इस पर भी सहमति बनने की उम्मीद है। दिल्ली पुलसि के प्रतिनिधि ने मीटिंग के दौरान बताया है कि उन्होंने सुरक्षा इंतजामों के साथ-साथ ट्रैफिक से जुड़े सभी इंतजाम किए हैं। लेकिन वाहनों की संख्या को देखकर उसमें कुछ कटौती की जरूरत महसूस की गई। इससे संबंधित प्रस्ताव विदेश मंत्रालय को दिया गया था। प्रस्ताव में अमेरिका अपने वाहनों की संख्या में करीब 25 और चीन में 20 वाहनों की कटौती करने का आग्रह किया गया।

जी20 सम्मेलन में शिरकत करने वाले अतिथि देशों से आने वाले प्रतिनिधिमंडल को ठहराने के लिए खास इंतजाम हो रहे हैं। इस लेकर विदेश मंत्रालय ने दिल्ली-एनसीआर में 16 होटलों की पहचान की है। इन होटलों के रूट को लेकर भी फूलप्रूफ सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं, शिखर सम्मेलन से पहले फुल ड्रेस कारकेड रिहर्सल का आयोजन होगा। इस बीच देखा जाए तब 8 से 10 सितंबर तक होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन के चलते दिल्ली के सभी सरकारी, गैर सरकारी दफ्तरों को बंद रखने के साथ-साथ सभी स्कूलों में छुट्टी रखने का आदेश जारी किया जा चुका है।

## ख़ास ख़बर

### दाउदपुर पंचायत में पंचायत भवन का उद्घाटन समारोह हुआ संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर, सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह,** आपको बता दें कि दाउदपुर पंचायत में पंचायत भवन का उद्घाटन समारोह आज हुआ संपन्न । मुखिया अभिषेक सिंह द्वारा यह भवन निर्माण कराया गया। मुखिया ने बताया कि पिछले कई सालों से हमारे पंचायत भवन की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी थीं। आरटीपीएस काउंटर नही थे इस सब के चलते लोगो को काफी परेशानियां होती थीं।मेरे द्वारा इसका निर्माण कराया गया।सभी सुविधा उपलब्ध है पंचायत भवन कार्यालय में आरटीपीएस काउंटर मीटिंग हाल वेटिंग हॉल बरामदा शौचालय सार्वजनिक शौचालय भी उपलब्ध है वही मुख्य अतिथि के रुप में उद्घाटन करता विजय प्रताप सिंह चुन्नू ,प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिंह दाउदपुर थाना प्रभारी बीरेंद्र राम ,मुखिया अभिषेक कुमार सिंह, उप मुखिया बिगानी देवी ,पंचायत सचिव भोले शंकर कुमार ,Bdc सुशीला कुमार दयानंद सिंह ,ओम प्रकाश सिंह, रूपेश कुमार, आशीष कुमार,रामलाल पंडित, अनिल कुमार सिंह ,प्रमातम राम सुनील राय,मनोज कुमार सिंह, कृष्मोहन सिंह घनश्याम सिंह ,आदि उपस्थित हुए ।

### जामताड़ा मे ट्रेन से कटकर किताब व्यवसाई सुनील बरणवाल की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता।** मधुपुर रेल थाना अंतर्गत जामताड़ा स्टेशन पर रविवार देर रात को ट्रेन से कटकर एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई । घटना स्टेशन के पश्चिमी छोर होम सिग्नल के निकट पोल संख्या 251/ 33-35 के निकट अप मेन लाइन पर घटी है । सूचना पर रेलवे प्रशासन में मेल लाइन पर रेल परिचालन बंद कर दिया और और सभी ट्रेनों का परिचालन लूप लाइन से कराया गया । सूचनापर मधुपुर जीआरपी थाना के एएसआइ रविंदर गिरी, एएसआई सीरील मरांडी,आरक्षी गणेश चंद्र मुंडा एवं आरपीएफ जामताडा के एएसआई जे०राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे । वहां आरपीएफ अधिकारी की मौजूदगी में मामले की जांच जीआरपी ने किया । फिर पंचनामा करके शव को पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया । रेल पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हो गई है । मृतक सुनील बरनवाल जामताड़ा कोर्ट रोड प्रेम धाम का रहने वाले थे | मृतक सुनील बरणवाल स्टेशन के समीप एन ए सी मार्केट में किताब दुकान संचालक थे । मृतक सुनील बरणवाल अपने पिता को ससुराल चंद्रपुरा जाने की बात कह कर घर से निकले थे। घटना की सूचना पर मृतक के परिवार के द्वारा जीआरपी पुलिस से संपर्क कर लिया गया है । घटना के बाद परिवार वालों को रो रो का बुरा हाल है । पोस्टमार्टम के बाद शव को रेल पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है । इस मामले में जीआरपी ने यूडी केस दर्ज किया है । रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार ने आठवीं सोमवारी को नगरा प्रखंड के अफौर पंचायत में स्थित बाबा सोमेश्वर नाथ के मंदिर में जल अभिषेक किया



**नगरा।** प्रखंड के नगरा के अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार ने आठवीं सोमवारी को नगरा प्रखंड के अफौर पंचायत में स्थित बाबा सोमेश्वर नाथ के मंदिर में जल अभिषेक किया और उन्होंने पूरे प्रखंड वासियों के लिए शांति और उन्नति की कामना की उन्होंने बताया कि बहुत ही पुराना यह शिवलिंग यहां पर इस गांव में स्थित है यह गांव और यहां पर प्रखंड का बड़ी सौभाग्य की बात है की जो मुझे पूजा अर्चना करने की सौभाग्य प्राप्त हो रहे हैं साथियों उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदिर के बेहतर व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए भी उत्तम व्यवस्था किया जाएगा मौके पर मौजूद प्रखंड पर अधिकारी के साथ कार्यकर्ता दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे

# देश के युवाओं को रोजगार देना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री ने 51,000 लोगों को जारी किए अपॉइंटमेंट लेटर, वीसी के जरिए किया संबोधित**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के युवाओं को रोजगार देना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने आज रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित करते हुए नवनियुक्त कर्मियों को 51,000 से अधिक अपॉइंटमेंट लेटर बांटे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के इस अमृतकाल में, देश की आजादी के और देश के कोटि-कोटि जनों के अमृतरक्षक बनने पर आप सबको बहुत-बहुत बधाई। आज जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिल रहा है, वो देश की सेवा के साथ-साथ देश के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे। इसलिए एक तरह से आप इस अमृतकाल के जन और अमृतरक्षक भी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस बार रोजगार मेले का ये आयोजन एक ऐसे माहौल में हो रहा है, जब देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। हमारा चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान लगातार चंद्रमा से ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है। ऐसे समय में आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सेना में आकर सुरक्षा बलों के साथ जुड़कर, पुलिस सेवा में आकर हर युवा का सपना होता है वो देश की रक्षा का प्रहरी बने, इसलिए आप पर बहुत बड़ा दायित्व होता है। पीएम ने कहा कि यही वजह है कि आपकी जरूरतों के प्रति भी हमारी सरकार बहुत गंभीर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आवेदन से लेकर चयन तक की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा अब 13 स्थानीय भाषाओं में भी करायी जा रही है। इस बदलाव से लाखों युवाओं के लिए रोजगार पाने के अवसर खुल गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ने के लिए ये जरूरी है कि देश के हर सेक्टर का विकास हो। फूड से लेकर फार्मा तक, स्पेस से लेकर स्टार्टअप तक, जब हर सेक्टर आगे बढ़ेगा तो अर्थव्यवस्था भी आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे था। लेकिन अब कानून का राज स्थापित होने से यूपी विकास की नई ऊंचाई छू रहा है। यह रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। इस के जरिये केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती की है। नवनियुक्त कर्मियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है।



> “ राजनीतिक भ्रष्टाचार, योजनाओं में गड़बड़ी और जनता-जनार्दन के धन का दुरुपयोग पुरानी सरकारों की पहचान थी। आज सरकार की पहचान उसके निणायिक फैसलों से होती है।
>
> **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

# नीतीश का I.N.D.I.A. कन्वीनर बनने से इनकार

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**



बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने I.N.D.I.A. गठबंधन का कन्वीनर बनने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं कुछ भी नहीं बनना चाहता, ये बात मैं आपको बार-बार कहता आया हूं। मेरी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। मैं बस सभी को एकजुट करना चाहता हूं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ सोमवार को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचे थे।

विपक्षी दलों के गठबंधन I.N.D.I.A की तीसरी बैठक मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगी। वाली इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। शुरुआत से ही इस बात की चर्चा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाया जाएगा।

**I.N.D.I.A की तीसरी बैठक में जारी होगा गठबंधन का लोगो** - मुंबई में होने वाली I.N.D.I.A. की तीसरी बैठक में 26 दलों के लगभग 80 नेताओं के शामिल होने की संभावना है। न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, मुंबई की बैठक में I.N.D.I.A गठबंधन का लोगो (LOGO) जारी किया जा सकता है। I.N.D.I.A. की पहली बैठक पटना में 23 जून को हुई थी। बेंगलुरु में 17-18 जुलाई दूसरी बैठक हुई थी। नीतीश ने कहा कि, 'नहीं नहीं हमको कुछ नहीं बनना है.. हम तो आपको बराबर कह रहे हैं.. दूसरे लोगों को बनाया जाएगा.. हमारी कोई इच्छा नहीं है। सबको एकजुट करना चाहते हैं और सब लोग मिलकर करें.. हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए.. हम तो सबके हित में चाहते हैं.. हम लोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं'।

**लालू ने कहा था- कोई और भी हो सकता है कन्वीनर** - पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि I.N.D.I.A. का कन्वीनर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही नहीं बल्कि कोई और भी हो सकता है। लालू प्रसाद ने कहा था कि I.N.D.I.A. गठबंधन में संयोजक को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है और अगली बैठक में सभी दलों के लोग मिल बैठकर तय कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि तीन चार राज्यों का एक कन्वीनर बनाया जाएगा और सहूलियत के लिए राज्यों में भी संयोजक नियुक्त किए जाएंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों का बंटवारा जल्द करना चाहते हैं नीतीश

**दैनिक शुभ भास्कर। पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि लोकसभा चुनाव से पहले सीटों का बंटवारा हो जाना चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि कौन कहां से चुनाव लड़ रहा है। सीएम ने कहा है कि अभी 'इंडिया' गठबंधन में कुछ और दल शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम विपक्षी एकता की अगली बैठक में भाग लेने मुंबई जा रहे हैं। वहां हम सब दोबारा एक साथ मिल बैठकर 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी पर निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातकर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर मेरी कोई व्यक्तिगत इच्छा नहीं है। हम शुरू से यह बात बोल रहे हैं। हम सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहते हैं। हम चाह रहे हैं कि लोकसभा चुनाव की सीटों का बंटवारा जल्द हो और तय हो जाए कि कौन-कौन, कहां-कहां से लड़ेगा। पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि विपक्ष क्या बोलता है, उसका कोई मतलब नहीं है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि भाजपा के लोग जान रहे हैं कि हम इतने लोगों को एकजुट कर रहे हैं तो उनको नुकसान होने वाला है। इसलिए भाजपा के लोग अनाप-शनाप बोलते रहते हैं। भाजपा के लोग क्या बोलते हैं, उसपर हम ध्यान नहीं देते है। रविवार के दिन काम पर निकलने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको सिर्फ काम करना है। काम से ही मतलब रखते हैं। दिन कोई मायने नहीं रखता है। मालूम हो कि विपक्षी एकता पर अगली बैठक मुंबई में एक सितंबर को होनी है। इससे पहले दो बैठकें हो चुकी हैं। पहली बैठक 23 जून को पटना में हुई थी, जिसमें 15 दलों के शीर्ष नेता भाग लिये थे। दूसरी बैठक में बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को हुई थी, जिसमें 26 दलों के नेता शामिल हुए थे। इसी बैठक में विपक्षी महागठबंधन का नाम 'इंडिया' दिया गया था।

# बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल लीग मैच में छठे दिन अररिया की टीम जीते

**प्रवीण कुमार,कटिहार।** जिला फुटबाल संघ कटिहार के द्वारा 71 वॉ बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल क्षेत्रिय लीग मैच बिहार राज्य मोइनुल हक फुटबाल लीग मैच में सोमवार को अररिया और मधेपुरा के टीम के बीच लीग फुटबाल मैच खेला गया। जिसमे 4-3 से अररिया की टीम ने शानदार जीत हासिल किया। जिला फुटबॉल संघ के महासचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला साह ने बताया कि पूर्णिया की टीम लीग चैंपियन घोषित हुई है। मंगलवार को खेल दिवस के अवसर पर संघ द्वारा एक सम्मान समारोह भी संघ द्वारा रखा गया है। जिसमे विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। वही राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित लीग मैच में सभी खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लीग मैच में कमेंट्री सोमबार को मन्नू मुर्मू ने किया।



सोमवार को आयोजित लीग मैच के अवसर पर राजेंद्र स्टेडियम में जिला पधाधिकारी रवि प्रकाश के साथ खेल अधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों में खिलाड़ियों से मिलकर उनका मनोबल को बढ़ाया। खेल दिवस के अवसर पर लीग चैंपियन पूर्णिया और कटिहार के टीम के बीच मैच खेला जाएगा। मौके पर जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरोडिया,सचिव दिलीप कुमार साह उर्फ भोला,संरक्षक रमेश केडिया,उदय साधु खान, यशस्वी कुमार अग्रवाल उर्फ जिम्मी, जे पी शर्मा,हीरा लाल, बबन झा, नलीन सिन्हा, आनन्द यादव ,डा एस सुमन, आशिश बलीदानी, हरीन्द्र मोहन, मुकेश, लक्खि, राजा कुमार, विनोद कुमार, संजय कुमार,शुभाशीष शुभम,बिनोद चौधरी,गोविंद, सिकंदर,गोपाल,अमर, गौरव केडिया आदि संघ के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# ट्रंप को चुनावों में मिल सकता है जेल जाने का फायदा, अब तक जुटाए 7.1 मिलियन डॉलर

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनावों के दौरान जेल जाने का फायदा मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि जॉर्जिया में 2020 में चुनाव परिणाम पलटने के मामले में आत्मसमर्पण करने के बाद फुल्टन काउंटी जेल में उनका मगशॉट किया गया, जिसके बाद से अब तक 2024 के उनके राष्ट्रपति अभियान ने 7.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। एक मिलियन 10 लाख को कहा जाता है। छह जनवरी के संघीय मामले से संबंधित अभियोग और दोषारोपण, फिर जॉर्जिया के फुल्टन काउंटी जेल में आत्मसमर्पण करने का फायदा ट्रंप के चुनावी अभियान में भी दिखाई दिया है, जिसने पिछले तीन हफ्तों में 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। जॉर्जिया में ट्रंप की गिरफ्तारी के बाद उनके चुनावी अभियान ने 4.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर जुटाए थे। यह पूरे अभियान का सबसे अधिक कमाई वाला दिन है। धन उगाहने के आंकड़े सबसे पहले पोलिटिको द्वारा रिपोर्ट किए गए थे। ट्रंप ने मग शॉट को लेकर बताया कि यह एक आरामदायक एहसास नहीं है- खासकर जब आपने कुछ भी गलत नहीं किया है। हालांकि, ट्रंप अपने मग शॉट का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम रहे हैं। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, हाल के हफ्तों में ट्रंप की कानूनी परेशानियां बढ़ गई हैं। अभियोजकों ने 2020 के चुनाव परिणामों को पलटने के उनके प्रयासों से संबंधित दो अभियोग लाए हैं।

**पर्यावरण** | **रक्षाबंधन पर देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण का अपील किया**

# रोहतास की स्वच्छता आईकॉन मधु ने 300 लोगों को राखियां भेजी

**संझौली (रोहतास)** आगामी रक्षाबंधन को लेकर रोहतास जिला की स्वच्छता आईकॉन ने एक विशेष संदेश के साथ सैकड़ों रक्षा सूत्र भेज पर्यावरण संरक्षण की अपील की है। डॉ० मधु उपाध्याय ने इस अभियान के तहत बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री को भी इस लिखित संदेश के साथ रक्षा सूत्र भेजा है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य भाई-बहन के इस पवित्र त्यौहार को स्वच्छता एवं पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्यों से जोड़ना है। इस कड़ी में जिला प्रशासन,मीडिया बंधु , समाजसेवी , स्वयंसेवी संगठन ,पंचायत प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि,



राजनीतिक दलों से जुड़े लगभग 300 लोगों को रक्षा सूत्र भेजा गया है। डॉ० मधु ने बताया कि जिले के लोगों के सकारात्मक प्रयास से यह जिला स्वच्छता के क्षेत्र में बिहार कि सिर्फ जिलों के नाम में शामिल हुआ था। सभी के सहयोग से एक क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला था। रक्षाबंधन के मौके पर य रक्षा सूत्र उस बदलाव को सुरक्षित रखते हुए जीवन शैली को आगे ले जाने की एक अपील है। डॉ० मधु ने बताया कि जिला प्रशासन के प्रमुख जिलाधिकारी, जिला उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त तथा विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर संदेश युक्त रक्षा सूत्र भेंट किया गया है । जबकि डाक के द्वारा दर्जनों रक्षा सूत्र भेजे गए हैं। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम एक अभियान के तहत लगभग एक माह से संचालित है जिसमें कई लोग सहयोग में लगे हुए है।

# नैक टीम ने किया निरीक्षण, इंस्पेक्शन टीम ने कहा होनी चाहिए यहां पीजी की भी पढ़ाई





**कड़ामा से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा।** सोमवार को यूजीसी द्वारा निर्धारित ग्रेडिंग प्रदाता संस्था नैक की तीन सदस्यीय पीयर टीम भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत संबद्धता प्राप्त उदयनाचार्य विद्याकर कवि महाविद्यालय ( यू वी के कॉलेज कड़ामा ) के निरीक्षण हेतु पंहुची। जहां समिति के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय की व्यवस्था , इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, वाचनालय, प्लेसमेंट सेल, एंटी रैगिंग सेल, प्राथमिक चिकित्सा सुविधा, राष्ट्रीय सेवा योजना, आदि के कार्यों का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया गया। अवलोकन के उपरांत छात्र छात्राओं, शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं अभिभावकों से महाविद्यालय से सम्बन्धित जानकारियां प्राप्त की। निरीक्षण के प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा माधवेंद्र झा ने महाविद्यालय के स्थापना काल से वर्तमान तक के यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि इस सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में काफी संघर्ष और कठिनाइयों का सामना करते हुए संस्थान को इस ऊंचाई तक लाया गया है। जिसमें महाविद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग किया है। वहीं निरीक्षण करने पंहुचे नैक पीयर टीम के अध्यक्ष डॉ धर्मराजन पी के ने कहा की महाविद्यालय के क्रियाकलाप और शैक्षणिक व्यवस्थाओं से मैं पूर्णतः संतुष्ट हुआ तथा मैं महाविद्यालय को बेहतर ग्रेड के लिए अनुशंसा करूंगा और साथ ही उन्होने कहा की ग्रामीण क्षेत्र के इस महाविद्यालय में इतने अच्छे शैक्षणिक व्यवस्था है की यहां स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई भी होनी चाहिए इसके लिए भी मैं अनुशंसा अवश्य करूंगा। नैक टीम के सदस्य डॉ श्रीप्रभु चापके ने कहा की मुझे ऐसा लगता है कि यहां शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सरकार के द्वारा वेतन की सुविधा देनी चाहिए ताकि यहां काम कर रहे लोगों के बच्चों और परिवार का भविष्य उज्ज्वल हो सके। निरीक्षण दल के सदस्य डा श्री रामाबल्लभ राव ने कहा कि इस दूर दराज के इलाके में जहां संसाधनों का घोर अभाव है इतनी अच्छी शैक्षिक व्यवस्था वाले महाविद्यालय होने के बाद भी सरकार के द्वारा अभी तक इसे अंगीभूत अथवा वित्त पोषित क्यों नहीं किया गया है इसके लिए यहां के आमजन मानस को सरकार से प्रश्न पूछना चाहिए। हम अपने अधिकार की सीमा तक इस महाविद्यालय के उन्नत भविष्य के लिए उचित प्लेटफॉर्म पर अनुशंसा करेंगे। वहीं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा नैक टीम के सदस्यों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी की गई। छात्र छात्राओं ने इस दौरान लोक संगीत, लोक नृत्य व लोक गायन की प्रस्तुति दी। मौके पर भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के नैक कॉर्डिनेटर प्रो डॉ नरेश कुमार, श्री कृष्णा विश्विद्यालय के कुलपति प्रो डॉ अशोक कुमार यादव, एल एन कॉलेज बनगांव के सचिव पंडित उमाशंकर खां, श्री कृष्णा विश्विद्यालय के पीआरओ मुदस्सिर सिद्दिकी, नोडल अधिकारी ई शिप्पू झा, डॉ चंद्रशेखर मिश्रा, डॉ अरुण कुमार झा, सहित सभी शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## खास ख़बर

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आज

**अररिया।** "राष्ट्रीय खेल दिवस" 29 अगस्त 2023 के शुभ अवसरपर जिला प्रशासन, अररिया के सौजन्य से इंडोर स्टेडियम, अररिया में बैडमिंटन प्रतियोगिता U-14 बालक एवं बालिका तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के बालक/बालिका एवं महिला/पुरुष का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक खिलाड़ी अपना निबंधन (Entry) सुबह 08:00 बजे तक इंडोर स्टेडियम, अररिया में सुनिश्चित कर सकते हैं। यह जानकारी उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा, अररिया ने दी है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने हेतु राष्ट्रीय खेल दिवस पर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है एवं खिलाड़ियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लें।

### बिहारीगंज रेलवे स्टेशन से पटरी लाइन विस्तार के लिए भेजा सात सूत्री मांग पत्र



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य बिट्टूविश्वविद्यालय, मधेपुरा के स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य बिट्टू कुमार ने माननीय प्रधानमंत्री,रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री बिहार सरकार और जीएम हाजीपुर,डीआरएम समस्तीपुर ,डीआरएम कटिहार को आवेदन भेज कर बिहारीगंज रेलवे स्टेशन से पटरी लाइन विस्तार के लिए सात सूत्री मांग पत्र भेजा है। 1. बिहारीगंज से आलमनगर होते हुए पसराहा स्टेशन ( खगड़िया) भाया सुल्तानगंज तक रेलवे पटरी लाइन का विस्तार। 2. बिहारीगंज से उदाकिशुनगंज, गवालपाड़ा होते हुए मधेपुरा के लिए पटरी लाइन का विस्तार। 3. बिहारीगंज से बैजनाथपुर गांव होते हुए मुरलीगंज, भरगामा,रानीगंज एवं फारबिसगंज ( अररिया) तक रेलवे पटरी विस्तार। 4. बिहारीगंज से धमदाहा ( पूर्णिया ) होते हुए कुर्सेला कटिहार रेलवे पटरी का अभिलंब कार्य विस्तार। 5. बिहारीगंज से सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) के लिए पटरी लाइन का अभिलंब कार्य विस्तारीकरण। 6. बिहारीगंज से कुमारखंड, जदिया , त्रिवेणीगंज, पिपरा, राघोपुर, निर्मली स्टेशन के लिए पटरी लाइन विस्तार भाया दरभंगा । 7. बिहारीगंज से पुरैनी, चौसा, कदवा होते हुए नवगछिया भाया भागलपुर के लिए अभिलंब रेलवे पटरी लाइन का विस्तार किया जाय ।

### शिव पूजन के लिए बेहद खास है सावन का अंतिम सोमवार : संजीव मिश्रा




**पूर्णियां।** पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने सावन के अंतिम और आठवें सोमवारी के मौके पर पूजा अर्चना कर बाबा भोले से देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि अंतिम सोमवार के शुभ मुहूर्त के दौरान विधि विधान से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक करने के साथ-साथ शिव चालीसा का पाठ करने वाले भक्तों पर भगवान भोलेनाथ विशेष कृपा बनाए रखते हैं और उनको सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। सनातन धर्म के ज्योतिष शास्त्र में सावन के महीने का महत्व बताया है, क्योंकि इस महीने में देवों के देव महादेव की पूजा का विशेष महत्व होता है. इस महीने में आने वाले सोमवार के दिन श्रद्धालु व्रत रखकर विधि-विधान से शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं. वहीं सावन के महीने के अंतिम सोमवार के दिन प्रदोष व्रत पड़ने से सोमवार की पूजा का महत्व और अधिक बढ़ गया है.सावन के महीने का अंतिम सोमवार 28 अगस्त 2023 के इस दिन सावन का आखरी प्रदोष व्रत भी पड़ने से सोमवार के व्रत का महत्व और अधिक बढ़ जाता है. प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा करने से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मन चाहे फल प्रदान करते हैं.

### नहीं रहे भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले 93 वर्षीय मणि शंकर राम जी



**उदाकिशुनगंज।** उदाकिशुनगंज के चर्चित व्यवसायी सह समाजसेवी एवं भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले मणि शंकर राम जी का 93 की आयु में लंबी बीमारी से निधन। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव ,विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह ,पूर्व मंत्री डॉ रेणु कुशवाहा , किशोर कुमार मुन्ना, ,लोजपा नेता बिजय कुमार सिंह, प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, डॉ प्रो पूजा भारती, डॉ डी के सिन्हा, डॉ एसके संत, डॉ एके मिश्रा, डॉ इंदू भुषन कुमार, डॉ बिक्रम सिंह,डॉ संतोष कुमार यादव, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, चितरंजन कुमार सिंह ,सुनित कुमार सिंह,कुल कुल सिंह , जदयू नेता सुमन कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह,हाजी अब्दुस सत्तार,मो सलमान, पूर्व मुखिया रजनीश कुमार बबलू।

## दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका हेतु हर गांव में चलने वाले मिट्टी संग्रह अभियान को सफल बनाने का भी पीएम ने किया अपील : रामनाथ प्रसाद



**फारबिसगंज।** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 104 वें कड़ी को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सह वरीय समाजसेवी रामनाथ प्रसाद के आयोजकत्व पर विघटित कृषि उत्पादन बाजार समिति फारबिसगंज के सभागार में संघ से जुड़े लोगों एवम भाजपाइयों ने सुनी। सबों ने टीभी पर अवलोकन व श्रवण कर उनके विचारों को अंगीकार करने का संकल्प लेने की बात कही। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बाबू रामनाथ प्रसाद ने पीएम के संबोधन की खास बातों का उल्लेख करते हुए कहा की पीएम ने मिशन चंद्रयान की सफलता आगामी जी 20 शिखर सम्मेलन, खिलाड़ियों के उत्कृष्ट व सराहनीय प्रदर्शन,मातृभाषा का महत्व, संस्कृत भाषा,देश के जीवंत डेयरी सेक्टर,मेरी माटी मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान समेत कई अन्य विषयों पर बात करते हुए उन्होंने चंद्रयान3 मिशन के उल्लेखनीय सफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों की सराहना की और कहा कि भारत ने साबित कर दिया है कि संकल्प के सुरज चांद पर भी उगते है मिशन चंद्रयान नये भारत के उस भावना का प्रतीक है जो हर हाल में जितना चाहता है और जितना जानता है। पीएम ने कहा कि भारत ने जी 20 को अधिक इनक्लूसिव मंच बनाया जिसके कारण पिछले एक वर्ष के दौरान 1.5 करोड़ लोग इससे सीधे जुड़े उन्होंने देश वासियों से जी20 सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग कर देश का मान बढ़ाने का जहां आह्वान वही हर घर तिरंगा अभियान के तहत 1.5 करोड़ तिरंगा के रिकार्ड बिक्री और पीछले वर्ष की तुलना में दोगुने यथा 10 करोड़ लोगों द्वारा तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट करने की जानकारी दी।

## विद्यार्थियों ने उल्लास के साथ मनाया प्रसिद्ध पर्व ओणम



**अररिया।** जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में माइग्रेशन पर आयी नवोदय विद्यालय माहे ,केरल से विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध पर्व ओणम बड़े ही उत्साह व उल्लास के साथ मनाया। इस पर्व पर बच्चों ने अपने पारंपरिक तरीके से रंग-बिरंगे फूलों व पत्तियों से इको-फ्रेंडली रंगोली बनाई। कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार ने बताया कि यह एक लोक कला है जो शुभअवसरों पर घर के फ़र्श को सजाने के लिए की जाती है।केरल में फूलों की रंगोली को पुकोलम कहते हैं। यह प्रायः यहाँ के सबसे महत्वपूर्ण पर्व ओणम के दौरान विशेष रूप से किया जाता है। मलयाली शिक्षिका सुनीता सी के मार्गदर्शन में बच्चों को दक्षिण भारतीय शैली में सजने संवरने का भी सुअवसर प्राप्त हुआ। छात्र पारंपरिक पोशाक घोती में नजर आए वहीं छात्राओं ने मलयाली लोकगीत प्रस्तुत किया। जिसे देख अररिया के छात्र छात्राओं ने केरल के लोकपर्व, पोशाक और लोक संगीत के साथ खान पान का को भी जान पाएं। संगीत शिक्षिका प्रमिला कुमारी ने बच्चों को लोकसंगीत प्रस्तुत करने में अपना योगदान दी वहीं उत्तर भारतीय संगीत भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने कहा ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में एक प्रकार का सांस्कृतिक विविधता और समानता को जानते का अवसर मिलता है।

## कुलाधिपति से अभाविप के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें विवि के शैक्षणिक समस्याओं से कराया अवगत



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह के मौके पर बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आगमन के उपरांत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता का एक प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। लगभग 20 मिनट तक चले इस मुलाकात के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समस्याओं से अवगत कराया। छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में कई नए पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू करने को लेकर चर्चा की । जिसमें एमसीए एमबीए एल एल एम,पत्रकारिता एवं जनसंचार, की पढ़ाई शुरू करने को लेकर उनसे आग्रह किया। छात्र नेताओं ने भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के द्वारा सत्र नियमितीकरण को लेकर किए गए प्रयास की सराहना कुलाधिपति के समक्ष किया। इसके अलावा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए एवं संसाधनों को की कमी की तरफ उनका ध्यान आकृष्ट किया। मंडल विश्वविद्यालय को नैक से मान्यता के लिए जिन-जिन संसाधनों की कमी है उन कमी को राजभवन राज्य सरकार के माध्यम से पूरा करने के लिए आग्रह किया । छात्र नेताओं ने सुदूरवर्ती महाविद्यालय में आधारभूत संरचनाओं की कमी एवं कई विषयों की पढ़ाई को शुरू करने को लेकर चर्चा की इसके अलावा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में हुए कई भ्रष्टाचारों की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। नैक मूल्यांकन के नाम पर कई महाविद्यालयों में जमकर राशि की अवैध बंदरबाँट की गई। लेकिन अभी तक उसका कोई फलाफल हासिल नहीं हुआ। इसके अलावा भ्रष्टाचार पर बनी हुई जांच समितियां जिसका कोई परिणाम नहीं निकला तथा सिंडिकेट सीनेट एवं अनुशासन समिति में लिए गए निर्णय का कोई भी अनुपालन नहीं हो सका इन सभी प्रकार के मुद्दों एवं अन्य कई और मुद्दों के ऊपर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधि मंडल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री श्री अभिषेक यादव प्रांत शोध कार्य सह प्रमुख सह सीनेट सदस्य रंजन यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुजीत सान्याल, विश्वविद्यालय संयोजक सह सीनेट सदस्य भवेश झा, विभाग संयोजक मोनू झा ,जिला संयोजक सौरभ यादव, प्रदेश कार्यकारिणी परिषद सदस्य आमोद आनंद, शिवजी कुमार समीक्षा यदुवंशी सेंट्रल काउंसिल मेंबर छात्र नेता दिलीप कुमार दिल एवं जिला संगठन मंत्री सुमित यादव मौजूद रहे।

### सावन माह की अंतिम सोमवारी को जलाभिषेक को लेकर आस्था का उमड़ पड़ा जनसैलाब



**जयनगर / मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)।** जयनगर प्रखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र स्थित विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में सावन माह की अंतिम सोमवारी को जलाभिषेक को लेकर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मन्दिरों अहले सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिला।वही क्षेत्र में बोल बम हर हर हर महादेव ॐ नमः शिवाय से जय घोष जयकारें के मन्दिर और क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था और माहौल भक्तिमय हो गया।सोमवार को जयनगर स्थित कमला नदी से श्रद्धालु भक्त जन और कांवरियों के द्वारा जलबोझकर झूमते नाचते गाते विभिन्न शिवालयों में जलाभिषेक पूजा पाठ को लेकर प्रस्थान करते देखें गये। कमला नदी परिसर पर्ण कुटी मंदिर के आसपास मेला का भी आयोजन किया गया है।शिलानाथ धाम,जयनगर बस्ती पंचयात स्थित जागेश्वर नाथ बाबा मंदिर बिहार का सबसे ऊंचा दुर्गा मंदिर, ग्रामीण क्षेत्र के पीठवा टोल स्थित भूतनाथ मंदिर, शहरी क्षेत्र के मेन रोड स्थित नागा बाबा महावीर मंदिर, कमला रोड राम जानकी मंदिर, मनोकामना काली मंदिर, भेलवा चौक महादेव स्थान समेत अन्य शिवालयों और मंदिरों में आस्था के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा शिवालयों और मंदिरों में पूजा पाठ संध्या तक जारी रहा। सावन पर्व को लेकर शिवालयो एवं मंदिरों को रंग बिरंगे फूलों,टिमटिमाती लाईट बती रौशनी से भव्यता से सजाया गया गया।

### छतियोना के मनोकामना महादेव पर करीबन 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की



**अररिया।** वर्ष 2023 के अन्तिम सोमवारी को जिले के छतियोना मे बसे मनोकामना महादेव के नाम से सुप्रसिद्ध श्यामसुंदर धाम पहुँच कर करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं व शिवभक्तों द्वारा बाबा श्यामसुंदर नाथ महादेव पर जलाभिषेक करते हुए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से अन्तिम सोमवारी को जहाँ खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया था। वही, श्यामसुंदर धाम आने वाले सभी भक्तों के बीच ग्रामीणों के द्वारा शर्वत भी दिया गया। श्री श्याम सुन्दर धाम ( शिवमंदिर) के निर्माणकर्ता सह मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक विनोद प्रसाद (वरीय अधिवक्ता) ने नेतृत्व में ग्रामीणों के विशेष सहयोग से अन्तिम सोमवारी को सभी पूजन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। श्यामसुंदर धाम शिवमंदिर के महंत कारे लाल मंडल व पुरोहित अरविन्द मिश्रा पंडित प्रदीप झा ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि जिला के विभिन्न प्रखंडो सहित मुख्य रूप से रानीगंज प्रखंड के छतियोना, नारायण पुर, गितवास, हाँसा, कमलपुर, बसगरहा, बेरमोतरा, खरहट, गुणवंती, राजवैली, पचीरा, ननकार, बैतौना, म्हशैली, डोरियारे, रेहुआ, मझवा, धनियायन, कुपारी, हिंगना, परमानंद पुर आदि गांव के लोग सम्मलित हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से विकास प्रकाश, विनीत प्रकाश व विवेक प्रकाश सहित वयोवृद्ध फुलेश्वर मंडल उर्फ फुलसु मंडल, घनश्याम मंडल, उमेश मंडल, सदानंद दास, देवन मंडल, भोला मंडल, लक्ष्मी मंडल, सदानंद मंडल, कारे मंडल, गोपाल मंडल, संतोष मंडल, दिलीप मंडल, अरुण मंडल, टुनटुन मंडल, रंजीत मंडल, शिवानंद मंडल, कुलानंद मंडल, युगेश्वर मंडल, किशोर मंडल आदि तन मन धन से तल्लीन रहे।

### प्रखंड मुखिया संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**राजकुमार झा,/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित ब्लॉक चौक के पास यात्री निवास परिसर में सोमवार को प्रखंड मुखिया संघ के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष किशोर कुमार मुन्ना ने की। आयोजित धरना में अधिकांश पंचायतों के मुखिया सामिल हुए। धरना कार्यक्रम के बाद 19 सुत्री मांगों का पत्र प्रखंड कार्यालय को समर्पित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष श्री मुन्ना ने कहा कि बिहार सरकार के इशारे पर पंचायत प्रतिनिधियों को भयभीत करने का जो खेल हो रहा है उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग जनप्रतिनिधि के बदले प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मी कर रहे हैं और कार्य एजेंसी से सांठगांठ कर योजना राशि का बंदरबांट हो रहा है। सरकारी आदेश का हवाला देकर जनप्रतिनिधि पर सिर्फ जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर सभी मुखिया 16 से 31अगस्त तक हड़ताल पर रहकर सरकारी कामकाज का बहिष्कार कर रहे हैं। मधुबनी पंचायत के मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबु ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा के बाद ग्राम पंचायत ही कार्यपालिका है, जहां क्षेत्रीय विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं का कार्ययोजना तैयार कर उसे पारित किया जाता है, तपश्चात प्राथमिकता तय कर उसके क्रियान्वयन का अधिकार है, परंतु पंचायतीराज व्यवस्था एक्ट से विपरीत जाकर बिहार सरकार जनप्रतिनिधियों के अधिकार का हनन ही नहीं बल्कि उसे अपमानित भी कर रही है। मनमानी इस कदर है कि ग्राम पंचायत को निष्क्रिय बना दिया गया है।

बैठक | मतदान केन्द्रों के संदर्भ में युक्तिकरण/संशोधन की कार्रवाई की जानी है

# मतदान केन्द्रों के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने को लेकर डीएम ने की बैठक



**अररिया।** समाहरणालय अररिया स्थित आत्मन सभाकक्ष में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने से संबंधित बैठक आहूत की गई। प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची को अंतिम रूप देने के पश्चात प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 04 सितम्बर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार पटना को भेजा जाना है। विदित हों कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान केन्द्रों के संदर्भ में युक्तिकरण/संशोधन की कार्रवाई की जानी है। अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन दिनांक-17.10.2023 को होना निर्धारित है। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अररिया लोकसभा अन्तर्गत कुल-1990 मतदान केन्द्र अधिसूचित हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में नए मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। बताया गया कि दावा/आपत्ति की अवधि (10 अगस्त से 19 अगस्त, 2023) के बीच प्राप्त दावा/आपत्तियों की जाँच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से अभिलेखबद्ध करते हुए निष्पादित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दल के उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु भेजे जाने की जानकारी दी गयी एवं प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची पर विचार विमर्श की गया। उन्होंने कहा कि सभी माननीय द्वारा दिए गए सुझाव एवं दावा आपत्ति का जांचोपरांत ही प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री अविनाष कृष्ण द्वारा पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अररिया/फारबिसगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया/ फारबिसगंज-सह-सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

### दभडा धोबी घाट पर आरसीसी पुल बनाने की मांग

**ताराबाड़ी।** अररिया प्रखंड के शरणपुर पंचायत के पूरब टोला स्थित बकरा नदी के धोबी घाट पर पुल नहीं रहने से ग्रामीण व राहगीरों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों का आरोप है कि यह अररिया प्रखंड को सिकटी प्रखंड से ही नहीं जोड़ती है बल्कि 1 दर्जन से अधिक गांव को जोड़ती है बकरा नदी में आरसीसी पुल नहीं रहने से 6 माह दूसरे टोला होकर 3 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर आना जाना पड़ता है बरसात के मौसम में छात्र एवं छात्राओं को स्कूल या कोचिंग संस्था जाने में एक हाथ में किताबों की बस्ता वह दूसरी हाथ में चप्पल लेकर घुटनों पर पानी से तैर कर स्कूल जाना पड़ता है बरसात से पहले बकरा नदी मैं आरसीसी पुल नहीं बनाई गई तो ग्रामीणों को बड़ी ही मुसीबत झेलनी पड़ेगी। ग्रामीणों में पंचायत समिति प्रतिनिधि विजय मिश्र वार्ड सदस्य परवीन शर्मा बालबोध मंडल जगदीश मंडल सुरेंद्र रजक टूल जय बौद्ध मंडल सुनील मंडल आदि ने जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि से अभिलंब बकरा नदी में आरसीसी पुल बनाने की मांग की है।

## श्रावण माह की अंतिम सोमवारी मेला की सफल प्रशासनिक तैयारियों एवं विधिव्यवस्था को लेकर एसडीओ ने लिया जायजा



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** श्रावण माह की अंतिम सोमवारी मेला की सफल प्रशासनिक तैयारियों एवं विधिव्यवस्था को लेकर जयनगर के एसडीओ ने सभी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।सभी प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद है।जयनगर में उत्सव ,उत्साह एवम शांतिपूर्ण वातावरण में श्रावण की अंतिम सोमवारी पर्व मनाया जा रहा है। एसडीओ वीरेंद्र कुमार मेला क्षेत्र में पहुँचकर विधिव्यवस्था सहित प्रशासनिक तैयारियों का भी लिया जायजा। उन्होंने कमलापुल के पूर्वी एवं पश्चिमी तट पर लगा श्रावणी मेला सहित कई स्थानों पर पहुँचकर विधिव्यवस्था का लिया जायजा एवम प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवम पुलिस पदाधिकारियो के प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँचकर उनकी उपस्थिति का भी जायजा लिया।सादे लिबास में पुलिसबल को भी सभी महत्वपूर्ण स्थानो पर तैनाती की गई है।गश्ती दल भी लगातार सक्रिय है। सभी स्थानों पर आवश्यक दवाओं के साथ मेडिकल टीम मुस्तैद है।एसडीआरएफ की टीम एवं आपदा मित्र टीम श्रावणी मेले को लेकर जयनगर के कमलाघाट में राहत एवम बचाव कार्य में पूरी तरह मुस्तैद है।अनुमंडल प्रशासन पल पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। इस मौके पर बोलबम सेवा समिति के अध्यक्ष शशि शेखर हजरा, सचिव अनुराग कुमार पंकज, कोषाध्यक्ष अजय कापड़, उप कोषाध्यक्ष सुर्यदेव पासवान,कृष्णा साफी,पप्पू पूर्वे एवं सुधांशु वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया की हमलोग अपने स्तर से कांवरिया,श्रद्धालू भक्त जन के सहयोग में लगे हुए है।श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नही हो इसका ख्याल रखा जा रहा है।सुरक्षा हेतु जयनगर थाना पुलिस ,112 पुलिस सेवा,मेडिकल टीम,एसडीआरएफ टीम और आपदा मित्र टीम का भी सहयोग लिया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

### धरहरा भीमशंकर मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को लाखो कि संख्या मे श्रद्धालुओं कि उमड़ी भीड़



**संजीब यादव/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल ।** जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत सावन के अंतिम सोमवार को सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा व भक्तिभाव से जलाभिषेक कर आस्था के सागर में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। सुपौल जिले के प्रसिद्ध धरहरा भीमशंकर मंदिर में शिव गंगा से लेकर मंदिर तक लंबी कतार में खड़े श्रद्धालु धूप और गर्मी के बीच भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर हर-हर महादेव, बोल बम का जयकारा करते रहे। श्रद्धालु बेल पत्र, धतूर, भांग, फूल के साथ अन्य पूजन सामग्री से भूत भावन भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना करते हुए मन्नतें मांगे। भीमशंकर मंदिर के पुजारी तारा बाबा ने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर साधना इसी श्रावण मास में की थी। भगवान शिव ने मनोकामना पूर्ण करते हुए उनसे विवाह किया। इसी कारण भगवान शिव को श्रावण मास ही अतिप्रिय है। मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकसी रही। राघोपुर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी के नेतृत्व में पुलिस बल सुरक्षा के मद्देनजर मुस्तैद दिखी। श्रद्धालुओं की भीड़ बता रही थी कि श्रद्धा भाव के आगे धूप की तपिश हार गई है। बूढ़े, बच्चे व नौजवान सभी समान भाव से कतार में खड़े बाबा का दर्शन करने के लिए इंतजार करते रहे। सुबह से शुरू हुआ यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। भीमशंकर मंदिर में तकरीबन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। दूसरी ओर शिव मंदिर राघोपुर, गुलाबदास ठाकुरबाडी शिव मंदिर, कोसी कॉलोनी शिव मंदिर, प्रखंड कार्यालय परिसर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों पर मेले जैसा माहौल रहा। हर हर महादेव के जयकारा के साथ श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक जलाभिषेक किया।

### कांग्रेस चली पंचायत की ओर कार्यक्रम का किया शुरुआत



**राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल ।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के बलुआ बाजार से सोमवार को कांग्रेस चली पंचायत की ओर कार्यक्रम शुरुआत किया गया। प्रदेश कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष महान स्वतंत्रतासेनानी पंडित राजेन्द्र मिश्र, पूर्व रेल मंत्री स्व0 ललित नारायण मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री स्व डॉ जगन्नाथ मिश्र जी तथा पूर्व मंत्री अमरेन्द्र मिश्र के गॉंव बलुआ बाजार तथा लक्ष्मीनियां में जिला कॉंग्रेस सुपौल द्वारा आयोजित कॉंग्रेस चली पंचायत की ओर कार्यक्रम की शुरुआत उनके प्रतिमा तथा समाधिस्थल पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह सुपौल जिला के प्रभारी तारानंद सादा ने माल्यार्पण किया। लक्ष्मीनियां पंचायत के पैक्स अध्यक्ष फिरोज आलम के आवास पर पंचायत स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान जिला प्रभारी श्री सादा ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाह रवैया अपना रही है। देश की जनता आगामी चुनाव में अपने वोट से इसका जवाब देगी। इस दौरान उपस्थित लोगों से कॉंग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए आपसी प्रेम, भाईचारा कायम करने, संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षार्थ राहुल गॉंधी के संघर्ष में साथ देने की अपील की। मौके पर जिला अध्यक्ष विमल यादव, रमेश यादव, शमशेर आलम, जयबोध झा, फिरोज आलम, अजय मिश्र, रिंकू जी सहित दर्जनो कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

### पूजा कर लौट रहे एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल।** जिले में पीपरा प्रखंड अंतर्गत सिंहेश्वर स्थान से पूजा कर लौट रहे एक 48 वर्षीय व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि मृतक रामवतार साह पिपरा थाना क्षेत्र के पथरा उत्तर पंचायत वार्ड 4 का निवासी था।सोमवार की सबेरे वो अपने गांव के तीन चार लोगों के साथ सिंहेश्वर स्थान स्थित बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर जल चढ़ाने गये थे। बताया जा रहा है की सभी लोग पूजा कर लौट रहे थे इसी दौरान सिंहेश्वर में एक अज्ञात बाइक चालक ने उसे ठोकर मार दिया। जिसमे रामावतार साह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद लोगों ने आनन-फानन में घायल रामावतार साह को मेडिकल कॉलेज अस्पताल मधेपुरा में भर्ती कराया। जहां घायल रामवतार साह को गंभीर स्थिति देखकर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया। बताया जा रहा है की पटना जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।इस दुर्घटना में उनका परोसी देवनारायण साह को भी गंभीर चोटें आई हैं।रामवतार साह के मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# दिघिया में नव विवाहिता की हत्याकर शव को लापता करने का आरोप



**डॉ0 विनीत शेखर / दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल ।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत दिघिया पंचायत अंतर्गत वार्ड 2 में संदेहास्पद स्थिति में एक नवविवाहिता की मौत के बाद मायके के लोगों ने ससुराल वालो द्वारा उसकी बेटी की हत्याकर शव को लापता करने का आरोप लगाते हुए निर्मली थाने में आवेदन दी है। दिए गए आवेदन में मृत नवविवाहिता का पिता भपटीयाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सदानंदपुर वार्ड न0-1 निवासी चरित्र मुखिया ने बताया कि उसकी बेटी की शादी निर्मली थाना क्षेत्र के दिघिया वार्ड 2 निवासी विनोद कुमार मुखिया से फरवरी 2022 में हुआ था। शादी में दहेज के रूप में नगद सहित अन्य सामान भी दिया था। बावजूद इसके शादी के बाद भी लगातार उसके परिजनों द्वारा डेढ़ लाख रुपया दहेज की मांग की जा रही थी। दहेज की रकम नहीं देने पर उसकी बेटी के साथ बार-बार मारपीट कर प्रतारित किया जा रहा था। जिसकी सूचना उसकी बेटी उसे फोन पर देती रहती थी। मामले को लेकर वह अपने दामाद एवं समधी से बात किया लेकिन वह एक भी नही माना। अचानक से शनिवार को उसको उसके दामाद का गुजरात से फोन आया कि उसकी बेटी का तबीयत खराब है जिसके बाद तुरंत वह अपने घर से दीघाया गांव के लिए रवाना हो गया। जब वह दिघिया गांव पहुंचा तो उसकी बेटी की लाश दरवाजे पर रखा हुआ था। इसके बाद उसमे हड़कंप मच गया। वह दरवाजे पर पड़े लाश की फोटो खींची और लोगों से बातचीत करने के लिए दरवाजे से कुछ दूर बांध पर गया। तब तक ससुराल वाले द्वारा उसके लाश को गायब कर दिया गया। मामले को लेकर उन्होंने दामाद दिघिया वार्ड 2 निवासी विनोद कुमार मुखिया, समधी उपेंद्र मुखिया, समधन जहरी देवी, अमित कुमार मुखिया, फेकू मुखिया, खेदनी देवी सहित सात लोगो के खिलाफ रविवार को थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। आवेदन के आलोक में एसडीपीओ राजू रंजन कुमार, थानाध्यक्ष पंकज कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और वास्तु स्थिति से अवगत हुए। एसडीपीओ ने बताया की मामले को लेकर घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया गया है। कहा की पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

### भीमशंकर मंदिर में पूजा करने पहुंची एक महिला की हुई मौत

**संजीब यादव/ दैनिक शुभ भास्कर ,राघोपुर ,सुपौल ।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत धरहरा भीमशंकर मंदिर में सोमवार को जलाभिषेक करने पहुंची एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। बताया जाता है कि राघोपुर पंचायत के माणिकचंद चकला वार्ड 3 निवासी मनोरंजना देवी (45) पति सुरेन्द्र कुमार सावन के अंतिम सोमवार को भीमशंकर मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंची थी। इस दौरान जलाभिषेक कर वापस अपने घर लौटते समय अचानक वह मंदिर परिसर में गिरकर बेहोश गई। घटना के बाद लोगों और पुलिस बलों के सहयोग से उसे ईलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने जांच कर महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों के बीच कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल किसी तरह का आवेदन नहीं मिला है। आवेदन अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### गस्ती के दौरान पुलिस द्वारा शराब पीकर हंगामा कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार




**डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल** जिले के निर्मली पुलिस ने गस्ती के दौरान नगर के वार्ड संख्या 02 में शराब पीकर होहगाम कर रहे दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि वार्ड 02 के मुख्य सड़क पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे नगर के वार्ड 6 निवासी प्रदीप दास एवं चंदन दास को गिरफ्तार किया गया है। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### प्रखंड के मोजहा पंचायत में कोसी पुल के एप्रोच हुआ ध्वस्त



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल ।** जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर मौजहा पंचायत के वार्ड 8 स्थित कोसी पुल की एप्रोच ध्वस्त होने की जानकारी मिलते ही सदर एसडीएम मनीष कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने जल संसाधन विभाग के जेई को निर्देश दिया कि कटाव निरोधी कार्य अविलंब शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुल कि अप्रोच ध्वस्त हो जाने से सड़क मौजहा दुबियाही मुख्य सड़क संपर्क भंग हो जाएगा और पूल पर विस्थापित परिवार की समस्या और गंभीर हो जाएगी। वही विस्थापित परिवारों से जानकारी हासिल की और मौके पर विस्थापित परिवारों के बीच डैढसौ पॉलिथीन सीट और डेढ़ सौ पैकेट सुख राशन विस्थापित परिवारों के बीच वितरण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला परिषद हंसनेन नोमानी ने एसडीम को अवगत कराते हुए कहा कि मौजहा पंचायत के सभी वार्ड के लोगों के घर आंगन में पानी घुस जाने से लोगों की समस्या गंभीर हो गई है उन्होंने कहा की 15 सो पॉलीथिन और 15 सो पैकेट सुखा राशन देने की गुहार लगाई। वहीं एसडीएम ने कहा कि जो पॉलिथीन और सुखा राशन आया है विस्थापित परिवारों के बीच अविलंब वितरण करें उसके बाद जहां जो जरूरत पड़ेगा हर संभव प्रशासन की ओर से मदद की जाएगी। मौके पर बीडीओ राजकुमार चौधरी,बीपीआरओ रूकेया, मुखिया अमर कुमार चौधरी अन्य मौजूद थे।

### 2 सितंबर को श्रद्धांजलि समारोह के लिए की गई एक बैठक



**मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल ।** जिले में नगर परिषद अंतर्गत श्री स्वतंत्रता सेनानी लहटन चौधरी विचार मंच सुपौल की एक बैठक श्रीहरि कीर्तन भवन,थाना रोड सुपौल में दिनांक 27/8/2023 को दोपहर 1:00 बजे श्री ललन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई ,जिसमें महान स्वतंत्रता सेनानी, भूतपूर्व वरिष्ठ मंत्री बिहार सरकार, माननीय लहटन चौधरी जी की 20वीं पूण्य तिथि पर दिनांक 02 सितंबर 2023 को समय 11:00 बजे दिन में पब्लिक लाईब्रेरी एण्ड क्लव , हॉस्पिटल चौक सुपौल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विगत वर्षो की भाँति करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया । सभा में संयोजक उमेश चौधरी, सचिव धर्मदेव चौधरी, संरक्षक-जयप्रकाश चौधरी, रामलखन चौधरी,अमर कुमार चौधरी उर्फ़ भगवान बाबू, भगवान दत्त चौधरी, देव नारायण चौधरी,बच्चा लाल चौधरी,शिव शंकर चौधरी,कंचन कुमार जायसवाल , राम कुमार चौधरी , राजेश कुमार इत्यादि लोग मौजूद थे ।

ज्ञातव्य है कि माननीय लहटन चौधरी जी ने भारत की आज़ादी की लड़ाई में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई । जेल गए, यातनाएँ सहीं ,परन्तु कभी भी उन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत के आगे घुटने नहीं टेके । उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में जन कल्याण हेतु बी.एस.एस.कॉलेज, आई.टी.आई. कॉलेज,जवाहर नवोदय विद्यालय, राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला जैसे संस्थानों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई ।ऐसे महान पुरूष, भारत माता के लाल ,महान स्वतंत्रता सेनानी लहटन चौधरी को सत् सत् नमन ।

## विभिन्न मार्ग में तीन रोड एक्सीडेंट तीन जख्मी, एक रेफर



**जितेन्द्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल ।** जिले में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न विभिन्न मार्ग में रोड एक्सीडेंट में तीन लोग हुए घायल एक रेफर बता दें कि पहली घटना बड़कुरवा पंचायत की है जहां मूसहरणीयँ के समीप अज्ञात बाइक सवार ने पैदल चल रहे हैं एक बुजुर्ग को जोरदार ठोकर मार दिया जहां रोड पर गिरकर बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे स्थानीय लोग एवं परिजनों के द्वारा इलाज के लिए त्रिवेणीगंज अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जख्मी की पहचान हरीनगर वार्ड नंबर 5 निवासी सतनारायण मेहता के रूप में की गई है वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के जरेला की है जहां सिमरिया पंचायत के कुमियाही वार्ड नंबर 11 निवास शंभू पासवान के 18 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार खोडिया मिशन से घर वापस लौट रहे थे की इसी दरमियान जरेला के पास एक महिला रोड क्रॉस कर रहे थे उसी को बचाने के क्रम में बाइक सवार रोड पर गिरकर जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल लाया जहां डॉक्टर की निगरानी में इलाज चल रहा है। वहीं तीसरी घटना डफरखा कोसी कॉलोनी चौक कि है जहां बस से टकराकर एक बाइक सवार गिरकर जख्मी हो गया जानकारी के अनुसार मधेपुरा जिले के के जीवक्षपुर वार्ड नंबर 2 निवासी दिनेश राम का 28 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार अपने ससुराल जदिया थाना क्षेत्र के नंदना वार्ड नंबर 6 से अनुमंडलीय अस्पताल अपने गर्भवती पत्नी को देखने के लिए अस्पताल आ रहे थे की इसी दरमियान डफरखा कोसी कॉलोनी चौक के समीप खरे बस में जाकर ठोकर मार दिया और वह खुद रोड पर गिरकर जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल लाया गया डॉक्टर के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी के आदेश अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सूखा राशन का किया गया वितरण



**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ आपदा के तहत जिलाधिकारी सुपौल के आदेशानुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुखा राहत 4600 और प्लास्टिक 1100 का वितरण किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत दुबियाही, मौजहा, बौरहा, नौआबाखर,किसनपुर उत्तर, परसामाधो,शिवपुरी,किशनपुर दक्षिण में कुल 20 स्थानों पर शिविर के सहायता से ग्रामीणों को खाना खिलाया जा रहा है। लगभग 48396 ग्रामीणों को खाना खिलाया गया। इसके साथ पीएचईडी के द्वारा चापाकाल और शौचालय की व्यवस्था शिविर पर किया गया है और एनडीआरएफ टीम अंचल में प्रतिनियुक्ति गोताखोर और आपदा मित्र के द्वारा लगातार बचाव एवं राहत कार्य किया जा रहा है। साथ ही साथ मेडिकल की टीम भी उक्त शिविर पर उपस्थित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार जिलाधिकारी,अपर समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी के साथ साथ प्रखंड टीम प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी,प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी, के द्वारा बार बार निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में जरूरत के हिसाब से राहत सामग्री या शिविर चालू है।

## शहर में खुलेआम बिक रहा है पॉलिथीन अधिकारी बने हुए हैं मोन



**जितेंद्र कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज,-सुपौल ।** जिले में त्रिबेनीगंज अनुमंडल में प्रतिबंध के बावजूद नगर परिषद बाजार में पॉलीथिन का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है।नगर क्षेत्र में सब्जी, फल, किराना सामान, मांस-मछली, कपड़ा व दवा दुकानदार अन्य व्यवसाय में पॉलिथीन का उपयोग हो रहा है। सहर के हर छोटी बड़ी नदी में फेंके गए पॉलीथिन से कचरा जमा हो गया है, जिससे दुर्गंध उठती रहती है। स्थानीय निवासी सोनू कुमार कहते है कि पॉलीथिन के बढ़ते उपयोग ने पर्यावरण प्रदूषण की भीषण समस्या खड़ी कर दी है। यह खेतों की उर्वरा शक्ति भी नष्ट कर रही है। प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए नगर अधिकारी के साथ-साथ आम जनता को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।कागज, पाट व कपड़े के बने थैले का उपयोग करना चाहिए । फेंके गए पॉलीथिन को खाकर पशु बीमारी के शिकार हो रहे हैं। नाले में पॉलीथिन अटक जाने से हल्की सी बारिश होने के बाद नाला जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। रोहन राज सोनू बताते हैं कि पॉलिथीन के प्रयोग पर अभी अंकुश नहीं लगा तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इस पर रोक लगाने हेतु ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। रमेश कुमार बताते हैं कि राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान में पॉलिथीन को रोकने के भी कारगर प्रयास होने चाहिए। पॉलिथीन के उपयोग न करने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई नियम बनाए गए हैं।भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट निवारण अधिनियम के तहत 40 माइक्रॉन से कम के मानक की थैली पर्यावरण को प्रदूषित करती है। जानकारों का कहना है कि इस पॉलीथीन को रिसाइकल नहीं किया जा सकता है। जिससे यह प्रदूषण का कारण बनती है। सबसे ज्यादा नुकसान आवारा मवेशियों और जीव-जंतुओं को उठाना पड़ता है। पॉलीथिन में खाद्य सामाग्री ले जाने के बाद उसे सड़कों पर फेंक दिया जाता है। जिस वजह से उसे आवारा मवेशी खा लेते हैं। जो कि नुकसानदायक होता है।पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार सरकार ने तो पॉलीथिन पर वर्षों पहले प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन आम लोग अभी तक इसके लिए अनजान है और तैयार नहीं हुए हैं। वे आज भी बिना थैला लिए घर से निकलकर बाजार आ रहे हैं।जबकि होना यह चाहिए कि आम आदमी घर से थैला लेकर आए ।मतलब आमजन को खुद भी अपनी मानसिकता में बदलाव करना होगा। और इसके लिए प्रशासन की ओर से जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। जिस तरह से प्रशासन की ओर पॉलीथिन में सामग्री बेचने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूली हो रही है, उसी तरह पॉलीथिन में सामान की खरीदारी करने वाले उपभोक्ता पर भी जुर्माना का प्रावधान होना चाहिए।

आस्था | बाबा भोले को जल चढ़ाने से भक्तों की सारी मुरादें पूरी हो जाती है

# अंतिम सोमवारी पर कोसी नदी में तकरीबन 2 लाख लोगो ने आस्था की लगाई डुबकी



**डॉ0 विनीत शेखर / दैनिक शुभ भास्कर निर्मली सुपौल ।** जिले के निर्मली प्रखंड में सावन के अंतिम सोमवार के मौके पर कोसी नदी में तकरीबन दो लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाकर जल भरकर विभिन्न शिवालयो पर चढ़ाने के लिए रवाना हो गए। इस दौरान कोसी नदी में बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी, ताकि लोग गहरे पानी में जाकर दुर्घटना का शिकार ना हो जाय। अंतिम सोमवारी को लेकर शिव भक्तों में गजब का उत्साह दिखा गया। सुबह देखते ही देखते एनएच 57 पर तकरीबन 4 किलोमीटर की दूरी तक बाइक, चार चक्का वाहन सहित डीजे का तांता लग गया। जिससे एनएच 57 पर आवाजाही कर रहे वाहन को घंटों जाम में फंसे दिखाई दिया। बता दे कि शिव भक्तों ने कोसी नदी से जल भरकर 4 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर मझारी चौक स्थित बाबा कोशकीनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर मन्नते मांगी। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए मंदिर कमेटी के द्वारा मंदिर में भी ब्रैकेटिंग की गई थी। जहां महिला व पुरुष को अलग-अलग जलाभिषेक करने का व्यवस्था था। एनएच 57 पर पैदल चलने में कांवरियों को किसी प्रकार की कोई समस्या एवं दुर्घटना ना हो इसके लिए लोकल वॉलिंटियर सहित स्थानीय पुलिस की भी तैनाती की गई थी। उधर, कोशी नदी में सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने के लिए सरायगढ़-भपटियाही एवं किशनपुर अंचल की ओर से दो दो मोटर बोट के साथ-साथ आपदा मित्र व एनडीआरएफ की टीम की तैनात की गई थी। बाबा कैशकी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने आए श्रद्धालुओं में विनोद कुमार यादव, भूपेंद्र कुमार आर्य, सरपंच रामानंद यादव, बलराम यादव, भोला यादव, शिव कुमार यादव, सुनील कुमार शर्मा, संतोष कुमार आदि का कहना है कि सच्चे और श्रद्धा मन से बाबा भोले को जल चढ़ाने से भक्तों की सारी मुरादें पूरी हो जाती है। कहा कि बीते 34 वर्षों से कौशकिनाथ मंदिर में जल चढ़ाने की प्रथा चलती आ रही है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कोशी नदी से जल भरकर 4 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करते हुए बाबा कौशकी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करते है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के नगर सहित जरौली, बेला सिंगार मोती, दिघीया आदि में भी शिवालय पर जलाभषेक किया गया।

# रक्षांबधन को लेकर सजी बाजारों में राखी की दुकानें



**अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल ।** जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न बाजारों में रक्षाबंधन से पहले राखियों से पूरा बाजार सज चुका है। तरह-तरह की राखियों को लोग खरीद रहे है। नई किस्म की राखियां बाजार में उपलब्ध है। भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन को लेकर बाजार में रौनक लौटी है। शहर में राखियों का खूबसूरत बाजार सजा है। बाजार में लोग हर तरह के प्रोडेक्ट खरीद रहे है। भाई-बहन के स्नेह का पर्व राखी आने में अब दो दिन बचे हैं। राखी को लेकर बाजार तैयार है। दुकानों में रंग-बिरंगी राखियां सज चुकी हैं। इसके अलावा कई कंपनियों ने भाई-बहनों के मधुर रिश्तों को और प्रगाढ़ करने कई उपहार बाजार में उतारे हैं। इसके अलावा इस त्योहार में चॉकलेट के कई पैक भी बाजार में हैं। जो बहनों के प्यार में मिठास घोलेंगे। दरअसल प्रखंड अंतर्गत पिपरा बाजार, थुमहा बाजार, महेशपुर चौक,निर्मली चौक समेत कई चौक चौराहे में भाइयों की कलाइयों पर बंधने वाली राखियों की दुकानें सज गई हैं। राखियों की खरीददारी भी शुरू हो चुकी है।बाजारों में राखियों की दुकानों पर काफी भीड़ देखी जा सकती है। फिलहाल दुकानों में बहनें अधिक खरीददारी कर रहीं हैं। जिनके भाई बाहर रहते हैं और उन्हें उनके पास राखियां भेजनी हैं। वहीं, इसके अलावा महिलाएं और युवतियां अपने भाइयों की कलाई पर सजाने के लिए आकर्षक डिजाइन की राखियां खरीद रही है। समय के साथ-साथ राखियों की स्टाइल और लुक में भी बदलाव आने लगे हैं। बाजार में इस बार कई नई तरह की राखियों की डिजाइनें आई है।भाई-बहन के अटूट रिश्ते वाला त्योहार रक्षाबंधन,रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्रेम का अटूट पर्व माना जाता है और इस दिन की इंतजार बहन और भाई दोनों को बेसब्री से रहता है। हर बहन चाहती है कि उसके भाई की कलाई में सबसे सुंदर राखी बंधे। इसके लिए बहनें बाजारों में राखियों की खरीदारी करने पहुंचने लगी हैं।जहां बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधेंगी और मुंह मीठा कराएंगी। वहीं, भाई भी उनके लिए कई उपहार देंगे। कई नामी कंपनियों ने चॉकलेट के गिफ्ट और मिठाइयों की पैकेट्स को बाजार में उतारा है। मधुर रिश्ते, स्नेह बंधन, मिठाई बंधन जैसे नाम के पैकेट दुकानों में उपलब्ध हैं। जिसकी कीमत 30 से लेकर 500 रुपये तक है। इसके अलावा भाई अपनी बहनों को अन्य कई उपहार भी देते हैं। ऐसे उपहारों से भी दुकानें सजी हैं।कार्टून कैरेक्टर से सजेंगी नन्ही कलाइयां बाजार में जहां बच्चों के लिए उनकी पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर से बनी राखियां भी आई हैं। वहीं, बड़ों के लिए भी फूलपत्ता, ओंकार, स्वास्तिक और रेशम के धागे, स्टोन की राखियां उपलब्ध हैं। रेशमी धागों के साथ-साथ अब स्टोन वाली राखी, मोतियों की राखी दुकानों में सजी है। नन्ही बहनों को लुभाने के लिए बाल गणेश, छोटा भीम, मिकी माउस, डोनाल्ड डक और अन्य कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां भी दुकानों में सजी हुई हैं।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस ने 20 लीटर देसी महुआ शराब साथ दो कारोबारी को पकड़ा

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ दो कारोबारी को रंगे-हाथों पकड़ लिया । काराकाट थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के हटिया गांव से उपेंद्र प्रसाद एवं दीपु कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर दोनों कारोबारी को 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे-हाथों गिरफ्तार कर लिया गया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया ।

### मां दुर्गा ऊशीना राइस मिल का हुआ भूमि पूजन

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र के निजी ग्राम काराकाट में मां दुर्गा ऊसना राइस मिल का भूमि पूजन एवं संकट को हरने वाले संकट मोचन बजरंगबली के मंदिर का भी भूमि पूजन किया गया। डॉक्टर संजीत ने बताया कि बजरंगबली के कृपा दृष्टि बनी रहे बनी रहे इसलिए हम बजरंगबली के मंदिर का निर्माण कर रहे हैं किया गया। भूमि पूजन संजीत फाउंडेशन के संस्थापक डॉक्टर संजीत कुमार द्वारा संपन्न हुआ भूमि पूजन के उपरांत शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण से माहौल गुंजमान रहा। इस मौके पर दिनेश सिंह, रमाशंकर सिंह, विजय सिंह, बबलू सिंह, सोनू पासवान, पचन सिंह,सोनू सिंह,सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### पुलिस ने धंधेबाज के घर से महुआ शराब किया बरामद

**कोचस (रोहतास)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक शराब कारोबारी के घर छापेमारी कर दो लीटर महुआ शराब को बरामद कर ली है जबकि शराब कारोबारी पुलिस को चकमा दे भागने में कामयाब रहा। इसकी जानकारी देते हुए एस आई भागीरथ कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उक्त गांव में रामजी चौधरी का पुत्र संतोष चौधरी शराब की बिक्री कर रहा है तभी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त गांव में छापरी की जिसमे पुलिस ने शराब कारोबारी के घर से दो लीटर देसी महुआ शराब को बरामद कर लिया जबकि सराब कारोबारी पुलिस को आते देख मौके से नौ दो ग्यारह हो गया। वहीं कोचस पुलिस ने शराब कारोबारी के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

### दहेज हत्याकांड में पुलिस ने सास-ससुर व पति को भेजा जेल

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** कछवां पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में सास , ससुर एवं पति को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के तुलसी टोला निवासी सास मीना देवी , ससुर बसंत गिरी एवं पति सुमंत गिरी को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी के घर से ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार उक्त तीनो आरोपी के विरुद्ध स्थानीय थाना में मृतिका परी देवी के परिजनों के द्वारा सास ,ससुर,पति समेत सात यानी दस लोगों को दहेज हत्या के मामले में आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 111/23 के आलोक में दहेज हत्या का मामला दर्ज था। जिसमें तीन आरोपी सास , ससुर एवं पति को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### कछवां पुलिस ने आपके द्वार कार्यक्रम तहत लोगों की समस्या सुनी

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला एसपी के निर्देशानुसार रविवार को पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत कछवां थाना क्षेत्र में विभिन्न गांवों में थानाध्यक्ष मितेश कुमार,अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार,पीटीसी रामानंद चौहान व अन्य पुलिस बल के द्वारा थाना क्षेत्र के लोगों के घर पहुंच कर पुलिस द्वारा उनकी समस्याओं को सुना तथा उसके निवारण को ले आश्वासन दिया। पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से कहीं न कहीं आम लोग और पुलिस के बीच दूरी कम हो सकती है। लोग बिना झिझक पुलिस के समक्ष अपनी बात रखते नजर आये।पुलिस ने भी शांतिपूर्ण ढंग से लोगों की समस्याओं को सुना जिससे लोगों को भी लगा कि उन्हे अब उचित न्याय मिल पायेगा। लोगों ने बताया कि अगर पुलिस द्वारा इस तरह के सराहनीय कदम उठाए जायेंगे तो इससे लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा साथ ही लोग पुलिस को आसानी के साथ गैर कानूनी अथवा आपराधिक गतिविधियों की सूचना दे सकेंगे। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिक्रमगंज पूर्व डीएसपी राजकुमार भाजपा में हुए शामिल, लोगों में हर्ष



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज के पूर्व डीएसपी राजकुमार सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता गृह राज्यमंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय एवं अन्य भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में ग्रहण कर लिया। जिसको लेकर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शिक्षाविद , राजनीतिक एवं अन्य लोगों में खुशियां की लहर दौड़ गई है। सभी लोगों ने कहा कि भाजपा में आने से भाजपा को और मजबूती प्रदान होगी। खुशियों का इजहार करने वालों में काराकाट विधानसभा के पूर्व विधायक राजेश्वर राज,भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो० डॉ बलिराम मिश्रा , लोकसभा संयोजक नवीन चंद साह,डॉ अमरेंद्र मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मदन वैश्य,व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा सीनेट सदस्य डॉ मनीष रंजन,अखिलेश पांडेय,भाजपा नेता सिकंदर सिंह,राजेश्वर सिंह,मुन्ना पांडेय,ललित मोहन सिंह,भाजपा गोराड़ी मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह सहित वरिष्ठ नेता व पार्टी के सभी सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल है ।

# रंग-बिरंगे राखियों से सज गया बाजार, 31 अगस्त को मनेगा रक्षाबंधन पर्व



**नासरीगंज(रोहतास)।** श्रावण मास के पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाला भाई-बहन का पवित्र पर्व रक्षाबंधन को लेकर सभी बहनों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसे लेकर बाज़ारो में रंग-बिरंगी राखियो से बाजारें सज चुकी है। चौराहों व गलियों के मोड़ पर चमकीली, सजीली राखियां अपनी चमक बिखेरने लगी हैं। राखियों की दुकानों पर महिलाओ व लड़कियों का झुंड उमड़ने लगा है। जड़ी व रेशम की राखियों का इन दिनों बड़ा बाजार काफी मांग है। रेशम के धागे से बनी राखियों पर कलावत्तू अथवा जड़ी की कढ़ाई का फैशन है। वैसे तो यह काफी पुरानी स्टाइल है। लेकिन अब इसे नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। प्रखण्ड के नासरीगंज मेन रोड, पोस्टल रोड, इटिम्हा, अमियावर, कच्छवा, कैथी आदि गांवो में राखियों की फुटपाथी दुकानें भी लगी हुई हैं। वही राखी दुकानदार गोरख प्रसाद व चंद्रकांत कुमार मुन्ना का कहना है कि अच्छी से अच्छी राखियों की अधिक मांग है। ज्यादातर देवी-देवताओ वाले राखियों की डिमांड है। बाजारों में जड़ी राखी की कीमत 10-100 रुपये, गद्दा राखी 12-50 रुपये दर्जन, स्टोन राखी 10-200 रुपये तक, रेशम धागा राखी 10-50 रुपये, कच्चा सुता राखी 2-20 रुपये, ओम राखी व स्वास्तिक राखी 5-40 रुपये, टेड्डी बियर राखी 10-100 रुपया, आरती सेट राखी 60-400 रुपये, लुम्बा राखी 30-300 रुपये तक उपलब्ध हैं। इस पर्व का सभी भाई-बहन को बहुत दिन से इंतज़ार रहता है। इस दिन सभी बहने अपनी भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसकी रक्षा का संकल्प लेती हैं। मिठाई खिलाती है और अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती है। भाई भी अपनी बहनो को रक्षा करने का कसम खाता है। वैसे इस दिन मंदिरो में लोग विशेष पूजा-अर्चना भी करते हैं। यह पर्व गुरु-शिष्य के परम्परा का भी प्रतीक त्योहार भी है। इस पर्व को लेकर अभी से ही मंदिरो के आस-पास साफ़-सफाई भी करा दिया गया है। जगह-जगह प्रशासन भी मुस्तैद रहेगी। बहुत जगहों पर रक्षाबंधन को लेकर मेला भी लगता है।

### केआरपी बैठक में शिक्षा सेवक को दिया गया निर्देश



**नोखा (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में केआरपी राम नारायण की अध्यक्षता में शिक्षा सेवक की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें शिक्षा सेवक उपस्थित रहे। इसकी जानकारी देते हुए केआरपी रामनारायण ने बताया कि सभी शिक्षा सेवा विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं। जिसके तहत लोगों को एक नई जिम्मेदारी भी दी गई है। जो स्कूलों की जांच कर प्रतिवेदन नोखा बीआरसी में जमा करें। जहां पर की इन्हें प्रतिवेदन भरने की जानकारी दिया गया। इस मौके पर राम नारायण राम सहित शिक्षा सेवक उपस्थित थें।

# केविके में मुर्गीपालन बैकयार्ड का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित




**बिक्रमगंज (रोहतास)।** कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के सभागार भवन में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ शोभा रानी की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति उप परियोजना के तहत मुर्गी पालन बैकयार्ड पोल्ट्री विषय पर एकदिवसीय ओंकेंपस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । जिसमें जिला के विभिन्न प्रखंडों से आई हुई 39 महिलाओं ने भाग लिया एवं प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें मुर्गी का चूजा भी उपलब्ध कराया गया। यह चूजे मुर्गी के उन्नत प्रभेद वन राजा एवं सोनाली है। प्रशिक्षण के दौरान डॉ रामाकांत एवं डॉक्टर रतन के द्वारा मुर्गी पालन के विभिन्न पहलुओं पर जैसे खान-पान, रहन-सहन रख-रखाव टीकाकरण एवं जलवायु परिवर्तन की स्थिति में रखे गए विशेष सावधानियां इत्यादि पर विशेष प्रकाश डाला गया। महिलाओं को यह बताया गया कि बैकयार्ड पोल्ट्री के द्वारा वह अपने परिवार के पोषण स्तर को तो ऊंचा कर ही सकती हैं एवं साथ ही आय का एक सहारा भी बना सकते हैं इस कार्यक्रम में सूर्यपुरा, नोखा, संझौली, बिलारी, सासाराम इत्यादि जगह से आई हुई विभिन्न समूह की महिलाओं ने भाग लिया। इनमें मुख्य रूप से सुनैना देवी, रोहिणी देवी ,इंदु देवी,पार्वती कुमारी, लालसा देवी इत्यादि महिलाओं ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

# अंजबीत सिंह महाविद्यालय का मना स्थापना दिवस



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर संस्थापक स्वर्गीय नेपाल सिंह की प्रतिमा पर प्रशासक ने माल्यार्पण कर नमन व वंदन किया। अंजबीत सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रशासक अविनाश कुमार सिंह जो स्थानीय शहर में भूमि सुधार उप समाहर्ता भी हैं, उन्होंने महाविद्यालय के दाता सह संस्थापक स्वर्गीय नेपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन व वंदन किया । इस अवसर महाविद्यालय कर्मी भी उपस्थित थे । प्रशासक ने कहा कि एक किसान परिवार में जन्में स्वर्गीय नेपाल सिंह ने 1957 में महाविद्यालय की स्थापना की जो अपने आप में एक मिशाल के तौर पर सदियों तक याद रखा जाएगा । उस जमाने में ग्रामीण क्षेत्र के लोग पढ़ाई लिखाई के बारे में भी नहीं सोंचते थे । देश 1957 के दस साल पहले यानी 1947 में आजाद हुआ था । गरीबी, अशिक्षा ,भुखमरी विरासत में मिली थी । अंग्रेजों ने देश को खोखला कर दिया था । किन्तु आजादी के दस साल बाद ही ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने के लिए स्वर्गीय सिंह जो शुद्ध रूप से एक किसान के बेटे थे , उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना की । एक किसान द्वारा महाविद्यालय की स्थापना उस जमाने में कोई सोंच भी नही सकता था । लेकिन नेपाल बाबु ने इसको साकार किया । इससे उनके दूरदर्शी सोंच की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम है । आज हजारों लड़के लड़कियां इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं । अनगिनत छात्र छात्राएं यहां से शिक्षा प्राप्त करने के सरकारी और निजी क्षेत्र में काम करते हुए समाज की सेवा में लगे हैं । प्रशासक अविनाश सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से अपील की कि आप प्रतिदिन कॉलेज में आएं और नियमित रूप से क्लास करें । अभिभावकों से भी अपील की वे अपने बच्चों को नियमित रूप से क्लास करने के लिए प्रोत्साहित करें । राजभवन और सरकार के स्तर पर निर्देश दिया गया है कि जिन छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं होगी उन्हें परीक्षा फार्म भरने से रोक दिया जाएगा । सभी विषय में शिक्षक उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों से कहा है कि अगर कोई शिक्षक क्लास नहीं लेते हैं उनके बारे में तत्काल प्रशासक को सूचना दी जाय । वैसे हमारे शिक्षक प्रतिदिन कॉलेज में आते हैं और क्लास लेने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं । उन्होंने कर्मियों को भी कहा कि आप छात्रों के काम का निबटारा करने मे कोताही नहीं करेंगे महाविद्यालय छात्रों के लिए ही बना है। इसलिए उनको कोई परेशानी न हो इसका ख्याल रखा जाय। अंत में प्रशासक ने महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय नेपाल सिंह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वे उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और महाविद्यालय का चतुर्मुखी विकास हो इसकी मंगल कामना की।

### कोचस पुलिस ने युवक का शव बरामद किया



**कोचस (रोहतास)।** कोचस थाना क्षेत्र के वहटूटीया गांव के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर फेंक दिया। जिसमें पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचे शव को अपने कब्जे में ले लिया है।युवक की पहचान ग्राम पानापुर थाना धनसोई जिला बक्सर निवासी विमलेश कुमार उर्फ विक्की कुमार के रूप में हुई है।घटना के बारे में बताया जाता है कि युवक कोचस्प नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में किराए के मकान मे रहकर बच्चों को कोचिंग करता था। युवक रविवार की संध्या मे सब्जी खरीदने रूम से बाहर निकला था। जिसमे युवक वापस नही लौट पाया। सोमवार की अहले सुबह सड़क की तरफ टहलने गए ग्रामीणों ने एक व्यक्ति की शव को सड़क किनारे पड़े देख इसकी सूचना कोचस पुलिस को दी जिसमें पुलिस ने उक्त घटनास्थल पर पहुंच युवक के शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। युवक के पैकेट से एक सुसाइड नोट मिलने की भी पुष्टि हुई है। मृतक के मा ने बताई की मेरे पुत्र का हत्या किया गया है। मोबाइल पर कई बार मेरे पुत्र को जान से मारने की धमकी मिली है। वहीं कोचस थाना अध्यक्ष भागीरथ ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है ,मिला सुसाइड नोट के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत मे ले पुलिस पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस खुलासा कर अग्रिम कार्रवाई करेगी।

### विकास कार्य को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**नोखा (रोहतास)।** प्रखंड मुख्यालय पर विकास कार्य को लेकर विकास मित्र,किसान सलाहकार,पंचायत सेवक साथ बीडीओ ने बैठक की। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के बिशुनपुर टोला में अधूरी विकास कार्य को लेकर विशेष चर्चा करते हुए दिशा निर्देश भी दिया। साथ ही साथ विकास कार्य तहत कार्य योजना टीम जल्द बनाने की बातें कही। वही गांव में फ्री डिस लगाने के लिए निर्देश भी दिया। जिसके लिए विकास मित्र, किसान सलाहकार से ईमेल आईडी की मांग किया। वहीं पर जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर के कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायत सेवक मनोज कुमार, लोहिया स्वच्छता मिशन प्रखंड समन्वयक आलोक आनंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधक मुकेश कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुमार,कृषि विभाग के अशोक कुमार,विकास मित्र, टोला सेवक, किसान सलाहकार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थें।

### प्रधानाध्यापक ने बेरहमी से छात्र को पिटा



**नासरीगंज(रोहतास)।** स्थानीय नगर के वार्ड 9 स्थित कन्या मध्य विधालय की एचएम ने छात्र को बेरहमी से पीटा। उक्त छात्र के पिता नागेंद्र राम ने बीडीओ से न्याय की गुहार लगाई। छात्र के पिता ने बीडीओ से शिकायत करते हुए कहा कि उक्त विधालय की एचएम ने उनके पुत्र उक्त विद्यालय के वर्ग छह का छात्र सिद्धांत कुमार को छड़ी चला कर आंख पर बेरहमी से पीटकर घयाल कर दिया है जिससे उसकी आंख बाल बाल बच गई है।जिसका प्राथमिक उपचार छात्र के पिता ने कराया है। वहीं पीड़ित छात्र समेत अन्य छात्र प्रिंस कुमार, मो० शहबाज, सूरज कुमार,राजनन्दिनी कुमारी ने बताया कि विधालय की एचएम एमडीएम में घटिया भोजन परोसती हैं। चावल में कीड़े होते हैं और मेन्यू के अनुसार एमडीएम नहीं बनाया जाता है। उक्त विद्यालय के कई अभिभावकों ने एचएम के द्वारा विधालय में किसी प्रकार की कार्य के लिए जाने पर दुर्व्यवहार करने की शिकायत किया है। छात्र एवं अभिभावकों के शिकायत पर बीडीओ ने एमडीएम प्रभारी को तलब कर यथाशीघ्र उक्त विधालय में एमडीएम की निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर बीडीओ मो.ज़फ़र इमाम ने बताया कि छात्रों की शिकायत पर उक्त विधालय के एचएम से स्पष्टीकरण मांग कठोर कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने बताया कि उक्त विद्यालय की एचएम की शिकायत अधिक दिनों से मिल रही है। छात्रों को बेरहमी से पिटाई करना शिक्षकों को वर्जित है। शिकायत की जांच की जायेगी जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर बख्शी नहीं जायेंगी विधा लय की एचएम। इस सम्बंध में पूछे जाने पर विधालय की एचएम सह डीडीओ कलावती देवी ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उक्त छात्र को विधालय की दीवार से टकराने से चोट आई है।वह किसी भी जांच के लिए सदैव तैयार हैं।मौके पर एमडीएम प्रभारी माधुरी कुमारी,पूर्व जिला पार्षद अनिल सिंह सहित छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम — सावन के पावन महीने में अंतिम सोमवार को विराट मेले का आयोजन

# अंतिम सोमवार को हजारों की संख्या में कवरिया ने कैलाश गिरी बड़वा पहाड़ी पर जल ढारे



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड अंतर्गत बेलाव थाने के कैलाश गिरी बड़वा पहाड़ी शिव मंदिर समिति नौहट्टा के माध्यम से सावन के पावन महीने में अंतिम सोमवार को विराट मेले का आयोजन। बताते चले की समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अगस्त 2023 को रामपुर प्रखंड से हजारों की संख्या में कांवरिया संघ बक्सर से जल लेकर कैमूर जिले के सवार से नौहट्टा बड़वा पहाड़ी शिव मंदिर पर इस तरह के कड़ाके धूप में पैदल मार्च करते हुए नाचते गाते बोल बम का नारा लगाते हुए शिव जी को जल चढ़ाया। इस अवसर पर लगभग 800 फीट की ऊंचाई पर भव्य मेला का आयोजन हुआ जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष बच्चे नौजवान भाग लिए और शंकर जी के चरणों में माथा टेक कर अपनी मन्नत मांगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सचिव विकास पाल, उपाध्यक्ष अरविंद प्रसाद कोषाध्यक्ष आनंद सिंह, सहित सदस्यों ने मिलकर अहम भूमिका निभाई। साथ हीं बेलाव थाना अध्यक्ष विनय कुमार जी के कुशल नेतृत्व में ए एस आई श्याम सुंदर सर अपने दलबल के साथ शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखने में अपना भरपूर सहयोग दिया।

# सावन के अंतिम सोमवारी पर शिवभक्तों की उमड़ी भीड़



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सावन के पावन महीने के अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । सुबह से ही विभिन्न शिवालयों में शिवभक्त पूजा अर्चना व जलाभिषेक के लिए पंक्तिबद्ध होकर अपनी पारी का इन्तेजार करते दिखे । साथ ही चहुंओर शिव भक्ति धार्मिक गीतों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। विभिन्न शिवालयों में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा। भक्त हर-हर भोले,जय महाकाल और बोलबम के जयकारों से शिवालयों को गुंजायमान कर रहे थे। कई शिव मंदिर में भक्तजन खासकर महिलाओं की इतनी भीड़ थी कि स्थानीय लोगों को भीड़ पर नियंत्रण के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालु बेलपत्र,भांग,धतूरा,जल,दूध आदि लेकर अपने नजदीक के शिवालय पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की । जिसमें युवती और महिलाओं की अधिक संख्या देखी गई है। सावन के अंतिम सोमवारी के दिन अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय प्रखंड के कस्तर महादेव,स्थानीय शहर के आरा रोड शिव मंदिर,सासाराम रोड डीएसपी आवास के समीप अवस्थित शिव मंदिर,नगर परिषद क्षेत्र के धारुपुर वार्ड संख्या 20 एवं 21 के मां काली व शिव मंदिर वही दूसरी ओर काराकाट प्रखंड के मुख्यालय गोराड़ी के बुढ़वा महादेव , बकस बाबा एवं देवमार्कण्डेय शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों में भारी उत्साह देखा गया। सुबह से ही शिवालयों में हर-हर महादेव ॐ नमः शिवाय,जय महाकाल के जयकारे लगाते हुए देखने को मिला। इस दौरान श्रदालुओं ने कहा कि सनातन संस्कृति में सावन महीने का बड़ा ही महत्व है। आज के दिन सभी सनातनी अपने शिवलयों में पहुंच कर भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक करते हुए अपने परिवार समाज राष्ट्र व विश्व के कल्याण के लिए कामना किए।

## ख़ास ख़बर

### भभुआ न्यायलय के एक वारंटी को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**भभुआ कैमुर**। शुभ भास्करभभुआ न्यायलय के एक वारंटी को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल। भभुआ न्यायलय के एक वारंटी को भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल इसकी जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की गुप्त सुचना के आधार पर भभुआ न्यायलय के एक वारंटी ग्राम बल्लीपुर निवासी रामानंद पाण्डेय को भगवानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाई उसके बाद समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### सारंगपुर के विवाहिता हत्या कांड में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल



**दुर्गावती कैमूर, शुभ भास्कर**। दुर्गावती पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक विवाहिता का शव सारंगपुर गांव से बरामद किया था। जिस मामले में मृतिका के पति और परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया था। जिसके बाद घटना की सूचन पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को सदर अस्पताल भभुआ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृत महिला चैनपुर थाना के नीबिया ताड़ गांव निवासी साधु बिंद की पुत्री थी। इस मामले में मृतिका के पिता ने बताया की इसी वर्ष में दुर्गावती थाने के सारंगपुर गांव निवासी प्यारे बिंद के पुत्र अजय बिंद से अपनी पुत्री की शादी की थी ससुराल वालों ने मेरी पुत्री की हत्या करदी। जिस मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही थी और जांच में सही पाए जाने के बाद पुलिस ने अजय बिंद को आखिर कार उसके गांव सारनपुर से गिरफ्तार कर  जेल भेज दिया।

### थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र में चलाया गया वाहन जांच अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के अधौरा प्रखंड क्षेत्र के लोहरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के कोटमडग में थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन जांच अभियान। स्थल पर मौजूद थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा बताया गया, कि वाहन की चोरी वाहन से घटना दुर्घटना एवं अन्य अवैध सामग्रियों की परिचालन पर रोक लगाने के मद्देनजर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। चालकों से वाहन प्रपत्र, चालक प्रपत्र, सीट बेल्ट, हेलमेट जांच के साथ ही अवैध सामग्रियों की जांच किया जा रहा है।

### शराब एवं बनाने वाले को भगवानपुर पुलिस ने गिरफ्तार



**भगवानपुर कैमूर, शुभ भास्कर**। देशी महुआ शराब बना रहे एक व्यक्ति को मकरी खोह जगल के सुआरा नदी के किनारे से 200 लीटर देशी महुआ शराब के साथ भगवानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार इसकी जानकारी थानाध्यक्ष भगवानपुर अनिल प्रसाद ने देते हुए बताया की गुप्त सुचना मिला की मकरी खोह जगल के सुआरा नदी के किनारे एक व्यक्ति देशी महुआ शराब बना रहा है सुचना पाते हीं भगवानपुर पुलिस मकरी खोह जगल के सुआरा नदी के किनारे पहुंची तो देखा की एक व्यक्ति देशी महुआ शराब बना रहा है शराब बना रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया तथा वहां चार प्लास्टिक के गइलन मे 200 सौ लीटर देशी शराब बरामद किया । शराब एवं बनाने वाले को भगवानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाई पूछताछ करने पर पता चला की देशी महुआ शराब बनाने वाला ग्राम हरिपुर थाना भगवानपुर निवासी रामसूरत बिन्द का पुत्र ललई बिन्द बताया ।  जिसका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

# प्रमाण पत्र में समय सीमा के बाहर पाए गए मामलों में कारवाई करने का निर्देश





**भभुआ  कैमुर, शुभ भास्कर**। जिला पदाधिकारी कैमूर  सावन कुमार के द्वारा जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक सोमवारीय बैठक की गई एवं आवश्यक निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन विभाग से संबंधित समीक्षा के क्रम में फार्म 6, फॉर्म 7, फार्म 8 की समीक्षा किया गया एवं लंबित सभी फॉर्म को निष्पादन करने हेतु ERO को निर्देशित किया गया एवं प्रतिदिन इलेक्शन के कार्यों पर कुछ  समय देने के लिए ERO को निर्देशित किया गया राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा ऑनलाइन दाखिल खारिज/ ऑनलाइन परिमार्जन/ अतिक्रमण वाद /मुख्यमंत्री जनता दरबार/ सीएम पोर्टल /पीएम पोर्टल पर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु सभी संबंधितों को निर्देशित किया गया।  बंदोबस्त कार्यालय की समीक्षा के क्रम में बंदोबस्त अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रपत्र-5 के लेखन से संबंधित कुल राजस्व ग्रामों की संख्या 1700 है, जिसमें से 424 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र-5 का लेखन किया जा चुका है । शेष मामलों में अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रपत्र-5 का लेखन कराया जाएगा। जिला पदाधिकारी  द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को बंदोबस्त पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक सप्ताह कम से कम 50 मौजों का प्रपत्र-5 का लेखन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पीएम डैशबोर्ड एवं सीएम डैशबोर्ड पर लंबित मामलों को विशेष ध्यान देकर सभी कार्यालय प्रधान त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि "जनता के दरबार में मुख्यमंत्री" पोर्टल से 463 आवेदन प्राप्त हुए हैं , जिसमें से 437 आवेदनों को निष्पादित कराया जा चुका है। अभी भी 26 आवेदन निष्पादन हेतु लंबित हैं। जिला पदाधिकारी  द्वारा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी  द्वारा लोक सेवाओं का अधिकार अंतर्गत जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं  जाति प्रमाण पत्र में समय सीमा के बाहर (एक्सपायर्ड) पाए गए मामलों में नियमानुसार कारवाई कारवाई करने का निर्देशित किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सभी विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने कार्यालय अंतर्गत लंबित सीडब्ल्यूजेसी/एमजेसी/एलपीए इत्यादि से संबंधित मामलों में शीघ्र माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रति शपथ पत्र दायर करना सुनिश्चित किया जाए। सबसे अधिक लंबित मामले मोहनिया अंचल कार्यालय में 10 है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सीएमआर अधिप्राप्ति की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अब तक 97% सीएमआर प्राप्त किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी  द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को ससमय सीएमआर जमा कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गोदाम निर्माण के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया ,निर्माण अधीन गोदाम की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया सामाजिक सुरक्षा शाखा के समीक्षा के क्रम में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन की योजनाओं में लंबित मामलों को तत्काल निष्पादित करने हेतु सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को निर्देशित किया गया। जीवन प्रमाणीकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया  जिला पदाधिकारी  द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। मद्य निषेध विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग से संबंध स्थापित कर निरंतर छापेमारी करने एवं चेकपोस्ट का सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने हेतु एक्साइज सुपरिटेंडेंट को निर्देशित किया गया। साथ ही जिला पदाधिकारी  द्वारा उत्पाद अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि पकड़ी गई शराब के विनष्टीकरण की प्रक्रिया आदेश लेकर तत्काल कराना सुनिश्चित करें और ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेक पोस्ट पर जांच को बढ़ाएं। साथ ही पकड़े गए वाहनों की नीलामी हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## तीन मोटरसाइकिल बरामद दो चोर गिरफ्तार और भी भेद खुलने की उम्मीद





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा दो, चोरों को गिरफ्त में लेकर अभी तक तीन मोटरसाइकिल बरामद करते हुए, अनुसंधान जारी है, चोरों से और भी भेद खुलने की है उम्मीद। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रशासन द्वारा वाहन चोरी व वाहन की घटना दुर्घटना की रोकथाम के मद्देनजर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। जिस क्रम में मोटरसाइकिल का नंबर प्लेट संदीग्ध होने की आशंका के तहत चालक को गिरफ्त में लिया गया। चालक से जांच पड़ताल के क्रम में मालूम पड़ा की उक्त मोटरसाइकिल चोरी का है। प्रशासन द्वारा अनुसंधान के क्रम में गिरफ्तार अपराधी के शिनाख्त पर शनिवार देर रात तक एक अन्य मोटरसाइकिल के साथ एक और अपराधी को गिरफ्तार किया गया। प्रशासन द्वारा दूसरे आरोपी से पूछताछ के क्रम में रविवार के दिन आरोपीयों के शिनाख्त पर एक और मोटरसाइकिल बरामद किया गया। थाना प्रशासन को अपराधियों से अभी और भी भेद खुलने की उम्मीदों के साथ अनुसंधान जारी है।

## मेजर द्वारा स्थान में नए थाना निर्माण हेतु भूमि स्थल का किया गया निरीक्षण





**दैनिक भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के अधौरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्थन में नए पुलिस थाना निर्माण हेतु मेजर द्वारा स्थल का किया गया निरीक्षण। संदर्भ में जानकारी देते हुए लोहरा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम ने जानकारी देते हुए बताया, कि स्थानीय लोगों की सुरक्षा की दृष्टिकोण के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र में नए थाने का निर्माण होना है जिसके लिए स्थान एवं सारोदाग में मेजर मनोज कुमार के द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। आगे उनके द्वारा बताया गया कि नए पुलिस थाना निर्माण हेतु 30 अगस्त को भूमि पूजन किया जाएगा, जिसमें जिला पदाधिकारी एवं जिला पुलिस पदाधिकारी महोदय को आने की संभावना है।

## राशन कार्डों का जांच कर विभागीय नियमानुसार राशन कार्ड में सुधार करने एवं मृत व्यक्ति का नाम डिलीट करावाना सुनिश्चित करेंगे



**शुभ भास्कर, कैमूर**। 28/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर  सावन कुमार के द्वारा आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई एवं आवश्यक  निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि खदान उठाव का कार्य काफी धीमी गति से हो रहा है जिसके वजह से वितरण प्रभावित हो रहा है इस संबंध में dmsfc को अधिक संख्या में गाड़ी बढ़ाने एवं खाद्यान्न उठाव में तेजी लाने का निर्देश दिया गया MO को विभागीय निर्देश के आलोक में प्रति माह जन वितरण प्रणाली केंद्र की जांच करने एवं जांच के समय लाभुक को निर्धारित मात्रा के अनुसार खाद्यान्न मिल रहा है कि नहीं के संबंध में वीडियोग्राफी कराते हुए जांच करने हेतु दिया गया निर्देश। जिला पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, भभुआ/ मोहनिया को निर्देशित किया गया कि राशन कार्डों का जांच कर विभागीय नियमानुसार राशन कार्ड में सुधार करने एवं मृत व्यक्ति का नाम डिलीट करावाना सुनिश्चित करेंगे। नए राशन कार्ड बनाने हेतु लंबित आवेदनों को त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दोनों अनुमंडल पदाधिकारी ,सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### शराब मामले में फरार चल रहे अभीयुक्त को घर से गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**दुर्गावती कैमुर, शुभ भास्कर**। दुर्गावती की पुलिस ने शराब चेकिंग के दौरान किसी तरह से बच कर निकल कर भागने वाले अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार शराब के खिलाफ दुर्गावती पुलिस अभियान चला रही थी उसी वक्त कीसी तरह से  बचकर भागने में अभियुक्त सफल रहा। जिस मामले में कांड संख्या 73/019 को दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान कर रही थी उसके बाद भागने वालेअभियुक्त का पता चला। जिसकी दुर्गावती पुलिस को लंबे समय तक  इंतजार थी । आखिरकार पुलिस में मोनू कुमार शाह ग्राम जहानाबाद थाना कुदरा जिला कैमूर को उसके घर से गिरफ्तार करें जेल भेज दिया।

### खटखरी गांव में डीलर द्वारा राशन नहीं देने पर ग्रामीणों ने आवेदन देने पहुंचे डीएम कार्यालय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं**। भभुआं खटखरी गांव में डीलर द्वारा राशन नहीं देने पर ग्रामीणों ने आवेदन देने डीएम कार्यालय पहुंचे हुए हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि खटकरी गांव के ही जन वितरण प्रणाली दुकान पर तकबीर अंसारी द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है ग्रामीण जनता का कहना है कि 12 माह में 6 मा का राशन मिलता है 6 माह का राशन डीलर द्वारा नहीं दिया जाता है। जब डीलर से शिकायत किया जाता है तो उसके द्वारा जवाब दिया जाता है कि सरकार द्वारा हमें राशन नहीं मिलती है। उसी के एवज सभी ग्रामीण जनता ने आवेदन देने डीएम कार्यालय पहुंचे हुए हैं ताकि मामले की जांच कर कारवाई किया जा सके जिसको लेकर ग्रामीण जनता ने डीएम के कार्यालय आवेदन देने पहुंचे हैं।

### चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो चोर गिरफ्तार भेजे गए जेल





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। थाना अध्यक्ष संजय कुमार से मेरी जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के चीलबीली गांव से चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए अपराधी के शिनाख्त पर दूसरे आरोपी को एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी राजकुमार बिन्द उर्फ नगवा पिता शंकर बिन्द, पवन मुखिया पिता श्री लाल मुखिया दोनों चिलबिली गांव के निवासी हैं। आरोपियों को स्वास्थ्य जांच के उपरांत सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### शराब पीने की जुर्म में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना प्रशासन द्वारा, थाना क्षेत्र के कोटमडग गांव से नशे के हालात में हंगामा कर रहे एक आरोपी को थाना प्रशासन ने किया गिरफ्तार। थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम से मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों को संकल्पित भाव से पालन करते हुए नशा व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अन्य अवैध सामग्रियों की भी जांच लगातार किया जा रहा है। जिस क्रम में थाना क्षेत्र के कोटमडग गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे शराबी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी बिगन सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष पिता खोटिला सिंह थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटमडग गांव का निवासी बताया जा रहा है।

आस्था

यहां जो लोग पूजा कर मागन मांगते हैं उनका भगवान शिव पूरा किया करते हैं- प्रधान पुजारी

# सावन के अंतिम सोमरी में फूल और तुलसी से सजा हजारिया महादेव का मंदिर









**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**। यह चैनपुर विधान सभा के कैमूर जिला भगवानपुर प्रखण्ड के  सरैया पंचायत अंतर्गत उमापुर गांव में स्थित है प्राचीन मंदिर माता मुंडेश्वरी से पूरब भगवानपुर रोड में एक किलोमीटर की दूरी पर उमापुर गांव में अद्भुत शिवा मूर्ति जो 1001 लिंग के 6 फीट की विशाल मूर्ति जो की 4 फीट ऊपर 2 फीट अंदर गहराइयों में यह मंदिर है।  यहा तीन मन्दिर की सजावट भगवान शिव माता पार्वती और बाजरगबली इन सभी मंदिरों की सजावट का खर्ज पूर्व ईट भट्टा मालिक के बेटे नागेश दुबे ने देकर भगवानपुर के मसहुर सजावट संचालक धूरा माली से मन्दिर का सजावट कराया गया सूत्रों से जानकारी मिल की यह मंदिर शिवलिंग बहुत ही पुराना है। वही इस मंदिर के प्रधान पुजारी संजय मिश्रा ने बताया कि यहां जो लोग श्रद्धा से पूजा कर मागन मांगते हैं उनका मागन भगवान शिव पूरा किया करते हैं । 2017 में भगवानपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार सिंह मौर्य ने भगवान शिव का हर सप्ताह में पूजा किया करते थे और इस मंदिर में विकास के लिए बहुत ही बड़ा योगदान रहा है उन्होंने अपने स्तर से चंदा कटवा कटवा कर भगवान शिव के यहां टाइल्स लगवाएं और मंदिर में दान पेटी भी लगवाए थे वही इस मंदिर में उमापुर गांव के अरुण कुमार सिंह ऋष्वदेव देव सिंह अलियारु सिंह उर्फ सत्येंद्र कुमार सिंह लोगों के देखरेख में मंदिर का विकास हुआ एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है ।आज दर्शन के लिए कैमूर रोहतास से लेकर उत्तर प्रदेश के बनारस से भी लोग यहां आकर भगवान शिव का से आशीर्वाद लेते हैं।

# आदिवासी वनवासी सेवा केंद्र द्वारा पर्यटक स्थलों पर चलाया गया स्वच्छता अभियान






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं (कैमूर)**। भभुआं,आदिवासी वनवासी सेवा केंद्र द्वारा पर्यटक स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाया गया है। जिस पर जानकारी देते हुए संस्था के सचिव शाहनवाज मंजर ने बताया कि पर्यटक स्थल पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत करकट गढ़ चलप्रपात से की गई है। आगे संस्था द्वारा जिले में जितने भी पर्यटक स्थल हैं वहां पर अपने वोलंटियर के माध्यम से साफ सफाई करने का निरंतर कार्य करेगी। जो कुड़ा कचरा हमारे जलीय एवं थलीय जीवों को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे बचाव के लिए पर्यटक स्थलों पर साफ सफाई का अभियान जारी रहेगा। ताकि पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है जो पर्यावरण को बचाने की दिशा में प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करना होगा जिसको लेकर समाज में लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। इसके साथ ही जो भी लोग पर्यटक स्थल पर घूमने के लिए आते हैं झरने के आसपास थर्माकोल के बर्तन एवं प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जाए ताकि हमारे पर्यटक स्थल स्वच्छ एवं सुंदर रहे। इस कार्यक्रम में फरहान अली मासूम जमाल शाहिद अली शाहबाज खान लोकेश पाल शुभम कुमार रिजवान इद्रीसी आकाश कुमार रौनक कुमार हम्जा रिजवी गोरख एवं वोलंटियर उपस्थित थे।

# खास ख़बर

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना को लेकर चर्चा

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के देवा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेशीय की प्राथमिक शिक्षक संघ जखनियां ब्लाक के शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष हरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जो शिक्षकों का महत्वपूर्ण अधिकार है उसे वंचित रखा गया। जिससे शिक्षक अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिस कर्मचारी के पास पुरानी पेंशन है उसकी बुढ़ापा मरते दम तक अच्छी तरीके से कट जाती है। साथ ही पुरानी पेंशन,कैसलैश वी सुविधा,सामुहिक बीमा दस लाख,राज्य कर्मचारी भर्ती दर्जा,मृतक आश्रित के योग्यता के अनुसार नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर चार सितंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएंगे।जिसमे जखनियां ब्लॉक से डेढ़ सौ शिक्षक लेगे भाग।इस मौके पर पुरन मल करून,राकेश सिंह,राकेश यादव,राजेश यादव, दुईज राम,ओमकार तिवारी,संतोष गुप्ता,नीतीश राय,राजेंद्र राम,रामसमुझ गिरी,अजय कुमार मौर्य,मनोज चौहान,अमित यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शादियाबाद थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय को एकल विद्यालय के संचालिकाओं ने बांधी राखी



**अंकित दुबे शादियाबाद**। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा संचालित एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संचल सैदपुर संच मौधिया के संच प्रमुख सावित्री देवी ने अपनी पूरी संच मौधिया की संचालिकाओं के द्वारा थानाध्यक्ष शादियाबाद सत्येंद्र कुमार राय को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई इस कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष महोदय के द्वारा एक बड़े भाई के रूप में शुभकामनाएं दिए और रक्षाबंधन की बधाई भी दिए। संचल मौधिया की सभी सहायिकाओं ने एकत्र होकर थाना,और तहसील में राखी बांधा। कार्यक्रम में उपस्थित नीलम सिंह , पूनम राय, शशि कला, रीता यादव, लालसा देवी, व अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद थानाध्यक्ष ने सबका धन्यवाद किए। सभी संचालिकाओं ने बहुत खुश होकर के बधाई दिया।

## दो सौ बारह पाउच देशी ट्रेटा पैक शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, ब्यूरो पुनित त्रिपाठी, गाज़ीपुर**। अपराधियों/वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत भांवरकोल थाना पुलिस द्वारा 212 पाउच देशी ट्रेटा पैक शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने क्षेत्र के ग्राम लोहारपुर से अभियुक्त जितेन्द्र चन्द्रदीप गौड़ पुत्र चन्द्रदीप गौड़ निवासी ग्राम लोहारपुर थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर को उसके डेरे के पास से बिक्री हेतु झाडियों में रखे गये 212 पाउच देशी ट्रेटा पैक शराब* के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक रामअजोर यादव, मुख्य आरक्षी श्रीप्रकाश यादव, आरक्षी आकाश कुमार, सन्तोष कुमार व शुभम कुमार शामिल रहे।

## मुख्तार समेत तीन गिरफ्तार, दो फरार



**दैनिक शुभ भास्कर , ब्यूरो पुनित त्रिपाठी, गाजीपुर**। शहर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गोकशी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से गौमांस, गौवंशीय चर्बी, गोवंशीय व पड़वा की खाल, अर्ध कटा मृत गोवंश, जीवित गोवंश, जीवित पड़वा, कुल्हाड़ी, चापड़, लोहे की चाकू, लकड़ी का ठीहा, बाट, तराजू, मोटर साइकिल, नगद रुपए एवं गोमांश बरामद हुआ। सोमवार को थाना कोतवाली कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह व स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली के सराय जेर किला क्षेत्र से तीन अभियुक्त शकील कुरैशी उर्फ मुन्ना पुत्र अब्दुल जलील निवासी सराय गली जेर किला थाना कोतवाली, मुख्तार कुरैशी पुत्र अब्दुल जलील निवासी सराय गली जेर किला थाना कोतवाली एवं शाद शेख उर्फ लक्की पुत्र शमीम शेख निवासी गोराबाजार थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3 कुन्तल गौमांस, 1 कुन्तल गौवंशीय चर्बी, 170 गोवंशीय व पड़वा की खाल, 1 अर्ध कटा मृत गोवंश, 3 जीवित गोवंश, 9 जीवित पड़वा, 2 कुल्हाड़ी, 2 चापड़, 4 लोहे की चाकू, 5 लकड़ी का ठीहा, 8 बाट, 2 तराजू, 1 मोटर साइकिल एवं गोमांश बिक्री के 1200 रूपये नगद बरामद हुआ। गिरफ्तारी के दौरान शेष अभियुक्त मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरार अभियुक्त में चेलाल कुरैशी पुत्र मुख्तार कुरैशी निवासी सरायगली जेर किला थाना कोतवाली तथा इब्राहिम पुत्र अन्तू निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली शामिल रहे।

# द हीरो, वीर अब्दुल हमीद गांव आकर धन्य हो गया,विधायक डा.सुनील पटेल



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय जखनियां गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धामूपुर स्थित परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद पार्क आकर धन्य हो गया। उक्त बातें वाराणसी रोहनिया अपना दल यस विधायक डॉ सुनील पटेल आज दोपहर 2:00 बजे अपने काफिला के साथ गोरखपुर जाते वक्त अब्दुल हमीद का जैसे पता चला तत्काल उन्होंने अपना काफिला गाजीपुर सैनिक चौराहा से मोड़ कर सीधे हमीद पार्क पहुंचे। वहां पहुंचकर वीर अब्दुल हमीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उनके बड़े पुत्र जैनुल हसन को पगड़ी बांधकर हौसला बढ़ाएं। तथा शहीद पार्क का बकाया निरीक्षण किए। इस मौके पर पत्रकार वार्ता में विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने कहा कि परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद पूरे दुनिया में विश्व विख्यात है ।इनके पार्क में आकर धन्य हो गया। शहीद वीर अब्दुल हमीद का 10 सितंबर को शहादत दिवस मनाई जाती है ।उसमें भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे हो सकता है तो अपना दल एस के मुखिया अनुप्रिया पटेल भी आ सकती है। उन्होंने कहा कि सन 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान का पैटर्न टैंक को शहीद वीर अब्दुल हमीद ने आरसीएल गन से कई पैटर्न टैंक को तोड़ दिया ।जिससे युद्ध का पासा पलट गया। पाकिस्तान की बुरी तरह से हार हुई। ऐसे वीर योद्धा को हर लोगों को सलाम करना चाहिए। इस मौके पर महेंद्र प्रसाद पटेल ब्लॉक प्रमुख आराजी लाइन वाराणसी, डॉक्टर नरेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष वाराणसी, श्याम बली पटेल जिला महासचिव,लल्लन प्रसाद गुप्ता जिला अध्यक्ष गाज़ीपुर ,वीर अब्दुल हमीद के पुत्र जैनुल हसन, परवेज आलम, संजीत प्रजापति, एसटी श्रवण सिंह, विनोद पटेल, मोहम्मद नरवर आदि लोग उपस्थित रहे।

# समस्याओं को लेकर छात्र नेताओं ने दिया अल्टीमेटम





**दैनिक शुभ भास्कर , ब्यूरो पुनित त्रिपाठी गाजीपुर**। पीजी कॉलेज के छात्र नेताओं ने छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर प्रबंधक के नाम संबोधित पत्रक चीफ प्राक्टर डॉ परिहार सिंह को सौंपा। छात्र नेताओं ने कहा कि महाविद्यालय प्रांगण में छात्र और छात्राओं के लिए कैंटिन कि सुविधा उपलब्ध है परन्तु कैंटिन बंद रहने से छात्र-छात्राओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं में आक्रोश व्याप्त है यथा शीघ्र एक सप्ताह के अंदर संसाधन से युक्त कैंटिन को छात्र-छात्राओं के लिए नहीं खोला गया तो हम सभी छात्र-छात्रायें धरना प्रदर्शन पर बैठने को बाध्य होंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होंगी। पत्रक सौंपने में रिमा सिंह, अनुष्का सिंह, कृति राय,चन्द्रकला कुमारी, अर्चना छात्र नेता अभिषेक चौरसिया, शैलेश यादव, प्रिंस प्रजापति, ईश्वर यादव, विकाश यादव , राहुल,अंकित यादव , कृष्णा यादव, सुजल मौर्य, अंकित यादव, सुनील प्रजापति इत्यादि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# श्रावण की अंतिम सोमवारी को हुआ शिवलिंग की स्थापना



**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर अररिया, निज प्रतिनिधि**। शहर के जयप्रकाशनगर मोहल्ला स्थित श्री श्री 108 सार्वजनिक शिव मंदिर में शिवलिंग स्थापना को लेकर हर्ष उल्लास के साथ रविवार से ही चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुका है। सोमवार को अनुष्ठान के द्वितीय दिन पूरे विधि-विधान के साथ शिवलिंग की स्थापना के साथ मानस पाठ का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। श्रावन के अंतिम एवं महा सोमवारी को शिवलिंग की स्थापना के साथ मंदिर का भी सर्वसम्मति से नामकरण किया गया। मंदिर सोमेश्वर शिव मंदिर के नाम से जाना जायेगा एवं मंगलवार से अखंड हर भोला हर भोला संकीर्तन शुरू होगा। इसके बाद मंदिर पूजन महाष्ट्याम और हवन पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। वहीं श्रद्धालुओं काफी खुशी तमा हाल दिखा गया एवं वहां पर मंदिर नहीं था और मंदिर होने के कारण सभी काफी खुश नजर आए वही इस मौके पर 27/ 8 /2023 को कलश यात्रा जयप्रकाश नगर वार्ड नंबर 7 से प्रस्थान कर बस स्टैंड होते हुए तिर्चुलिया घाट पर जल भरकर गोड़ी चौक होते हुए वापस जयप्रकाश नगर शिवलिंग मंदिर में संपन्न हुआ इस मौके पर अध्यक्ष काशी नाथ यादव, जितेंद्र कुमार ऊर्फ गुड्डु मेहता, जय कुमार मेहता, चंदन कुमार ठाकुर, प्रेम कुमार प्रेम, मिथिलेश मनमोहक, चंदन विश्वास, प्रशांत कुमार, चंदन कुमार, रंधीर कुमार कर्ण ऊर्फ बिरु, मिथिलेश यादव, रुपा देवी, अनुपा देवी, रिंकी देवी सहीत दर्जनों कार्यकर्ता एवं भक्तजन मौजूद थे। मंदिर निर्माण में मुख्य भूमिका शिवशंकर पासवान एवं अंजू देवी का है।

# मतदान केंटो के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने से संबंधित बैठक



**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर** । समाहरणालय अररिया स्थित आत्मन सभाकक्ष में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी, अररिया, श्रीमती इनायत खान की अध्यक्षता में सभी मान्यताप्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों के प्रस्तावित सूची को अंतिम रूप दिए जाने से संबंधित बैठक आहूत की गई। प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची को अंतिम रूप देने के पश्चात प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 04 सितम्बर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार पटना को भेजा जाना है। विदित हों कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मतदान केन्द्रों के संदर्भ में युक्तिकरण/संशोधन की कार्रवाई की जानी है। अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन दिनांक-17.10.2023 को होना निर्धारित है। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अररिया लोकसभा अन्तर्गत कुल-1990 मतदान केन्द्र अधिसूचित हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक 1500 से अधिक मतदाता होने की स्थिति में नए मतदान केन्द्रों का प्रस्ताव निर्वाचन आयोग को भेजा जाना है। बताया गया कि दावा/आपत्ति की अवधि (10 अगस्त से 19 अगस्त, 2023) के बीच प्राप्त दावा/आपत्तियों की जॉच संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से अभिलेखबद्ध करते हुए निष्पादित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनैतिक दल के उपस्थित प्रतिनिधियों के साथ प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु भेजे जाने की जानकारी दी गयी एवं प्रस्तावित मतदान केंद्रों की सूची पर विचार विमर्श की गया। उन्होंने कहा कि सभी माननीय द्वारा दिए गए सुझाव एवं दावा आपत्ति का जांचोपरांत ही प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री अविनाष कृष्ण द्वारा पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, अररिया/फारबिसगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया/फारबिसगंज-सह-सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा राजनैतिक दल के प्रतिनिधिगण एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## नदी में बढ़े जलस्तर के कारण नदी पर बना चचरी बहा, वैकल्पिक तरीके से नदी पार करने को मजबूर लोग



**छातापुर सुपौल** । छातापुर प्रखंड क्षेत्र में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण जहां जन जीवन काफी प्रभावित रहा | लोगों को जहां बारिश के कारण दैनिक कार्यों को करने में परेशानी हुई | वही कई सड़कों की स्थिति जलमग्न हो गयी | वही लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के कारण छातापुर प्रखंड क्षेत्र के सुरसर, गेरा और मिरचैया नदी में उफान आ गया है | इसको लेकर छातापुर प्रखंड के लालगंज पंचायत के परियाही गांव के गेरा नदी नदी में बढ़े जलस्तर के कारण नदी पर बना चचरी बीते दो दिन पूर्व ही बह गया है। जिसको लेकर वैकल्पिक तरीके से ड्राम की नाव बनाकर जान जोखिम में डालकर जैसे तैसे नदी पार करने को स्थानीय लोग मजबूर है। लेकिन दो दिन बीतने के बाद यहां के प्रशासन बेखबर बने हुए है। इसकी जानकारी देते हुए स्थानीय संजय कुमार ने बताया की लगातार बारिश के कारण नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण गांव के नदी के चचरी बह गया है। जिस कारण गांव के लोगों को हाट बाजार आने हेतु वैकल्पिक तरीके से बना ड्राम की नाव से आना जाना पड़ता है। लेकिन अब तक नाव की व्यवस्था नही की गई है।

## लालगंज में दो घरों से लाखों मूल्य के जेवरात व अन्य सामग्री चुरा ले गये चोर




**छातापुर सुपौल**। लालगंज में दो घरों से लाखों मूल्य के जेवरात व अन्य सामग्री चुरा ले गये चोर जानकारी अनुसार थानाक्षेत्र के लालगंज वार्ड संख्या 13 में शुक्रवार की रात दो घरों में चोरी की बडी वारदात को अंजाम दिया गया, जहां लाखों मूल्य के जेवरात सहित किमती सामानों की चोरी हुई है, घटना को लेकर दोनों गृहस्वामी के द्वारा थाना को आवेदन देकर घटना का उद्भेदन व चोरी गए संपत्ति के बरामदगी की गुहार लगाई गई है, पहली घटना उदयकांत ठाकुर के घर हुई, जहां से सोना व चांदी के आभूषण सहित करीब तीन लाख की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया, वहीं दूसरी घटना शिवशंकर झा के घर हुई, जहां जेवरात, नगदी सहित दो लाख की संपत्ति चोरी हुई है।

## युवक की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे एसपी, घटनास्थल का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी , नंदगज** । थाना के वाराणसी गोरखपुर हाइवे के धामूपुर गांव के समीप सोमवार को दिन में 11 बजे स्कार्पियो से एक लड़की समेत तीन सवार वाराणसी के तरफ से आ रहे थे।स्कार्पियो चालक से किसी बात को लेकर गाड़ी में सवार युवक से कहासुनी होने लगी इसी बात को लेकर चालक ने गाड़ी से उतरकर युवक के ऊपर रॉड से मार कर मौत के घाट उतार दिया।खेत में काम कर रहे आसपास के लोगो ने मौके आरोपी युवक पकड़ लिया और धुनाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।और लड़की मौके से फरार हो गई।पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायल युवक और स्कार्पियो को लेकर थाने आई। थाना भांवरकोल के तराव गांव निवासी मनीष यादव (25) पुत्र गुलाब यादव के साथ एक युवक और एक युवती सोमवार को स्कार्पियो गाड़ी वाराणसी से गाजीपुर की तरफ जा रहे थे कि धामूपुर हाइवे के समीप गाड़ी रोककर मनीष और गोशंदेपुर थाना करंडा गांव निवासी राजेश यादव पुत्र इंद्रजीत यादव आपस मे मारपीट करने लगे राजेश यादव ने गाड़ी के अंदर रखा लोहे के राड से पीटने लगा मनीष के सर में गम्भीर चोट लगने से उसकी मौत हो गयी । आसपास के ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़कर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया । मौके से युवती भी फरार हो गयी । पुलिस ने स्कार्पियो और पकड़े गए युवक राजेश से पूछताछ में पुलिस से बताया कि मोहम्दाबाद थाना के एक गांव निवासी युवती से पहले मनीष का सम्बंध था । पिछले 6 माह से मुझसे सम्बंध था हम दोनों के बीच मनीष रोड़ा बनता था जिससे हम दोनों ने मिलकर रास्ते से हटाना चाहते थे । फिर हम दोनों ने मिलकर प्लान बनाकर उस को वाराणसी बुलाया और अपने स्कार्पियो में बैठा कर गाजीपुर की तरफ जाने लगा वही नंदगज के धामूपुर के समीप मनीष ने गाड़ी को रूकवाया और कहा कि मुझे लघुशंका लगी है उसी दौरान मौका पाकर मैन गाड़ी में रखा लोहे के राड से हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गयी । इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मृतक के चाचा राजेश यादव ने एक युवती सहित दो लोगो के खिलाफ तहरीर दी है ।

**पीड़िता** दो दिनों के बारिश से खरादी मुहल्ला में कई घरों के अंदर 2 से 3 फीट पानी बरकरार है

# अंचलाधिकारी के अनुपस्थिति को लेकर जल जमाव पीड़िता लोगों को निराश होकर घर आना पड़ा



**दैनिक शुभ भास्कर फिरदौस अहमद भागलपुर/जगदीशपुर** । प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी दक्षिणी जो मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है और यह वर्ष 1990 से लेकर कई वर्षों तक प्राकृतिक मार और भीषण बाढ़ के चपेट में इलाके का कमर तोड़ दिया है खरादी मोहल्ला पुरैनी नव निर्माण नाला एवं सफाई के नाम पर 20 से 25 लाख रुपए कागज पर ही बनकर अपना दम तोड़ दिया। दो दिनों के बारिश से खरादी मुहल्ला में कई घरों के अंदर 2 से 3 फीट पानी बरकरार है यह जल जमाव 22 मोहल्ले की निकासी इसी खरादी मोहल्ला होकर ही निकासी का एकमात्र साधन है जो अतिक्रमणकारियों द्वारा पूरी तरह से किराए पर दुकान लगाकर चांदी काट रहा है आखिर ऐसी दुर्दशा का जिम्मेदार कौन चुनाव के समय में हर वादे किए जाते उसके बाद भूल जाते हैं। यूको बैंक मुख्य मार्ग से होते हुए मोमिन टोला सड़क अतिक्रमणकारियों द्वारा नाले निकासी को बन्द कर दुकान जूता चप्पल गोदरेज अलमारी एवं अने को प्रकार की किराए पर लगाकर अपने फायदे के चक्कर में पुरे पंचायत को नर्क में धकेल दिया है जिला पार्षद हासिम दिलकश उर्फ गुलजार एवं पुरैनी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सहवाज साहब नाले निकासी और वर्षा के जल जमाव को लेकर कहां के दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि को आगे आना होगा तभी अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी।मुखिया का कहना है खजाना खाली है ऐसे में कोई भी कार्य कर पाना संभव नहीं है प्रखंड विकास पदाधिकारी का कहना है कि हम सभी प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ अमीन द्वारा नापी कराकर अतिक्रमण से अस्थाई समस्या का समाधान करेंगे एक भी दुकान मकान अतिक्रमण वाले जमीन पर नहीं रहेगा ग्राम कचहरी सचिव फिरदौस अहमद वार्ड सदस्य मुस्ताक सरपंच प्रतिनिधि मेराज उर्फ लालू उप सरपंच वसीम जहांगीर शाहजहां जफर अहमद मुन्ना मसूद अहमद सामाजिक कार्यकर्ता इरशाद रिजवी इमरान अताउल हनीफ निसार अंसारी के साथ सैकड़ो ग्रामीण अंचलाधिकारी से मिलने गए थे लेकिन मिल नहीं पाए प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी भरपूर मदद और कोशिश कर रहे हैं जल्दी अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी कुछ ग्रामीणों ने अंचलाअधिकारी के अनुपस्थिति को लेकर अंचल कार्यालय में काफी देर इंतजार करने के बावजूद भी नहीं आए थक हारकर ग्रामीण अपने-अपने घर चले आए ।

# केले के उत्पादन से किसानों का होगा आर्थिक विकास- डीएम



**दैनिक शुभ भास्कर , ब्यूरो पुनित त्रिपाठी गाजीपुर**। जिले का केला अब जिले के आर्थिक विकास को रफ़्तार देगा। केले के विभिन्न हिस्सों का इस्तेमाल कर कई उत्पाद तैयार करने की योजना है जिलाधिकारी गाजीपुर आर्यका अखौरी ने बताया कि केले के उत्पादन से किसानों की आर्थिक विकास की संभावना है ब्लॉक कासिमाबाद के मुबारकपुर नेत के प्रगतिशील किसान अवनीश कुमार राय उर्फ अंशु राय ने अपने फार्म की प्राकृतिक केले को जिलाधिकारी महोदय को दिखाए तथा बताया कि जी -9 प्रजाति के केले की खेती करने से हमको बहुत लाभ हुआ है इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा हेड डॉ आर आर सी वर्मा, वैज्ञानिक डॉ अविनाश कुमार राय, डॉ शशांक शेखर तथा गाजीपुर जिले के कृषि उपनिदेशक श्री अतिंद्र सिंह जी भी मौजूद रहे कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर के वैज्ञानिकों ने बताया कि जी -9 प्रजाति के केले की खेती करने से प्रति एकड़ एक लाख की लागत आती है तथा चार लाख का शुद्ध मुनाफा होता है इस वैरायटी की सबसे बड़ी खासियत है कि इस पर पनामा विल्ट बीमारी का प्रकोप कम रहता है इस प्रजाति का केला लैब में तैयार किया जाता है इसके पौधे छोटे व मजबूत होते हैं जिससे आंधी – तूफान में टूट कर गिरने की संभावना न के बराबर होती है यह केला 11 महीने में तैयार हो जाता है।

## ख़ास ख़बर

### सामाजिक संस्था द्वारा बच्चियों को किया गया जागरूक



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** सामाजिक संस्था आरोही एक उड़ान के द्वारा उदया पब्लिक विद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव, डॉक्टर शिखा श्रीवास्तव संस्था की अध्यक्षा पल्लवी वर्मा व पदाधिकारी अमिता सिंह, प्रज्ञा श्रीवास्तव सम्मिलित हुईं। डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव द्वारा स्कूली बच्चियों को स्वास्थ्य और पीरियड के बारे में बताया , बच्चियों ने अपनी प्रोब्लब के बारे में पूछा जिसे डॉक्टर द्वारा उसका निवारण किया गया। डॉक्टर अंजली श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है-पीरियड्स। एक ऐसी प्रक्रिया जिसके बारे में जानते हुए भी इसे छुपाया जाता है, इसके बारे में बात करने से हिचकिचाया जाता है। जबकि पीरियड्स के बारे में खुलकर बात करने की जरूरत है, खासकर तब जब किशोरियों में इस प्रक्रिया की शुरुआत हो। पहली बार पीरियड्स के होने पर बच्चियों के मन में घबराहट, असमंजस, डर और चिंता भी उपजती है। इस समय होने वाला असंतुलन उन्हें और भी डरा देता है क्योंकि वे इसके बारे में कम जानती हैं।

### पत्रकारिता के विद्यार्थियों को शब्द साधक बनना होगाः अवनीश मिश्र



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में सोमवार को प्रिंट मीडिया में भाषा की चुनौतियां एवं समाधान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता साहिबाद, गाजियाबाद के ब्यूरों चीफ अवनीश कुमार मिश्र रहे। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता में एक-एक शब्द महत्वपूर्ण है। इसके लिए विद्यार्थियों को शब्द साधक बनना होगा। कार्यक्रम में अवनीश ने कहा कि एक पत्रकार को हमेशा साक्ष्यों को आधार बनाकर खबर लिखना चाहिए। इससे खबरों में मजबूती मिलती है और समाज में पत्रकार की अलग पहचान बनती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतिदिन अखबार जरूर पढ़ना चाहिए। इसके साथ ही साहित्य का अध्ययन बहुत जरूरी है। इससे भाषा में सुधार के साथ बौद्धिक स्तर का विकास होगा। कार्यक्रम में मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता के कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न विषयों का अध्ययन भी जरूरी है। इससे निष्पक्ष पत्रकारिता को बल मिलती है। कार्यक्रम में एमसीजे समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि पत्रकारिता में भाषा का विशेष स्थान है। विद्यार्थियों को धरातल पर रिपोर्टिंग करनी होगी। खबरों की पहचान के लिए प्रतिदिन आस-पास की समस्याओं को लिखकर लेखनी में सुधार किया जा सकता है। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ0 राज नारायन पाण्डेय व डॉ0 अनिल कुमार विश्वा द्वारा अतिथि का स्वागत अंगवस्त्रम भेटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चतुर्वेदी द्वारा किया गया।

### जूना अखाड़ा सनातन धर्म की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है सनातन धर्म की रक्षा के लिए



**नवाबगंज गोंडा शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** जूना अखाड़ा सनातन धर्म की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है सनातन धर्म की रक्षा के लिए उधमपुर से लेकर हिंदुस्तान के हर प्रांत में युवाओ को जोडकर सनातन धर्म काम करने के लिए लगा है इसी कड़ी मे गोनार्द स्थल के इस चित्रगुप्त शिव-शक्ति हनुमान मंदिर का निर्माण किया गया है लोग जुड़े और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार मे सहयोग करे उक्त बाते जूना अखाड़ा कके राष्ट्रीय संरक्षक चिंतन गिरी महराज जम्मू उधमपुर ने इस मंदिर के प्रांगण मे संतो के सम्मान के बाद प्रेस वार्ता में सोमवार को कहा।इस मौके पर आधा दर्जन संतो को संरक्षक ने अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मिली जानकारी अनुसार नगरपालिका क्षेत्र के शुगर फैक्ट्री मिशन रोड स्थित चित्रगुप्त शिव-शक्ति हनुमान मंदिर सावन मास के अंतिम सोमवार को हिंदू जन जागरण परिषद ने सनातन धर्म के जुड़े हुए लोगों के साथ हवन-पूजन और भंडारा काआयोजन किया इस मौके पर जम्मू के उधमपुर से पधारे जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय संरक्षक चिंतन गिरी महराज बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद होकर मंदिर के हवन पूजन व भंडारे का उद्घाटन मंदिर मे पूजा कर शुरुआत किया बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए विश्व के हर देशमे जाने के लिए तत्पर है उन्होंने अयोध्या जनपद की सीमा पर मौजूद गोंडा की इस मंदिर के काम योजनाओं की तारीफ किया तथा सहयोग देने का अश्वाशन भी दिया 84 कोसी परिक्रमा अयोध्या के अध्यक्ष घनश्याम दास ने सनातन धर्म की महिमा पर प्रकाश डाला तथा सभी को हृदय तल से सनातन के लिए काम करने का निर्देश दिया इस मौके पर हिंदू जन जागरण परिषद महामंत्री अविनाश चंद्र श्रीवास्तव ने अपने सहयोगियों साथ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# चार पहिया वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जनता से धोखाधड़ी करने वाले 02 जालसाज गिरफ्तार





दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जालसाज अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षो को दिये थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना इटियाथोक व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा चार पहिया वाहनों का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जनता से धोखाधड़ी करने के 02 जालसाज अभियुक्तों-01.अवनीश प्रताप सिंह, 02. नेकराम यादव उर्फ लेखपाल यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 03 अदद चार पहिया वाहन, 03 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तगणों ने प्रार्थीगण ओमप्रकाश तिवारी, जय प्रकाश मिश्रा, राजेश कुमार दुबे से श्रीराम फाइनेंस कम्पनी व महाकाल कम्पनी का रिकवरी एजेण्ट बताकर किरायानामा एग्रीमेंट के तहत 03 अदद चार पहिया वाहन ली थी। जब प्रार्थीगणों द्वारा उक्त अभियुक्तगणों से किराया मांगा गया तो उन्होने प्रार्थीगणों को फर्जी बेचनामा दिखाकर गाली-गुप्ता देते हुए भगा दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थीगणों द्वारा थाना इटियाथोक में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान आज दिनांक 28.08.2023 को उक्त दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हमलोग भोले भाले लोगों से धोखाधड़ी कर उनकी गाड़ी को किराये पर ज्यादा पैसों का लालच देकर एग्रीमेंट कर उनकी गाड़ी लेकर अपनी गाड़ी बताकर मोटी रकम लेकर फर्जी बेचनामा बनाकर दूसरे लोगो को बेच देते थे तथा गाड़ी का कागजात बाद में देने की बात करते थे तथा फिर अपना नम्बर चेंज कर देते थे यह कार्य हमलोग द्वारा कभी लखनऊ तो कभी बहराइच में रहकर किया जाता था। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# एकल विद्यालय की बहनों नें पुलिस कर्मियों को राखी बांधी



।इस दौरान पुलिस कर्मियों नें बहनों के सुरक्षा का आश्वासन दिया। एक विद्यालय की बहनों ने रविवार को संच समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सचदेवा के नेतृत्व में थानें पर पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय सहित थानें के सभी पुलिस कर्मियों के हाथ में राखी बांध कर मीठाई खिला कर उनके उज्जवल भविष्य के साथ लम्बी उम्र की कामना की।इस दौरान बहनों नें पुलिस कर्मियों से समाज तथा नारी के सुरक्षा का वादा लिया। बहनों ने कहा कि पुलिस कर्मियों के बिना नारी सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान रक्षा बंधन सहित अन्य त्योहार अपने घर पर न मना कर हम लोगों की सुरक्षा में लगे रहते हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय नें एकल विद्यालय अभियान के द्वारा किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की। तथा नारी सुरक्षा का वादा किया।इस मौके पर महिला पुलिस चौकी इंचार्ज महिमा पांडेय नें बहनों को मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण तथा साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।इस मौके पर रीता गुलाटी,शिवानी सिंह, रोशनी वर्मा, अभियान प्रमुख राम रतन,ऋतिक तिवारी,विहारी पांडेय, चेतराम शास्त्री,राम शंकर शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नगर चौपाल में कई योजनाओं के लिए आवेदन का अवसर

शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा । गोंण्डा नया आधार कार्ड बनवाना हो या पीएम स्वनिधि जैसी सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन करना हो... इन सबके लिए अब आपको दफ्तर-दफ्तर भटकने की जरूरत नहीं है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर शहरवासियों इस तरह की कई सुविधाएं एक ही जगह पर उपलब्ध कराई जाएंगी। गामी 01 सितम्बर से नगर चौपाल की शुरुआत की जा रही है। चौपाल की तिथि पर सभी नगर निकायों में विशेष टीकाकरण शिविर लगाने के साथ-साथ, नए आधार के लिए पंजीयन, आधार सीडिंग, पेंशन, पी.एम. स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना (नगरीय), राशन कार्ड के इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा, जिले इंडियन बैंक के जिला प्रबंधन को इन चौपालों में इच्छुक लोगों के बैंक खाते खुलवाने हेतु काउंटर लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया है। पीएम ने साफ किया है कि सभी अधिकारी चौपाल के पूर्व संबंधित निकाय में अपनी विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा कर लें तथा जो पात्र व्यक्ति योजनान्तर्गत आच्छादित होने से शेष हैं, उनके आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी सोशल सेक्टर के अधिकारीगण, परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण एवं जिला पूर्ति अधिकारी को अधिशासी अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए चौपालों में जनता को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने को कहा है। साफ किया है कि इसमें, किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# अब अयोध्या बनेगी अभेद दुर्ग, लगेंगे 3837 सीसीटीवी कैमरे




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रामनगरी की निगरानी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रामनगरी की निगरानी बेहतर ढंग से की जा सकेगी। राम मंदिर को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में यहां श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना बढ़ोतरी होगी। ऐसे में रामनगरी की सुरक्षा पर नए सिरे से सुरक्षातंत्र चिंतन कर रहा है।राम मंदिर की सुरक्षा का नया प्लान बन रहा है, तो नगरीय क्षेत्र की भी निगरानी पुख्ता की जा रही है। शहर में अभी पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके पीछे मकसद यह है कि चोर उचक्के या अपराधी अयोध्या दर्शन करने वाले किसी यात्री या विदेशी सैलानी को लूट न सके या कोई किसी प्रकार की अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम न दे सके। सिस्टम के तहत ट्रैफिक सिग्नल के साथ उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे प्रमुख चौराहों पर लगवाए गए हैं। एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि इस योजना की स्वयं मानीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना से शहर की निगरानी को और बल मिलेगा। आपरेशन दृष्टि के तहत पुलिस लोगों को कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि चौराहों , पेट्रोल पंप, पार्क, बैंक, माल, बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान, कालोनी, घर व दुकानों के बाहर व गलियों में लगाये गए सीसीटीवी कैमरों को आपरेशन दृष्टि कार्यक्रम से जोड़ा जा रहा है। आपरेशन दृष्टि के तहत चिन्हित किए गए स्थान 1526 हैं व 1523 जगह पर अभी तक कैमरे लगाए जा चुके हैं। कुल मिलाकर जिले में अब तक जो सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं उनकी संख्या 3837 हैं। इससे अभी तक जनपद में आठ आपराधिक मामलों का पर्दाफाश किया गया हैं। एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे से अब अयोध्या की सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी।अपराधी को अपराध करने से पहले पकड़े जाने का डर सताएगा।

### गांव की टूटी-फूटी सड़कों की मरम्मत की जाए - सांसद

**शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा ।** गोण्डा सोमवार को विकास भवन सभागार में *जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक कैसरगंज लोकसभा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उन्होंने जनपद में चल रहे हैं विकास कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कैसरगंज लोकसभा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने गांवो की सड़कों की मरम्मत कराने के लिये डीएम व सीडीओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी कई सड़के व अन्य सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिये ऐसी सड़के जो टूट गई है और मरम्मत योग्य हैं उन सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत करायी जाए। सांसद जी ने एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिए की गांव में जर्जर तार, ट्रांसफार्मर बिजली कनेक्शन व बिजली कटौती आदि की समस्या का ठोस समाधान किया जाए।

### रामनगरी से काठमांडू पहुंचे लोगों ने किया पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन पूजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** अयोध्या रामनगरी से पहुंचे काठमांडू नेपाल देवों के देव महादेव पशुपतिनाथ भगवान का दर्शन करने पहुंचे लोग कहा कहते हैं जहां पर कृपा राम के हुई सब पर कृपा करें सब कोई जी हां भोलेनाथ की कृपा और हमारे हनुमान जी की तरफ से मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ भाजपा नेता शुभम सिंह और अजय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश हेड अपने सहयोगी शुभम सिंह अतुल पाठक आदित्य पाठक अयोध्या धाम निवासी दिल में एक खुशी का माहौल आ गया कि भगवान से जो रास्ता मैंने मांगा वह हम लोगों को मिल गया ऐसी मनोकामना हुई की जहां पर जाने की औकात नहीं थी लेकिन वहां पर भोलेनाथ की कृपा ऐसे ही कि हम लोग पहाड़ों के बीच पहुंचे काठमांडू नेपाल नाग पंचमी के दिन कितना पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ आदि सभी देवताओं का दर्शन हुआ अजय कुमार सिंह प्रदेश प्रभारी ने अपने अखबार को आगे बढ़ाने के लिए भगवान से प्रार्थना किया और एक नेक रास्ता चुनने के लिए भी भगवान से प्रार्थना किया की निरंतर हमारा अखबार और हमारे अखबार से जुड़े लोग आगे बढ़ते रहें ऐसी खुशियां भोलेनाथ से किया प्रार्थना शुभम सिंह मोहित पाठक अतुल पाठक और आदित्य पाठक इस खुशी के मौके पर सभी ने भोलेनाथ का दर्शन किया और मंगल कामना किया इतनी विषम परिस्थिति के बाद भी भोलेनाथ सकुशल हम लोगों को अयोध्या सुरक्षित पहुंच किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हुई कहते हैं जिसके नाथ भोलेनाथ वह अनाथ कैसे तो भोलेनाथ की कृपा हमेशा सभी पर बनी रहे और जिस पर कृपा बन गई उसके मोक्ष प्राप्त हो जाता है और उसका हर काम बंता रहता है शत्रुओं वह पीछे भागते रहते हैं बहुत ही दिव्य अलौकिक दर्शन हुआ और वहां की विशेषता बताई जाए तो काम है ऐसी मनोकामना करते हुए सभी ने दर्शन करके अयोध्या प्रस्थान किया।

### माँ सरयू की आरती की प्राचीन परंपरा को जिन्दा रखना हमारी प्राथमिकता :राजेश महाराज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में माँ सरयू की संध्या आरती व प्रसाद वितरण का कार्य अनवरत तीन महीने से किया जा रहा है । बताते चले कि श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता प्राचीन मन्दिर प्रहलाद घाट पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पुण्य सलिला मोक्ष दायिनी माँ सरयू जी की आरती की जाती हैं । श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने बताया कि हमारे ट्रस्ट का माँ सरयू जी की आरती करनेका मुख्य उद्देश्य लोगों को अपनी प्राचीन परंपरा को लोग धीरे धीरे भूलते जा रहे है । उसी प्राचीन परंपरा को जीवित रखने के लिए श्री अयोध्या धाम तीर्थ पुरोहित धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा लगातार तीन महीने से की जा रही हैं । माँ सरयू जी की आरती बड़ी ही धूमधाम से हजारों की संख्या में भक्तों ने की और फल और प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर हजारों की संख्या में संत महंत और भक्त माँ सरयू जी आरती में शामिल हुए ।

### कार की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवाबगंज (गोंडा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा ।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के शोभापुर गाँव में अयोध्या-गोंडा मार्ग पर रविवार की रात करीब 07:40 पर ठेले पर लकड़ी लादकर जा रहे एक युवक को पीछे से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गाँव के रघुनाथ तिवारी पुरवा मजरा निवासी जगदंबा 'उर्फ' गल्ले उम्र 42 वर्ष पुत्र बैजनाथ गाँव के ही हन्ने नामक युवक के साथ रविवार को शोभापुर गाँव से ठेले पर लकड़ी का बोटा लादकर लौव्वावीरपुर स्थित एक आरा मशीन पर ला रहा था कि रास्ते में पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया साथ ही उसका ठेला भी टूट गया। कार चालक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे एक पेड़ में जा घुसा। दुर्घटना के बाद कार चालक और उसमें सवार लोग गाड़ी को घटना स्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए। वहीं घायल जगदंबा को एनसीसी की 48 वीं वाहिनी गोंडा के कर्नल सुनील कपूर ने अपनी गाड़ी से सीएचसी नवाबगंज पंहुचाया जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया।

### कला प्रतियोगिता में प्रचार करते बच्चे

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** नशा करना प्रत्येक दशा में स्वास्थ्य के हानिकारक अयोध्या ।जनता अवध इण्टर कॉलेज अयोध्या में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित कला प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों में श्रेष्ठता के आधार पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीर विक्रमादित्य सिंह के कर कमलों से आयुषी त्रिपाठी,सुगन्धा तिवारी, रुक्मणी, नन्दिनी मझवार, समीर पाण्डेय, फ़िरदौस बानो, सन्ध्या वर्मा, मीनाक्षी सिंह और श्रेया पाण्डेय नामक पुरस्कृत छात्र -छात्राओं के चेहरे खिल उठे। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि नशा करना प्रत्येक दशा में स्वास्थ्य के हानिकारक होने के साथ ही आर्थिक स्थिति को भी क्षति पहुंचती है इसलिए हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि नशा मुक्ति के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए ।

### 31 अगस्त तक अभ्यर्थी आईटीआई में ले सकते हैं प्रवेश

शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा। गोण्डा आईटीआई प्रवेश परीक्षा की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गयी है। तीसरी मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थी जो किन्हीं कारणों से प्रवेश पाने से छूट गए है वे *31 अगस्त तक संस्थान में जाकर प्रवेश ले सकते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है वो आगामी 31 अगस्त तक संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। उन्होंने बताया जिनका नाम मेरिट लिस्ट में है उन चयनित अभ्यर्थियों की सूची संस्थान के सूचना पट पर भी प्रकाशित है।

**सुविधा** — अयोध्या आने वाले पर्यटकों को शीघ्र ही एयरपोर्ट की सुविधा भी मिलेगी

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या ।** रामनगरी अयोध्या को मिल रही रेल सुविधाओं में एक और कड़ी जुड़ गई।अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस को सांसद लल्लू सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले रेलवे स्टेशन पर जनसभा का आयोजन किया गया। तुलसी एक्सप्रेस को देखकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के चेहरे पर प्रसन्नता का भाव था। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि मुंबई जाने वाले यात्रियों की काफी दिनों से मांग थी कि अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन ट्रेन का संचालन हो। मुंबई जाने के लिए यहां कई जनपदों के यात्री आकर ट्रेन पकड़ते हैं। जिससे भीड़ का काफी दबाव रहता है। प्रयागराज से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली तुलसी एक्सप्रेस अब अयोध्या कैंट से यात्रियों हेतु उपलब्ध रहेगी। यह ट्रेन सोमवार व बुधवार को चलेगी। अभी अयोध्या से रविवार व गुरुवार को साकेत एक्सप्रेस, 15101 व 15102 एलटीटी छपरा से मुम्बई वाया अयोध्या बुधवार व शनिवार व 22103/22104 एलटीटी अयोध्या कैंट मंगलवार को चल रही है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि रामनगरी अयोध्या का विकास केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। अयोध्या आने व यहां से जाने वाले यात्रियों को अपेक्षित सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तुलसी एक्सप्रेस का संचालन अयोध्या कैंट से प्रारंभ होना पर्यटकों श्रद्धालुओं के साथ व्यापारियों के लिए भी लाभप्रद होगा। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानकों से युक्त रेलवे स्टेशन का निर्माण अयोध्या में हो रहा है। अयोध्या आने वाले पर्यटकों को शीघ्र ही एयरपोर्ट की सुविधा भी मिलेगी। हजारों करोड़ की परियोजनाओं से अयोध्या का विकास किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संतो श्रद्धालुओं पर्यटकों व अयोध्या के नागरिकों की हर अपेक्षा को पूरा करने के लिए सांसद लल्लू सिंह हमेशा प्रयासत रहते हैं। तुलसी एक्सप्रेस का संचालन अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होना जनपद के यात्रियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पांडे, अवधेश पांडे बादल, राकेश पांडे राणा, इंद्रभान सिंह, चंद्रभान सिंह, विशाल सिंह बाबा, कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, अभय सिंह, गिरीश पांडे डिप्पुल, मुन्ना सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, गणेश गुप्ता, राजकुमार सचदेवा, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

# एटीएम मशीन मे लोगों को धोखा देकर पैसा निकालने वाले गिरोह के 02 सदस्य गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो गोंण्डा ।** गोंण्डा पुलिस अधीक्षकअंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में ए0टी0एम0 फ्रॉड करने वाले गिरोह के सदस्यों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0 थानाध्यक्षों प्रभारी स्वाट सर्विलांस साइबर सेल को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना तरबगंज पुलिस द्वारा एटीएम मशीन मे लोगों को धोखा देकर पैसा निकालने वाले गिरोह के 02 सदस्य-01. अर्जुन कोरी, 02. अंकुर त्रिपाठी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ए0टी0एम0 फ्रॉड के 5000 रूपये बरामद किया गया। आज दिनांक 28.08.2023 को वादी जनार्दन प्रताप सिंह पुत्र श्री रामधन सिंह ग्राम व पो0 रामपुर टेंगरहा थाना तरबगंज जिला गोण्डा द्वारा थाना तरबगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि दो व्यक्तियों द्वारा बेइमानी व कपट पूर्वक धोखाधड़ी करके ए.टी.एम. मशीन मे जहां से पैसा निकलता है टेम्परिंग करके ग्राहकों के पैसों जो ए.टी.एम मशीन मे फंस जाता है उसको निकाल लेते है तथा कल दिनांक 27.8.2023 को कटरा बाजार स्थित ए.टी.एम. मशीन मे उक्त घटना कारित किए उसी दिन में करीब 3 बजे थाना तरबगंज स्थित बेलसर बाजार मे स्थित ए.टी.एम. के अन्दर दो व्यक्ति घुसकर धोखाधड़ी व कपट पूर्वक जिस मकान के अन्दर ए.टी.एम. लगा था घुसकर ए.टी.एम. मशीन से जहां से पैसा निकलता है ए.टी.एम. मशीन मे लगे शटर को तोड़कर टेम्परिंग कर पांच सौ रूपये के दस नोट कुल पांच हजार रूपये चुरा लिये थे। ए.टी.एम. पर लगे सी.सी.टी.वी. मे देखकर उक्त दोनो चोरों के बारे मे जानकारी की गयी तो उक्त घटना सी.सी.टी.वी. के फुटेज देखने से अर्जुन कोरी पुत्र रामपाल चिकनी अगमपुर एवं अंकुर त्रिपाठी पुत्र उदय प्रकाश त्रिपाठी निवासी बेलवा थाना हरैया जनपद बलरामपुर द्वारा उक्त अपराध कारित किया गया है। आज दिनांक 28.08.2023 को दुर्जनपुर बाजार मे एटीएम से टेम्परिंग करते समय उक्त अभियुक्तगणों- गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना तरबगंज में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत विधिक कार्यवाही की गयी।

### तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का महापौर ने किया समापन



**अयोध्या ।** डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम डाभा सेमर में चल रही तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप प्रतियोगिता का महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया समापन, महापौर का अध्यक्ष राजीव मदान सचिव अनूप दुबे सदस्य अमरजीत काका व भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह विपिन सिंह संजय सावलानी ने बुके देकर स्वागत किया, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्दन किया, प्रतियोगिता में विजय प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ख़ास ख़बर

### बाबू लाल मरांडी के सफल जनसभा आयोजित होने पर भाजपा ने धन्यवाद ज्ञापित किया



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । संकल्प यात्रा के निमित्त जामताड़ा एवं नाला विधानसभा में आयोजित जनसभा की सफलता को लेकर जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के अध्यक्षता में धन्यवाद ज्ञापन हेतु प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में विशेष कर संथाल परगना के 18 विधानसभा में आयोजित जनसभा में से अंतिम कार्यक्रम जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत पबिया प्रशिक्षण कॉलेज में आयोजित जनसभा को सबसे सफल एवं ऐतिहासिक बताया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए सबों ने एक स्वर में कार्यक्रम के संयोजक भाजपा वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल को सफलता का श्रेय दिया एवं सबों ने श्री मंडल के प्रति आभार जताया। श्री मंडल ने अपने संबोधन में बताया की कार्यक्रम की सफलता पार्टी को एक-एक कार्यकर्ता को जाता है। जिन्होंने समर्पण की भावना से कार्य किया। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्रीमंडल ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र के संयोजकों एवं सहसंयोजक जिला पदाधिकारी सहित बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। श्री मंडल ने यह भी बताया कि कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। इसके लिए आदिवासी समाज के प्रति आभार प्रकट करता हूं। श्री मंडल ने कहा कि अब आदिवासी समाज सजग हो गया है। जिसका सीधा उदाहरण है कि भाजपा के कार्यक्रम में आदिवासी समाज की ऐतिहासिक भीड़ हुई। आदिवासी समाज समझ चुकी है कि कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी आदिवासी समाज को कभी आगे नहीं बढ़ाना देना चाहती हैं। इरफान अंसारी चाहते है कि आदिवासी समाज के लोग बेवकूफ बन रहे ताकि वह अपनी राजनीतिक रोटी सेक सके। श्री मंडल ने यह भी कहा कि आने वाले समय में लोकसभा एवं विधानसभा भारी मतों से जीतेंगे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा महामंत्री प्रभास हेंब्रम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल ,जामताड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रणजीत राणा ,निपेन सिंह बोरिन सिंह आदि उपस्थित थे।

### मधुपुर शहर के विभिन्न शिवालयों में सावन की अंतिम सोमवारी पर भक्तों की उमड़ी भीड़



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सावन के अंतिम सोमवारी को लेकर शहर के विभिन्न शिवालयों में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों ने भगवान शंकर को जलाभिषेक किया। शहर के वाहेगुरु शिव मंदिर, गिरी शिव मंदिर, श्रीराम ठाकुरबाड़ी, चांदमारी शिव मंदिर,बेलपड़ा, खलासी मोहल्ला, बावन बीघा, हरलातांड़, काली पुटाउन, शेखपुरा, गड़िया, पिपरासोल मंदिर आदि शिवालयों में तीसरी सोमवारी को लेकर उत्साह का नजारा देखने को मिला।अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की। शिवालयों में हर-हर महादेव उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय बना हुआ है। वहीं शिवालय के बाहर फूल बेलपत्र की कई दुकानें लगाई गई। चारों ओर भक्ति का माहौल व्याप्त हो गया।

### मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में कला प्रतियोगिता का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/देवघर** । मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में सोमवार को कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी निभाई। बालिका वर्ग में छात्राओं ने राखी निर्माण और थाली की सजावट में अपना कौशल दिखाया। इस दौरान कक्षा तृतीय से षष्ठ तक के सैकड़ो छात्रों ने बांस, मिट्टी, कागज और लकड़ी का एक से बढ़कर एक हस्तशिल्प निर्माण कर अपनी कलाकारी का जौहर दिखाया। कला प्रतियोगिता में पॉट पेंटिंग, कोलाज, ट्राइबल पेंटिंग, फोटो फ्रेम, पेंटिंग, चंद्रयान-3 की पेंटिंग, पशु पक्षी की मनमोहक मूर्ति आदि कई प्रकार की कलाओं को प्रदर्शित किया। विद्यालय की कला और सांस्कृतिक निर्देशिका दृष्टि गर्ग की देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।मौके पर मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं की बौद्धिक विकास के लिए अनिवार्य है।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)।** सावन की अंतिम सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के देवलेश्वर सहित विभिन्न शिवालयों में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलार्पण किया। मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र के देवलेश्वर,नाला नीचे पाड़ा स्थित बाबा कर्दमेश्वर, गेड़िया स्थित बाबा कालिंजर सहित विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर भक्ति भाव से जलार्पण किया। मालूम हो कि सावन की अंतिम सोमवारी पर सुबह से ही शिव भक्तों का तांता मंदिरों में देखी गई। इसी क्रम में महेशमुंडा अजय नदी घाट सहित विभिन्न जलाशयों से शिव भक्तों के द्वारा पवित्र जल लेकर बोल बम के जय घोष के साथ मंदिर में आकर जल अर्पण करते देखा गया। इस अवसर पर देवलेश्वर मंदिर परिसर में काफी संख्या में भक्तों की भीड़ देखी गई। वही विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी प्रतिनियुक्त की गई थी ।

# शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में छात्र छात्राओं के नामांकन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं के नामांकन, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, पोशाक वितरण, खोले गए बैंक खाता की समीक्षा, विद्यालयों में आधारभूत संरचना की स्थिति, राइट टू एजुकेशन के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर बारी बारी से समीक्षा किया गया। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिले के सभी विद्यालयों में नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षावार नामांकन की स्थिति की समीक्षा की, जिसमें उन्होंने पाया कक्षा 1 से 5 तक में में कुल 75449 छात्र छात्राएं, कक्षा 6 से 8 में 43587, कक्षा 9 से 10 में 17152 एवं कक्षा 11 से 12 में 7148 छात्र छात्राओं का नामांकन किया गया है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से ड्रॉप आउट बच्चों कि स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि एक भी बच्चा विद्यालय से ड्रॉप आउट नहीं हो, सभी बच्चे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करें इसके लिए आवश्यक एवं उचित पहल करें। ग्राम स्तर पर गठित विद्यालय शिक्षा समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य माध्यमों से वैसे छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उसे पढ़ाई से जोड़ें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विगत वर्ष से एक भी बच्चा कम नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक एवं अन्य कर्मी ससमय विद्यालय पहुंचे। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ हो, इस दिशा में उचित पहल करें। वहीं इस दौरान उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में चालू शैक्षणिक सत्र में नामांकन को लेकर समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत सीटों पर नियमानुसार नामांकन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने राइट टू एजुकेशन के तहत निजी विद्यालयों में नामांकन की समीक्षा करते हुए नियमानुसार नामांकन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने शादी के लिए तय उम्र से कम उम्र में बच्चे बच्चियों की शादी पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिले में बाल विवाह पर सम्पूर्ण प्रतिबंध लगाएं, आमलोगों को बच्चों के माता पिता एवं अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक करें, उन्हें समझाएं कि यह कानूनन अपराध है। इसके लिए संबंधित विभाग एवं सीडब्ल्यूसी से समन्वय स्थापित कर स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी व्यक्तियों के सहयोग से आवश्यक प्रचार प्रसार कर समाज में जागरूकता लाएं। इसके अलावा उपायुक्त ने शिक्षकों के लिए बनाए गए ई विद्यावहिनी एप के माध्यम से अटेंडेंस बनाने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय आएं एवं शिक्षण कार्य करें इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। वहीं उन्होंने नारायणपुर एवं जामताड़ा के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को कार्य में शिथिलता बरतने को लेकर स्पष्टीकरण पूछने एवं वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बैठक में नामांकित बच्चों में से छूटे हुए बच्चों के बैंक खाता खुलवाने की समीक्षा की जिसमें जिले के विभिन्न बैंकों सहित पोस्ट ऑफिस में बैंक खाता खोलने हेतु भेजे गए आवेदनों की समीक्षा की गई।

## सावन की अंतिम सोमवारी अभ्यास एजुकेशन ने किया कांवरिया का सेवा




**दैनिक शुभ भास्कर प्रेम रंजन झा देवघर** । सावन मास के अंतिम सोमवारी के पवित्र अवसर पर 'अभ्यास ऐजुकेशन" कोचिंग संस्थान के द्वारा एकदिवसीय बोलबम सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें संस्थान के सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कावरियो को फल, मिठाई, सरबत, पानी, केला, सेव इत्यादि वितरण किया! इस मोके पर संस्थान के शिक्षक सुमन सर, रोहित यादव सर, आज़ाद सर, रोहित पांडे सर, धीरज सर, रोहित आनंद सर, सूरज सर समेत दर्जनों बच्चे उपस्थित थे। सबने बोलबम का नारा लगाते हुये उत्साह पूर्वक कावरियो का सेवा किया औऱ कहा की बाबा का कृपा रहा तो आगे भी अलग-अलग मोके पर हम अभ्यास एजुकेशन इस तरह का सेवा शिविर लगाते रहेंगे।

## प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में शिक्षक दिवस समारोह का होगा आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला /जामताड़ा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में शिक्षक दिवस समारोह तरीके से आयोजित करेगी। जिसको लेकर तैयारी जारी है। इस आशय की जानकारी देते हुए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष महेश्वर घोष ने कहा कि 5 सितंबर को प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में शिक्षक दिवस समारोह तरीके से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी सभी प्रकार से तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि समझ में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो शिरकत करेंगे और उनके सहयोग से जामताड़ा जिले के जिला स्तर पर मैट्रिक में प्रथम द्वितीय तृतीय तथा इंटर में तीनों संकाय में प्रथम,, द्वितीय ,तृतीय प्राप्त करने वाले को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कहा कि समारोह में समाज सेवा को ध्यान में रखते हुए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक गण तथा छात्राओं के द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान किया जाएगा। जोकि एक ऐतिहासिक कदम होगी। कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के अलावे विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम, फतेहपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गण, साथ संबंधित जिला प्रमंडल के सांगठनिक पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

## अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में शिक्षकों का नेत्र जांच प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय बाल सुरक्षा अभियान के तहत अनुमंडलीय अस्पताल सभागार में सोमवार को शिक्षकों का नेत्र जांच प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के बुढई, जगदीशपुर, मिसरना, गोविंदपुर, जमुनी, भिरखीवाद संकुल के शिक्षकों ने भाग लिया। मौके पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद शाहिद ने कहा कि 1 सितंबर से 21 सितंबर तक शिक्षकों के द्वारा अपने-अपने स्कूल में बच्चों का स्क्रीनिंग करना है। इसके लिए सभी को प्रशिक्षित किया जा रहा है । दृष्टि दोष से ग्रसित बच्चों का नेत्र जांच चिकित्सक के द्वारा संकुल स्तर पर अक्टूबर में किया जाएगा। अगर बच्चों को जरूरत पड़े तो निशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाएगा। प्रशिक्षकों के द्वारा शिक्षकों को चार्ट के माध्यम से दृष्टि दोष पहचान की विस्तार से जानकारी दी गई। वही स्कूल स्तर पर भरने वाले फॉर्म के बारे में भी बताया गया। कहा कि 1 सितंबर से 21 सितंबर के बीच सभी बच्चों का नेत्र स्क्रीनिंग शिक्षकों के द्वारा करते हुए फॉर्म को भरना है ।दृष्टि दोष से संबंधित बच्चों को संकुल स्तर पर नेत्र जांच कराया जाएगा ।नेत्र संबंधित रोगों से पीड़ित बच्चों को निशुल्क चश्मा भी वितरित किया जाएगा। संकुल स्तर पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। प्रशिक्षण में शिक्षकों को बताया गया कि मोतियाबिंद अथवा गंभीर नेत्र रोग से ग्रसित बच्चों को चिकित्सीय परामर्श हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजना सुनिश्चित करें। वही प्रारंभिक नेत्र जांच में कमजोर नेत्र दृष्टि पाए जाने वाले विद्यार्थियों की जांच संकुल स्तर पर की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु डीसी सेल में एक कमेटी गठन कर दिया गया है जहां से पूरे कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जाएगी।

## मधुपुर क्षेत्र में अटल मोहल्ला क्लीनिक का किया औचक निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवा डॉ अजय कुमार सिंह द्वारा मधुपुर शहरी क्षेत्र में स्थित अटल मोहल्ला क्लीनिक पुराना बस स्टैंड, चांदमारी, मछुवाटांड़ का औचक निरीक्षण किया गया। सभी संस्थानों पर चिकित्सक एवं अन्य पारा मेडिकल कर्मी उपस्थित मिले। उपस्थित चिकित्सा कर्मियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य संस्थान पर आने वाले सभी रोगियों का समुचित इलाज किया जाए ।

### मेन्यू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं - उपायुक्त शशिभूषण

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । सोमवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिले में मध्याह्न भोजन संचालन की स्थिति, पीएम पोषण योजनान्तर्गत छात्रों के आच्छादन की स्थिति, पोषण वाटिका को विकसित करने, छात्रों का स्वास्थ्य जांच एवं एलबेंडाजोल एवं आई0एफ0ए0 गोली के नियमित वितरण, मीनू/मात्रा के अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन, विद्यालयों में पेयजल की उपलब्धता, प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी का बैठक सहित अन्यान्य बिंदुओं पर क्रमवार समीक्षा किया गया। बैठक में समीक्षा क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 1014 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना संचालित है। जिसमें बच्चों को निर्धारित मीनू/मात्रा एवं पौष्टिकता के मापदंड के अनुसार मध्याह्न भोजन का संचालन करने हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेन्यू के अनुसार ही खाना उपलब्ध कराएं। बच्चों को पौष्टिक आहार मिले इसे सुनिश्चित करें। इसके अलावा बैठक में विद्यालयों द्वारा प्रतिदिन भेजे जाने वाले एसएमएस की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत एसएमएस पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उपायुक्त ने पीएम पोषण योजनान्तर्गत शत प्रतिशत आच्छादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने पोषण वाटिका के निर्माण की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि पोषण वाटिका हेतु प्रावधानित कुल 142 विद्यालयों में मनरेगा के साथ सम्मिलन से स्वीकृत कुल 131 पोषण वाटिका में से 91 विद्यालयों में पोषण वाटिका का निर्माण हो चुका है। वहीं बताया गया कि 895 विद्यालयों में सहजन (मोरिंगा) पेड़ लगाई गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने शेष विद्यालयों में पोषण वाटिका के निर्माण को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही उन्होंने विद्यालयों में फलदार पौधे/पपीता/ सहजन आदि को लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं इसके अलावा उन्होंने बायो फेंसिंग लगाने हेतु विद्यालयों का चयन कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा जिले के सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय, बेंच, डेस्क जैसे जरूरी सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली एवं निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से बहाल होनी चाहिए ताकि बच्चों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।इसके अलावा उन्होंने सभी विद्यालयों में बच्चों के नियमित स्वास्थ्य जांच आदि की जानकारी ली साथ ही एलबेंडाजोल एवं आई0 एफ0 ए0 गोली के नियमित वितरण की भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### राजा मनिंद्र सिंह के निधन से कांग्रेस पार्टी की हुई अपूर्णीय क्षति- हरिमोहन मिश्रा



**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा** । राजा मनिंदर नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर जामताड़ा जिला कांग्रेस परिवार की ओर से जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने पार्थिव शरीर पर कांग्रेस पार्टी का झंडा और पुष्प अर्पित किया। जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय दुबे, अजीत दुबे, नंदकिशोर सिंह,विनोद क्षत्रिय, बंटी भैया, राजा नित्य गोपाल सिंह, राजा शशि सिंह सहित जामताड़ा जिला के गण्य मान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। स्वर्गीय मनिंदर नारायण सिंह जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सदस्य भी थे। पूर्व में कांग्रेस का नगर अध्यक्ष भी रहे हैं। और उनका पूरा परिवार कांग्रेस के लिए समर्पित है। इनकी मृत्यु से जामताड़ा जिला कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

### सावन की अंतिम सोमवारी को सेवार्थ संस्था ने किया कांवरिया का सेवा



**दैनिक शुभ भास्कर प्रेम रंजन झा देवघर** । सावन के अंतिम सोमवारी को प्रातः 8:00 बजे से सेवार्थ परिवार द्वारा जलसार चिल्ड्रन पार्क, रंगा मोड़, खिजुरिया इत्यादि भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा की गई। इस दौरान पानी का बोतल, बोल बम थैला, ड्राई फ्रूट्स, सेव, केला, खजूर एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। मौके पर सेवार्थ के अध्यक्ष पवन कुमार टमकोरिया ने बताया कि 4 जुलाई से लगातार 28 अगस्त तक यानी सावन के अंतिम सोमवारी तक कांवरिया श्रद्धालुओं की सेवा की गई। गौरतलब है कि सेवार्थ द्वारा श्रद्धालुओं के साथ-साथ काँवरियों की सेवा करने वाले शिव भक्तों की भी सेवा की गई। जिससे हमारी पूरी टीम को एक दैवीय अनुभूति की प्राप्ति हुई। श्री टमकोरिया ने आगे बताया कि सेवार्थ परिवार के सभी सम्मानित सदस्य लगातार 2 महीने से प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तत्पर रहे। जहां-जहां रूट लाइन में भक्तों की कतार लगी थी। वहां वहां सेवा दी गई। इसके साथ ही खजुरिया गेट के पास, रांगा मोड़, खिजुरिया, बी एड कॉलेज, रामकृष्ण मिशन गेट के सामने, तिवारी चौक, बरमसिया चौक, शिवराम झा चौक एवं चिल्ड्रन जलसार पार्क के पास काँवरियों की सेवा की गई। इस सेवा कार्य में सेवार्थ के सम्मानित सेवभावी सदस्य तन मन धन से लग रहे। श्रावणी मेला में 2 महीने लगातार सेवा करने वालों में सेवार्थ अध्यक्ष पवन टमकोरिया, संरक्षक प्रो. रामनंदन सिंह, संरक्षक श्रीमती रीता चौरसिया, डॉ, अनिल बर्नवाल, साधना झा, मोनिका बर्नवाल, डॉ राकेश कुमार, चंदन कुमार, निहारिका कुमारी, शैलजा देवी, संतोष गुटगुटिया, विकास केजरीवाल इत्यादि प्रमुख हैं।

आयोजित | ग्राम प्रधान मोहम्मद मंजूर आलम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजित की गई

# हरलाटांड़ गांव में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता मे ग्राम सभा आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/ देवघर** । मधुपुर प्रखंड के हरलाटांड़ गांव में सोमवार को ग्राम प्रधान मोहम्मद मंजूर आलम की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजित की गई। मौके पर आसनसोल रेल मंडल के वरिष्ठ अभियंता टू के पत्र के आलोक में आयोजित ग्राम सभा रेल फाटक संख्या एक को बंद करते हुए इसके स्थान पर फाटक संख्या दो से अलग रास्ता देने को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा और उसकी जानकारी दी गई । मौके पर पंचायत के मुखिया के अलावा 16 आना रैयतों के साथ रेलवे सिनीयर सेक्शन इंजीनियर, अंचल निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, अंचल अमीन के द्वारा संयुक्त रुप से स्थल का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण व ग्राम सभा में चर्चा के बाद सभी रैयत और ग्रामीणों के बीच सहमति बनी । मौके पर ग्रामीण और रैयतों ने कोई आपत्ति नहीं जताई । उपस्थित अधिकारियों ने ग्राम सभा में हुए निर्णय पारित प्रस्ताव को रेल अधिकारी के पास भेजने की बात कही । अधिकारियों ने कहा कि अलग से रास्ता बनने के बाद ही एक नंबर रेल फाटक को बंद किया जाएगा । मौके पर राजीव पांडे, मोहम्मद सरफराज आलम, मोहम्मद इस्लामुद्दीन,सिराज अहमद, सुधाकांत तिवारी, विनोद यादव, मोहम्मद रमजान, मोहम्मद नइम, लक्ष्मी ठाकुर, मोहम्मद इकबाल, अर्जुन पांडे, समेत अंचल और रेल कर्मी मौजूद थे ।बताया जाता है कि मधुपुर शहर के 52 बीघा मोहल्ला मोड़ स्थित रेलवे टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र के मेन गेट का पास मधुपुर गिरिडीह रेल मार्ग पर एक नंबर रेलवे फाटक संचालित हैं । इस रेल फाटक को बंद करने का रेलवे की योजना हैं । इसके स्थान पर रेलवे फाटक संख्या दो से अलग रास्ता देने की पहल रेलके के द्वारा की जा रही हैं । बताया जाता है कि टीटीसी मैदान,रेलवे कर्मचारी व स्काउट प्रशिक्षण केंद्र आने जाने के लिए इसी एक नबर रेल गेट का इस्तेमाल सभी करते थे । ग्रामीणों का भी आना-जाना इसी रास्ते से होता है । वाशिंग पीट का भी निर्माण हो रहा है । रेलवे की और कई योजना यहां पर है । जिसके कारण एक नंबर रेलवे फाटक को रेलवे बंदकर रही है । रेल अधिकारियों के पहल पर अंचल कार्यालय मधुपुरके द्वारा ग्राम सभा आयोजित कर एक नंबर रेलवे फाटक को बंद करने पर सहमति जता दी है । मगर ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अलग से रास्ता नहीं मिल जाता है तब तक फाटक को बंद नहीं किया जाना चाहिए ।

# नैयाडीह में दो-दिवसीय किसान मेला शुरू




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मधुपुर/देवघर** । मधुपुर प्रखंड के पथलजोर पचांयत अंतर्गत नैयाडीह आदिवासी टोला में संवाद के सहयोग से किसान क्लब नैयाडीह, लकरमारा और पहरीडीह द्वारा आयोजित दो दिवसीय किसान मेला का उद्घाटन संयुक्त रूप से समाजकर्मी घनश्याम, मांझी हड़ाम बोदन किस्कू, शिवलाल किस्कू, मुखिया मरियम टुडू, अतवारी सिंह, झरी सिंह, ऐनी टुडू ने किया। मौके पर घनश्याम ने कहा कि 42 साल पहले यहां जंगल बचाने का आंदोलन किया गया था। इस आंदोलन का ही परिणाम है कि क्षेत्र का जंगल जीवंत है। आज भी यहां का संगठन जंगल को बचाने की मुहिम में लगा हुआ है। पूरे राज्य सुखाड़ की चपेट में है। जंगल की वजह से ही यहां के इलाकों में तुलनात्मक रूप से खेती का काम अधिक हो पाया है। इस समय यही देखा गया कि जहां जंगल या अधिक पेड़ पौधे हैं, वहां खेती का काम ज्यादा हुआ। जाहिर है जब तब जंगल या पेड़ जीवत रहेंगे खेती किसानी के काम पर संकट कम आएगा। जंगल और पेड़-पौधों को बचाए रखना जरूरी है। किसान मेला का उद्देश्य जैविक खेती और परंपरागत बीजों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है। इस बार के सुखाड़ को देखते हुए खेती के लिए रासायनिक खाद का इस्तेमाल बंद करके जैविक खेती व परंपरागत बीज को अपनाना होगा। इन तमाम कामों के लिए ग्राम सभा और उनकी स्थाई समितियों का सक्रिय होना जरूरी है। जंगल या पेड़-पौधे न केवल मिट्टी को बचाता है बल्कि खेती की उर्वरता को बढ़ाता भी है। खेती किसानी को बचाना है जो जंगल की कटाई को बंद करना होगा। सिकटिया पंचायत के मुखिया शिवलाल किस्कू ने यहां के तमाम विकास कार्य ग्राम सभा की स्वीकृति के बाद ही पूरे होते हैं। उन्होंने ग्राम सभा के माध्यम से यहां के गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क को पक्की करने की बात कही। कार्यक्रम में मंच सचालन अबरार ताबिंदा ने किया। मौके पर मुखिया मरियम टुडू, झरी, प्रदीप, जेरो टुडू, झरी सिंह, सैफ, सुभाष, धर्मेन्द्र, अतवरी सिंह, बीना देवी, सीमाराम मुर्मू, आनंद मरांडी, ऐनी टुडू, मनोरित रेबिका टोप्नो, सागोरी हेम्ब्रम, अताउल शेख, जाकिर, सीमा, शांति, मति मुर्मू, महानंद, बंकू, फागू, सहित संवाद कार्यालय के कई साथी मौके पर उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### प्रवीण मिश्रा बुलबुल को मिलेगा सम्मान

**सिवान**। जिले के निवासी तथा सुप्रसिद्ध गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल को सम्मानित किया जाएगा इस संबंध में बातचीत करते हुए गुलशन कुमार के सुपर कैसेट इंडस्ट्री टी-सीरीज केक प्रतिनिधि ने बातचीत करते हुए नाम ना बताने के शर्त पर कहीं की भोले बाबा दरबार बेजोड़ का गीत लगातार क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है जिसको लेकर बहुत जल्दी सुपर कैसेट इंडस्ट्री के द्वारा प्रवीण मिश्रा बुलबुल को सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि प्रवीण बुलबुल का भोला दरवार बेजोड़ बा.. भजन ने धमाल मचाया है। सिवान जिला मुख्यालय के मैरवा गुठनी दरौली नौतन जिरादेई रघुनाथपुर बड़हरिया समेत सभी प्रखंडों एवं बगल के उत्तर प्रदेश के देवरिया गोरखपुर गाजीपुर मऊ समेत विभिन्न जिलों में गुलशन कुमार के टी-सीरीज का शिव भजन भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा...बजाते हुए देखा जा रहा है। बताते चलें कि यूपी बिहार सीमा पर स्थित सिवान जिले के मैरवा के निवासी विख्यात गायक प्रवीन मिश्रा बुलबुल का गाया हुआ भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा ..लगातार बिहार उत्तर प्रदेश में बसो मे सुना जा रहा है। इस संबंध में बातचीत करते हुए प्रवीण बुलबुल ने बताया कि यह गीत इस बार टी-सीरीज कंपनी ने रिलीज किया है। वही भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत में टी-सीरीज के डायरेक्टर दीपश्रेष्ठ ने बेजोड़ डांस किया है । जबकि टी-सीरीज के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व ओमप्रकाश पांडे जी का विशेष सहयोग इस गीत में रहा है। दूसरी तरफ मनोज बंटी ने इस गीत में संगीत दिया है।

### महिला वार्ड सदस्य का निधन

**हसनपुरा(सीवान)**। प्रखंड के शेखपुरा पंचायत के वार्ड 5 के 45 वर्षीय वार्ड सदस्य कमलावती देवी पति स्व शिवजी यादव का मौत बीती रात्री निधन हो गया। सुबह जब सोकर नहीं जगी तो बच्चे उन्हे जगाने गए तो देखा कि निधन हो चुका है। वहीं स्व शिवजी यादव पूर्व में इसी वार्ड के वार्ड सदस्य पद पर थे जहां उनका निधन हो गया था। तभी उप पंचायत चुनाव में कमलावती देवी पुनः नवनिर्वाचित हुई थी। तभी मौत हो गयी। कमलवाती देवी के तीन बच्चों में एक पुत्र तथा दो पुत्री हैं। जहां एक लड़की व पुत्र की शादी हुई है। जबकि एक पुत्री अविवाहित है।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार घायल

**हसनपुरा (सीवान)**। एमएच नगर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के समीप सोमवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अस्पताल के एंबुलेंस कर्मी को दी। जहां एम्बुलेंस कर्मियों ने सभी घायल को सीवान सदर अस्पताल ले गए। वही घायलों की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के तियांय निवासी सुमन ठाकुर की पत्नी मंजू देवी व पुत्र राहुल कुमार तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खालिसपुर निवासी रमेश साह व पुत्र पंकज गुप्ता शामिल है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि सोमवारी होने के कारण उक्त सभी लोग बाइक से मेंहदार पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। तभी उक्त स्थल पर बाइक अनियंत्रित हो गई।

### दरौली में खतरे के निशान के ऊपर बह रही सरजू नदी बाढ़ की आशंका

**दरौली सिवान संवाददाता**। सिवान जिला के दरौली में सरजू नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रवासी चिंतित नजर आ रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि दरौली में सरजू नदी के जलस्तर के लगातार बढ़ने की जानकारी दी गई। जानकारी की माने तो सरजू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं लोग बताते हैं कि आसपास के इलाकों में जल भरने शुरू हो गए हैं। सरजू नदी से सटे धान के खेत डूब चुके हैं ।वहीं आसपास के गांव के लोग अपने-अपने रिश्तेदारों या अन्यत्र ठिकानों पर धीरे-धीरे कुच करने लगे हैं। बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे जलस्तर को लेकर लोग अपने-अपने गंतव्य स्थान को जा रहे हैं। वहीं प्रशासन के द्वारा लगातार पहुंचकर इसके उपाय करने की भी बात सामने आ रही है।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 5 का प्रवेश का आवेदन शुरू, अंतिम 31 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**सिवान संवाददाता**। सिवान जिले के सरकारी या गैर सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के वर्ग पांच के अध्यनरत विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा में वर्ग 6 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दी गई है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में आवेदन करने के लिए www.nvsadmississionclasssix.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकते हैं।

### राजद कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**हसनपुरा (सीवान)**। प्रखंड के हरपुर कोटवा पंचायत के टड़वा परसा में रविवार को राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। यह बैठक प्रखंड प्रधान महासचिव इमरान आजम की अध्यक्षता में की गयी। जहां प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों राजद कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थित हुए। इस दौरान प्रधान महासचिव श्री आजम ने बताया कि पार्टी मजबूती को लेकर कोर कमिटी का गठन किया गया है। जहां सभी पंचायत अध्यक्षों को कहा गया है, कि अपने-अपने पंचायत में बुथ कमेटी का गठन जल्द से जल्द किया जाए। जहां हमारा बूथ सबसे मजबूत को लेकर बूथ स्तर पर कमिटी एवं संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं में इम्तियाज अंसारी, श्याम बिहारी, ओमप्रकाश ठाकुर, विपुल कुमार सिंह, विनय राम, राजकिशोर यादव, वीरू साह, मनोज कुमार यादव, सतीश कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# गुठनी में रविवार को सड़क हादसे में घायल छात्र का इलाज के दौरान मौत



**गुठनी**। थाना क्षेत्र के मैरवा गुठनी मुख्य मार्ग पर भठही गांव के समीप रविवार की दोपहर अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन छात्रों को कुचलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया. वही घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के चेरौवा गांव निवासी करन कुमार राम (17) वर्षीय की इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों का कहना है नाजुक स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया. परिजनों ने अच्छे उपचार के लिए गोरखपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया. जहा रविवार की देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. वही घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया. वहीं नाराज ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर दिया. इस दौरान ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर हंगामा व नारेबाजी भी किया. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसआई श्रवण कुमार पाल, एएसआई जयलाल राम, एएसआई भरत राम मौके पर पहुंचे, सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत किया. और गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर घंटो लगे जाम को खाली करवा कर यातायात बहाल कराया. परिजन की मांग थी कि घटना में शामिल दोषी ट्रक ड्राइवर पर सख्त कार्रवाई, परिवार को मुआवजा, सरकारी नौकरी, घटना की गंभीरता से जांच की मांग किया. मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने लोगों को समझाकर बुझाकर कर मामले को शांत कराया. पुलिस का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को जप्त कर मामले की जांच में जुट गई है. परिजनों के लिखित आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया जाएगा.

**मैरवा से कोचिंग कर वापस घर लौट रहे थे छात्रः** थाना क्षेत्र के भठही गांव के समीप रविवार की शाम सड़क हादसे में इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई. जबकि घटना में घायल दो अन्य छात्रों की हालत गंभीर है. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि तीनों छात्र मैरवा से कोचिंग कर वापस घर लौट रहे थे. उन्होंने बताया कि वापस घर लौटने के दौरान उनकी बाइक भठही गांव के समीप अनियंत्रित हो कर ट्रक से टकरा गई. जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए.

**परिजनों की चीख पुकार से माहौल हुआ गमगीनः** थाना क्षेत्र के चेरौवा गांव के छात्र की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. मिली जानकारी के अनुसार उसके परिवार में पिता भोला राम, माता सुगांती देवी, भाई आर्यन कुमार और दो बहन वर्षा कुमारी व मधु कुमारी शामिल है. घटना के बाद परिजनों की दहाड़ से पूरा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया. उसके परिजनों को संभालने के लिए आसपास के लोग जुटे हुए थे. घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के दरवाजे पर जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी.

**क्या कहते है सीओः** सीओ शंभूनाथ राम का कहना है कि घटना के बाद मामले की जांच की जा रही है. पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा देने का प्रयास किया जाएगा.

# जाप पार्टी के वार्ड अध्यक्ष बने मो ईस्माइल उर्फ बुलबुल



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। जन अधिकार पार्टी जाप के नगर अध्यक्ष मिथिलेश झा ने भेड़धरी निवासी मो ईस्माइल उर्फ बुलबुल को पार्टी के प्रति समर्पित निष्ठा को देखकर उन्हें वार्ड नंबर 24 के अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया।इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजन यादव और प्रदेश महासचिव शशिभुषण यादव के उपस्थिति में मनोनयन पत्र देकर उसे वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया।मौके पर जिलाध्यक्ष रंजन यादव ने कहा है बुलबुल काफी कर्मठ, जुझारु एवं लोकप्रिय साथी है। इनके वार्ड अध्यक्ष बनने से वार्ड नंबर 24 में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगा।वहीं नव मनोनीत वार्ड अध्यक्ष नें कहा कि पार्टी एवं संगठन मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से दिन रात मेहनत कर काम करुंगा।मौके पर उपस्थित रहें पप्पू ब्रिगेड जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, पूर्व सरपंच हरेराम शर्मा, मनीष यादव,फ़ज़ल अहमद,मो इब्राहिम, मुकेश शाह,मो कलीम,मो इसाफ सहित अन्य मौजूद थें।

## महुवल में वारंटी के घर पर चिपकाया इस्तिहार



**हुसैनगंज**। थाना क्षेत्र के महुवल गांव में रविवार को पुलिस ने पूर्व के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी के घर इस्तिहार चिपकाया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार महुवल गांव के निवासी करीमन नट पर 2016 में मुफस्सिल थाने के मामला दर्ज हुआ था जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी के हाजिर नही के बाद कोर्ट के आदेश पर उसके दरवाजे पर मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा इस्तिहार चिपकाया गया है। अगर इसके बाद भी आरोपी खुद को सरेंडर नही करता है तो कोर्ट के आदेशानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# मोटरसाइकिल चोरी कांड के बड़े गिरोह का पर्दाफाश



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा सदर थाना क्षेत्र में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ चोरी करने वाले गंगजला वार्ड नंबर 11 निवासी मनोज दास के पुत्र नवीन कुमार दास एवं मधेपुरा परमानंदपुर निवासी विजय तांती के पुत्र दीपक कुमार को पकड़ा गया। इन दोनों के निशान देही पर सदर थाना क्षेत्र से चोरी की 6 अन्य मोटरसाइकिल के साथ बड़े चोर गिरोह मोटरसाइकिल बेचने वाले एवं चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले एवं रखने वाले अन्य 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसमें मधेपुरा परमानंद निवासी विजय तांती के पुत्र दीपक कुमार, मुरलीगंज निवासी उपेंद्र कुमार के पुत्र संदीप कुमार, बिहारीगंज लक्ष्मीपुर निवासी सुबोध प्रसाद यादव के पुत्र चंदन कुमार, ललित शर्मा के पुत्र विकास कुमार, कुमारखंड निवासी रमेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र गौतम कुमार,मुरलीगंज बिशनपुर घाट निवासी रामचंद्र प्रसाद यादव के पुत्र सूरज कुमार,मुरलीगंज परवा रामपुर निवासी मनोज मुखिया के पुत्र आशीष कुमार, बिशनपुर मुरलीगंज निवासी सुरेश यादव के पुत्र दीपक कुमार, विनोद मंडल के पुत्र गुड्डू कुमार, रंजन पोद्दार के पुत्र सत्यम कुमार, गुरुदेव तांती के पुत्र प्रमोद कुमार, मोहम्मद जमाल के पुत्र मोहम्मद अफजल एवं गंगजला निवासी मनोज दास के पुत्र नवीन कुमार दास को गिरफ्तार कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। इस छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक बृजेश कुमार चौहान, विक्की रविदास, कुलवंत कुमार, सिपाही कुंदन कुमार एवं नरेंद्र भारती शामिल थे।

### जनसुराज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**हसनपुरा(सीवान)**। प्रखंड के रजनपुरा में जनसुराज द्वारा प्रखंड के कोऑर्डिनेटर रेयाज अहमद की अध्यक्षता में रविवार को युवाओं व पार्टी सम्बन्धित बैठक की गई। इसमें जनसुराज के केंद्रीय टीम से दिशा निर्देश प्रेम प्रकाश और दिलकुश जी शामिल हुए। वहीं सभी क्लब प्रेसिडेंट को दिशा निर्देश के साथ क्रिकेट किट और वॉलीबॉल सेट प्रदान किया गया। ताकि युवाओं में खेलों के प्रति बढ़ाया जाए और साथ ही न्यू क्लब खोलने और सुचारू रूप से चलाने और कई सारे नियमों पर निर्णय लिए गए। इस दौरान जनसुराज पार्टी को मजबूत करने का निर्देश भी युवाओं को दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामेश्वर जी, रेहान रजा, संजीत बैठा, विजय जी, अजीत जी अशरफ जी और दर्जनों युवा शामिल हुए।

### सिवान पहुंचे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान



**सीवान संवाददाता**। आज दिनांक 28-08-2023 को जिला अतिथि गृह मे मंत्री मो.जमा खान,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,बिहार सरकार पहुंचे । लगभग 2 बजे सीवान के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित की गई । बताते चलें कि श्री खान में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उपलब्धियां को गिनाया तथा भाजपा के नीतियों का विरोध किया । उन्होंने टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम को भी संबोधित किया तथा नीतीश कुमार को आगामी 2024 में पूर्ण बहुमत से मिलने की बात कही।

### मदर टेरेसा महिला फुटबाल टीम की खिलाड़ी का निधन



**हुसैनगंज, एक संवाददाता**। प्रखंड के खुदाई बारी स्थित मदर टेरेसा महिला फुटबाल क्लब की एक महिला फुटबॉलर का रविवार को देहांत हो गया। महिला टीम के कोच सोहन राम ने ये दुखद जानकारी दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला खिलाड़ी रानी खातून पिछले डेंगू मच्छर का शिकार हो गई थी जिसके बाद वो बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। रविवार को इलाज के दौरान रात को महिला खिलाड़ी ने अंतिम सांस लिया। यह खबर सुनकर साथी महिला फुटबॉल खिलाड़ीयों मुस्कान खातून, अबीबा परवीन, पूजा यादव, नेहा शर्मा, मुन्नी पटेल, चांदनी कुमारी, रूबी यादव, गोल्डी कुमारी, निकिता, सहित अन्य में शोक की लहर दौड़ गई। साथी खिलाड़ी के आत्मा के शांति के लिए खोदाईबारी खेल मैदान में शाम को टीम के सभी महिला खिलाड़ियों ने मौन रख कर शोक व्यक्त किया।

### इंगलिश गांव में देर रात तक विधायक और पुलिस प्रसाशन ने दो पक्षो बैठाकर कराया मामले को शांत





**मैरवा सीवान संवाददाता**। जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के इंगलिश गांव में एक दिन पूर्व हुई मछली के लेकर विवाद हो गया। दुकानदार को एक पक्ष गाली गलौज के साथ मारपीट करने लगे। तब तक दूसरे पक्ष ने बचाव में आया तो दोनों पक्ष आपस मे मारपीट करने लगें। यह घटना धीरे धीरे लगभग चार दिन पूर्व हुए जुलूस में डीजे बजाने के विवाद के तरह उमड़ गया। इसकी सूचना किसी ने जिले के वरीय पदाधिकारी को दे दिया। इसके बाद एक एक करके पांच थाने की पुलिस पहुंच कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। मगर तनाव का माहौल को देखते हुए एसडीयम रामबाबू बैठा और जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा पहुंचकर दोनों पक्षो को रात 8 बजे तक बैठाकर आपसी मिलान कराकर मामले को शांत कराया। हालांकि उसके बाद भी पुलिस सोमवार की सुबह तक गांव में कैंप करती रही। इस संबंध में विधायक अमरजीत कुशवाहा ने बताया कि यह दो पक्षो का विवाद था। दोनो पक्षो को बैठाकर मामले को शांत करा दिया गया। गांव में शांतिपूर्ण माहौल कायम है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नफरत फैलाओ राजनीति करो। इसका ही हिस्सा गांव गांव में पनप रहा है। जो हर समाज मे असामाजिक तत्व है। ये तत्व आपस मे टकराव पैदा करवाने का काम करते है। लेकिन नगर सहित प्रखंड क्षेत्रो के लोगो से अपील करना चाहता हु की ऐसे असमाजिक तत्व से बचे।

**श्रावण मास** महादेव का श्रृंगार युवा मंडल एवं प्रज्ञा मंडल द्वारा, फूल, माला, बेलपत्र द्वारा सजाया गया

# भगवान शिव ही हैं जो कर्मानुसार नहीं भाव के अनुसार फल देते हैं: डॉ अरुण कुमार जयसवाल



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। श्रावण मास के अंतिम सोमवारी को गायत्री शक्तिपीठ परिसर स्थित प्रज्ञेश्वर महादेव का श्रृंगार शक्तिपीठ के युवा मंडल एवं प्रज्ञा मंडल द्वारा, फूल, माला, बेलपत्र द्वारा भव्य रूप से सजाया गया। प्रातः काल से ही संपूर्ण परिषर हरहर महादेव ,ओम नमःशिवाय के जयकारा से गूंजायमान होता रहा। इस अवसर पर सैकड़ो श्रधालुगण भक्त गण प्रातःकाल से हीं अपने अपने मनोवांछित कामना पूर्ति के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक,दुग्धाभिषेक तथा रुद्राभिषेक करते रहे।शक्तिपीठ में 13 पाली में देर संध्या तक रूद्राभिषेक हुआ। इस अवसर पर डॉ अरूण कुमार जायसवाल ने कहा भगवान शिव को श्रावण मास अत्यंत प्रिय है।जो भक्तगण भगवान शिव पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, एवं रुद्राभिषेक करते हैं।उनके उपर भगवान शिव विशेष नजर रखते हुए उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। और उन्हें अभयदान देते है।साथ ही अन्य देवी देवता भाग्य और कर्म के अनुसार फल देते है लेकिन भगवान शिव ही हैं जो भाव के अनुसार फल देते हैं।

# गुठनीः सर्पदंश से वृद्ध महिला की मौत, कोहराम



**गुठनी**। थाना क्षेत्र के डरैला गांव में सांप के काटने से सोमवार को वृद्ध महिला की मौत हो गई. महिला थाना क्षेत्र के डरैला गांव निवासी रामसेवक शर्मा के 67 वर्षीय पत्नी लक्ष्मीना देवी थी. परिजनों ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह भोर में पूजा करने के लिए फूल तोड़ने गई थी. उसी क्रम में जहरीले सांप ने काट लिया. इसकी सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में गांव के निजी अस्पताल ले जाने लगे लेकिन रास्ते में ही उनकी हालत बिगड़ने लगी और रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. वहीं मौत की सूचना के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया.

**अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई वृद्ध महिला की मौतः** थाना क्षेत्र के डरैला गांव निवासी लक्ष्मीना देवी प्रतिदिन की तरह सोमवार की भोर में अपने घर के सामने पूजा करने के लिए फुल तोड़ने गई थी. इसी दौरान महिला को जहरीले सांप ने काट लिया. जिसके बाद लक्ष्मीना देवी किसी प्रकार अपने घर पहुंची और इस बात की जानकारी अपने परिजनों को देते हुए बेहोश हो गई. जिसके बाद परिजनों आनन-फानन में इलाज के लिए गांव के ही निजी अस्पताल की ओर भागे लेकिन रास्ते में उनकी हालत बिगड़ने लगी और अस्पताल पहुंचने के पहले ही उसने दम तोड़ दिया. डरैला गांव निवासी महिला की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मुखिया रंजीत कुशवाहा ने बताया कि यह घटना अहले सुबह फूल तोड़ने के दौरान घटी है. इस बात की जानकारी पुलिस को दे दी गई है. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसआई श्रवण कुमार पाल, एएसआई भरत राम ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि परिजनों के तरफ से अभी कोई आवेदन नहीं मिला है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# खास खबर

### भव्य नाकोड़ा पास भैरव भक्ति संध्या का आयोजन



**दैनिक शुभभास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर।** श्री नाकोड़ा भैरव भक्त मंडल द्वारा भव्य नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि आर के जैन मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उदयपुर दीप्तिकिरण माहेश्वरी विधायक राजसमंद राजेंद्र प्रसाद गोयल आईपीएस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर पारस सिंघवी नगर निगम उदयपुर दीपक मेहता सहायक लोक सेवाएं आर सी मेहता समाजसेवी एवं अतिथि के रूप में नीरज अग्रवाल संजय संचेती जीवन सिंह डुंगरपुरिया हुक्मीचंद मेहता योगेंद्र व्यास SHO भारत भूषणSHO यशवंत आंचलिया विमल सेठ तेज सिंह बोलिया राजकुमार फतावत शिल्पा पामेचा राकेश जैन अंतरराष्ट्रीय संगीतकार विक्की डी. पारेख द्वारा लगभग 4000 श्रद्धालु को अपने संगीत के सुर बिखेर कर झूमने एवं थिरकने पर मजबूर कर दिया। साथ में जयपुर की विख्यात कलाकारा डॉ सीमा दफ्तरी ने अपने सुरों से भक्ति भाव बिखरते हुए लगभग 1 घंटे बिना रुके भक्तों को सुर में उतार दिया। यह भक्ति संध्या उदयपुर में अब तक कि सबसे भव्य एवं ऐतिहासिक भैरव भक्ति संधया रही।उस भक्ति संध्या से पूर्व भव्य वरघोड़ा भी निकाला गया जिसमें भगवान की प्रतिमा को अरिहंत वाटिका ले जा कर विराजित किया गया।

### महापौर ने किया दुर्गा स्थान कांवरिया सेवा शिविर का निरीक्षण प्रवीण कुमार



**कटिहार।** कटिहार शहर में लगातार सक्रिय रूप से कम कर रही महापौर उषा देवी अग्रवाल द्वारा कटिहार शहर के दुर्गा स्थान मंदिर प्रांगण में हर साल की तरह इस साल भी कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन होने जा रहा है। जिसको लेकर नगर निगम भी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा बेहतर साफ-सफाई शौचालय डस्टबिन मिट्टी भराई पानी निकासी एवं अन्य प्रकार की सुविधा जो कांवरियों के लिए सुविधाजनक है। उन सारी चीजों का व्यवस्था खुद ही नगर निगम की महापौर द्वारा अपने देखरेख में कर रही है उसी को लेकर महापौर द्वारा दुर्गास्थान जाकर एक-एक पॉइंट का सर्वे कर हर एक चीज का निरीक्षण की और कमेटी के सदस्य गणों से आने वाले लाखों कांवरिया की सुविधा में नगर निगम द्वारा हर तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करने का रूपरेखा तैयार की।

### नरकटियागंज बेतिया मुख्य मार्ग पर नशे की हालत में बाइक सवार गिरने से हुआ जख्मी



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता बेतिया, नरकटियागंज बेतिया।** मुख्य मार्ग के साठी थाना क्षेत्र के हिछोपाल ढाला मोड़ के कुछ ही दूरी पर मोटरसाइकिल नियंत्रित होने से मोटरसाइकिल चालक गिरा जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहां मौजूद कुछ राहगीरों ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक नशे की हालत में है जिसे उनका मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और रोड पर गिर गया जिससे उनकी काफी छोटे आई है। वही नशे की हालत में मोटरसाइकिल चालक राजेश मुखिया ने बताया कि नरकटियागंज से घर नौतन थाना जा रहे थे इसी बीच मेरा मोटरसाइकिल अन बैलेंस हो गया और मैं गिर गया। शराबी चालक ने अपना नाम राजेश मुखिया लक्ष्मीपुर थाना नौतन निवासी बताया लेकिन वही बाल बाल शराबी मोटरसाइकिल चालक बच गए। सर पर काफी छोटी थी लेकिन नशे की हालत में उनकी कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था।इतना ही नहीं वहां पर मौजूद राहगीरों के द्वारा 112 नंबर पर भी इसकी सूचना दी। वही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची तब तक नशे की हालत में जख्मी शराबी अपना बाइक लेकर वहां से अपने घर के लिए चले गए।

### सावन माह की अंतिम सोमवारी को बड़ी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज मे सावन माह की अंतिम सोमवारी को बड़ी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहे शिव मंदिर। अंतिम सोमवार होने के कारण शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ अहले सुबह से ही जमा हो गई। बड़ा शिवालय सहित अन्य शिव मंदिर यथा पुस्तकालय परिसर,थाना परिसर, श्रीलक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी, गोदना ठाकुरबाड़ी, सुल्तान पोखर स्थित जय माँ संतोषी शिव मंदिर में अहले सुबह से ही भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव, बोल बम के जयघोष के साथ भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इधर बड़ा शिवालय में सोमवार से 48 घन्टे का अष्टयाम सह संकीर्तन शुरू होने से माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। बड़ा शिवालय में मंदिर के महंत पंडित गोपी रमण झा ने सावन की अंतिम सोमवारी को अहले सुबह जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया की 48 घन्टे का अष्टयाम सह संकीर्तन प्रारंभ हो चुका है। जिसमें विभिन्न कीर्तन मंडली के सदस्यों द्वारा संकीर्तन किया जा रहा है।

# 34 वां प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का 25 सितंबर से



**फारबिसगंज।** 34 वां प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता की सफलता को लेकर सोमवार को श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर फारबिसगंज के सभागार में आचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव मुकेश नंदन ने कहा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों में अपनी तैयारी पूर्व से रहनी चाहिए। उन्होंने आचार्यों के साथ प्रत्येक विभाग की समीक्षा कर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।उन्होंने बताया की 34 वां प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 सितंबर तक फारबिसगंज में आगाज होगा। जिसकी मेजबानी श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर को मिला है। कार्यक्रम की सफलता के लिए लोक शिक्षा समिति बिहार एवं स्थानीय विद्यालय के संरक्षक रामकुमार केसरी को संयोजक एवं विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. बीमलकांत ठाकुर को सह संयोजक बनाया गया है। प्रतियोगिता में उत्तर बिहार के लगभग 800 खिलाड़ी भैया-बहनों के भाग लेने की संभावना है।लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सह सचिव रामलाल सिंह ने कहा बालकों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का लक्ष्य है।बालकों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का विशेष महत्व होता है।लोक शिक्षा समिति बिहार के संरक्षक रामकुमार केसरी ने कहा हमारा कार्य ईश्वरीय कार्य है। ईश्वरीय कार्य समझकर करने से सफलता मिलती है।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. बीमलकांत ठाकुर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. नेहा राज, विद्या मंदिर जोगबनी के अध्यक्ष कीमी आनंद, आदित्य प्रकाश, रूपा घोड़ावत, प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार मिश्र, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्यअनिल कुमार, समेत विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## मुख्य सड़क का पुल ध्वस्त होने से आधा दर्जन से अधिक गावों के ग्रामिणो को टूटा संपर्क



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया।** मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के पचरौता से जिगना होते हुए मानपुर जाने वाली मुख्य मार्ग का मुख्य पथ का एप्रोच ध्वस्त गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की लगातार चार दिनों से हो रही बारिश के कारण मैनाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के मानपुर से सटकर बहने वाली बिरहा नदी में उफान के बाद पानी शनिवार की रात गांव की तरफ रुख अख्तियार कर ली और बिरहा नदी के पानी के दबाव के बाद पचरौता से जिगना होते हुए मानपुर जाने वाली मुख्य पथ का एप्रोच ध्वस्त हो गया है। वही मौके पे ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य पथ का एप्रोच ध्वस्त होने से आठ गांवों के लगभग पच्चीस सौ आबादी प्रभावित हुई है। ग्रामीणों को खाने-पीने की सामग्री खरीदने के लिए आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। वही मैनाटांड़ अंचला अधिकारी कुमार राजीव रंजन ने बताया कि एप्रोच पथ ध्वस्त होने की जानकारी मिली है इस संबंध में जिला अधिकारी को सूचित किया गया है। की बहुत जल्द ही ठीक कराई जाएगी। पुल ध्वस्त होने से ग्रामीणों ने काफी आक्रोश जातया। रामपुर पंचायत सरपंच विराषन फौदार उप सरपंच भुलाई खवास, विरेंद्र थापा, सुरेंद्र सहनी, हीरालाल सहनी, रामकेवाल सहनी, श्यामलाल चौधरी,वार्ड सदस्य, धर्मेंद्र खवास, जोतिस,दिसवा, पंच, रमेश दिसवा, गणेश सुब्बा , इत्यादि सभी लोग उपस्थित रहे।

## जलस्तर बढ़ने से गांवों में पानी घुसने की आशंका

**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** पश्चिमी चंपारण जिला के बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के पश्चिमी टोला पिपरिया तिरहुत गंडक मुख्य नहर आरडी नंबर 155 की तटबंध ध्वस्त और टुट जाने से ग्रामीण लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीण माधव मल्ल, दीनानाथ चौधरी, कृष्ण मोहन मिश्रा, रुद्रप्रताप मल्ल, जगन्नाथ यादव, सुभाष चौधरी,राजू मल्ल,रामस्वार्थ महतो,अमर राम, आनंद राम, योगेश्वर मल्ल आदि लोगों का कहना है कि नहर का तटबंध ध्वस्त व टुट जाने से बरसात के दिनों में भय का माहौल व्याप्त है। नहर में अगर जलस्तर की बढ़ोत्तरी होती है तो पानी सीधे गांवों में घुस सकता है। जहां जलस्तर बढ़ने से गांवों में पानी घुसने की आशंका बनी रहती हैं। अगर तटबंध नहीं बांधा गया तो गांव में पानी घुस सकता है, जिससे जन जीवन प्रभावित हो सकता है। बरसात होने से गंडक नहर आरडी नं 155 पर बने पुल की अप्रोच भी ध्वस्त हो गया है, जहां आमजनो को सवारी ले जाने में काफी मशक्कत झेलनी पड़ती है। चारपहिया वाहनों की आवाजाही से हमेशा डर बना होता है कि कोई अनहोनी न हो जाए। लोगों में हमेशा भय का माहौल बना रहता है।बता दें कि इस रास्ते से पिपरिया,छोटकीपट्टी, बड़गांव, चखनी रजवटिया, खैरटवा, नवकाटोला समेत दर्जनों गांवों की आवाजाही रहती है। वही लोगों ने गंडक विभाग के अधिकारियों और जिलाधिकारी से गंडक नहर के तटबंध और अप्रोच का निर्माण कार्य कराने की मांग की है।



# नगर परिषद के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फारबिसगंज।** फारबिसगंज नगर परिषद कर्मचारी संघ के बैनरतले नगर परिषद के कर्मचारियों ने सोमवार को अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और प्रदर्शन उपरांत मांगों से जुड़ा ज्ञापन नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा।बिहार लोकल बाडीज इम्पलाइज फेडरेशन के तत्वावधान में फारबिसगंज नगर परिषद कर्मचारी संघ के सचिव सूरज कुमार सोनू की अगुवाई में यह प्रदर्शन किया गया। मौके पर मौजूद नगर परिषद कर्मचारी संघ के सचिव सूरज कुमार सोनू ने बताया कि 31 मई 2023 को बोर्ड के साधारण बैठक के प्रस्ताव संख्या आठ से पारित मानदेय को एक जून से लागू करने,कर संग्रहकर्ता,चालक एवं सफाई पर्यवेक्षक को कुशल श्रेणी का कर्मी मानते हुए लंबित अंतर मानदेय का भुगतान करने, षष्टम वेतन के अंतर राशि के भुगतान से वंचित कर्मियों एवं आश्रितों को अविलंब भुगतान करने, कोरोना के लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान अविलंब करने और चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को पोशाक बरसाती एवं सुरक्षा कीट अविलंब देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद प्रशासन के साथ-साथ नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त, डीएम, एसडीओ समेत नगर परिषद के अध्यक्ष और वाइस चेयरमैन को प्रदर्शन की सूचना 21 अगस्त को ही दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आगामी 4 सितंबर से नगर परिषद कर्मचारी संघ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन करेगी।

### मानपुर पुलिस ने चार व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर मैनाटांड/मानपुर।** थाना क्षेत्र में अलग -अलग जगह से चार व्यक्ति को मानपुर पुलिस ने रविवार को किया गिरफ्तार । दो व्यक्ति को शराब पीने के आरोप में पहला व्यक्ति की पहचान गोविंद विशवास उम्र( 42) वर्ष) पिता विरंग विशवास और दुसरा व्यक्ति की पहचान संजय कुमार दास उम्र (44 )वर्ष पिता राधेश्याम दास दोनों व्यक्ति के गांव बिरंचि बाज़ार थाना मानपुर निवासी है। शराब पीने के आरोप में मानपुर पुलिस ने दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार करके प्राथमिकी दर्ज करने के बाद भेजा जेल। वही थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया की दो शराब पीने के आरोप में और दो वारंटी को कोर्ट के आदेश मिलने पर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है । पहला वारंटी की पहचान हरी दास उम्र (39 )वर्ष पिता स्वर्गीय सुधन दास और दूसरा वारंटी की पहचान फूलमनी दास (45) वर्ष पिता साधन दस दोनों वारंटी कि गांव तिलोजपुर थाना मानपुर निवासी बताया जा रहा है ।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में दिखा श्रद्धा एवं भक्ति का जुनून, विजया सिंह



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष बगहा पुलिस जिला सह मधुबनी ब्लॉक प्रमुख विजया सिंह ने कहा कि देवाधिदेव महादेव को सावन माह अतिप्रिय है। सावन महीने में सोमवार का दिन का काफी महत्व होता है। शिवभक्तों में भक्ति उत्साह और ऊर्जा का संचार नजर आ रहा है। हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन पूजा पाठ एवं व्रत करने से भगवान शिव अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं तथा मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था। सोमवार के व्रत का शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए विशेष महत्व है।आज सावन की अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर बाबा का जयघोष किया और शिव बाबा को भांग-धतूरा, बेलपत्र, श्वेत मंदार पुष्प, गन्ना आदि अर्पित करने के बाद दूध व जल से अभिषेक किया। प्रखंड क्षेत्र के तमाम शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। मंदिर सुबह से ही ओम नमः शिवाय हर हर बम बम ओम नमः शिवाय बोल बम बोल बम के जयकारों के साथ गुंजित होने लगा था। सभी शिव भक्तों और क्षेत्र के जनता को उन्होंने सुख, शांति और वैभव की कामना की।

### लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के संभावित बाढ़ इलाकों का बगहा दो सीओ ने किया जांच



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा।** बगहा अनुमंडल के प्रखंड बगहा दो अंचलाअधिकारी दीपक कुमार ने बगहा दो प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के संभावित बाढ़ इलाकों की जांच किया। सीओ ने बताया कि जिला द्वारा मिले निर्देश के अनुसार लगातार हुए नेपाल में बारिश के कारण पहाड़ी नदियों में जल स्तर बढ़ा, इसके साथ ही गंडक बाराज से भी अत्यधिक मात्रा में पानी छोड़ा गया। जिससे कुछ ग्रामीण क्षेत्र में संभावित बाढ़ इलाकों को लेकर पानी ग्रामीण क्षेत्रों में ना घुसे जिसको लेकर जांच पदाधिकारी द्वारा किया। जिसमें लक्ष्मीपुर रामपुरवा पंचायत के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर से घूम कर पहाड़ी नदियों आदि की जांच सीओ ने किया। सीओ ने ग्रामीणों से बचाव के लिए बात की और बाढ़ से बचने के लिए विभागीय पदाधिकारी को कुछ दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर हल्का कर्मचारी कनियें अभियंता आदि मौजूद थे।

### विटीआर क्षेत्र में जंगली बंदरो के हमले से एक बच्ची जख्मी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा पश्चिमी चंपारण।** वाल्मीकीनगर वन क्षेत्र से सटे रिहायशी इलाकों में इन दिनों वन्यजीवों का आतंक थामने का नाम नही ले रहा है। खासकर बंदरो का आतंक काफी बढ़ गया है। आय दिन जंगली बंदर का शिकार आम ग्रामीण हो रहे है। इसी क्रम में सोमवार की सुबह वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के तीन आर डी पुल स्थित विजयपुर निवासी साहेब अंसारी का ढाई वर्षीय पुत्री शाहिना प्रवीन अपने घर के आंगन में खेल रही थी।इसी क्रम में जंगली बंदरों के झुंड ने उस पर हमला बोल काट कर जख्मी कर दिया।बच्ची की चिल्लाहट पर घटनास्थल पर पहुंचे उसके घर के परिजनो व आसपास के लोगों द्वारा हो-हल्ला करने पर जंगली बंदरो का झुंड भाग खड़ा हुआ।घर के परिजनो व आसपास के लोगों द्वारा आनन-फानन में जख्मी बच्ची को वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय कुमार सिंह के द्वारा जख्मी बच्ची का उपचार जारी था। इस बाबत पूछे जाने पर वाल्मीकीनगर वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऐसी सूचना मिली है। इसकी जांच पड़ताल की जा रही।

**कार्यक्रम** श्री पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

# भगवानश्री 1008 श्री पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक महाउत्सव



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान /उदयपुर।** हिरण मगरी सेक्टर 5 प्रभातनगर स्तिथ श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में दिनांक 23 अगस्त 2023 को भगवान श्री 1008 श्री पारसनाथ का मोक्ष कल्याणक का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया, इसी संदर्भ में श्री चंद्र प्रभु युवा मंच के अध्यक्ष मनोज कुमार चंपावत ने बताया कि इस दिन आचार्य कुमुद नंदी जी महाराज, मुनि श्री आर्ष कीर्ति जी महाराज, मुनि श्री अनुचरण सागर जी के सानिध्य में सम्मेद शिखर जी की झांकी बनाई गई जिसमें पारसनाथ भगवान को विराजित किया गया और पारसनाथ विधान के साथ नीलम चंपावत ने निर्वाण लड्डु चढ़ाया इस समस्त कार्यक्रम की प्रेरणा मुनिश्री आर्ष कीर्ति जी गुरुदेव की रही और पंडित अरविंद जिनके निर्देश में समस्त कार्यक्रम किया गया और श्री चंद्र प्रभु युवा मंच के तत्वधान में मनोज चम्पावत, प्रकाश रोड़ावत ने मोक्ष कल्याणक और आचार्य श्री कुमुद नंदी जी के अवतरण दिवस पूर्व संध्या पर भव्य कवि सम्मेलन अयोजित करवाया जिसमें कविराज सिद्धेश्वर सिद्धु, मनोज गुर्जर सिद्धार्थ देवल, विजय सारस्वत, अनुराधा शर्मा ने काव्य पाठ किया कवि सम्मेलन के मुख्य पुण्यर्जक परिवार प्रदीप रेखा लक्ष्य उत्कर्ष छितरिया परिवार थे श्री चंद्र प्रभु युवामंच के महा मंत्री प्रवीण छितरिया ने बताया कि दिनाक 24.08.2023 गुरुवर को दोपहर 1 बजे से आचार्य श्री कुमुद नंदी जी गुरुदेव का 60 वा अवतरण दिवस हजारो भक्तों की उपस्तिथि में बहुत धूम धाम से मनाया गया जिसने प्रमुख श्री चंद्र प्रभु जैन पाठशाला के बच्चों की विशेष प्रस्तुति दी गई और मुनि श्री आर्ष कीर्ति गुरुदेव ने आचार्य श्री को शुभकामनाएं प्रेषित की ओर गुरुदेव से कहा कि 60 साल में सरकार जिस तरह से कर्मचारियों को सेवा निर्वति दे देती है वह ठीक उसी प्रकार आप आज से सेवा निर्वत हो जाए और आपके सारे अधूरे कार्य मेरे कंधे पर रहेंगे जिसको आपके छत्र छाया में रहकर में पूर्ण करूंगा ऐसा मुनि श्री ने आचार्य श्री को आश्वस्त किया और आचार्य श्री की भक्ति की, इस कार्यकर्म में श्री चंद्र प्रभु युवा मंच के चंद्र प्रकाश धन्नावत राजकुमार झूठावत, अविनाश लिखमावत, मुकेश नागदा, चंचल अनजोत , मनोज पचोरी, दिनेश चित्तौड़ा, शेखर सुरावत, आजाद झूठावत , मनीष वगेरिया और सभी युवा मंच के साथी ने सम्पूर्ण कार्यक्रम में बहुत सहयोग प्रदान किया,और ट्रस्ट अध्यक्ष गजेन्द्र भादावत, चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष दिनेश पचौरी महामन्त्री मुकेश भादावत व बदामीलाल वागेरिया ने सभी युवा मंच सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद दिया और आगे भी निरंतर अच्छे से अच्छे कार्यक्रम करने की अपेक्षा युवा मंच से की गई और मनोज चंपावत ने बताया कि आगामी कार्यक्रम दिनाक 10/09/2023 रविवार को मुनि श्री आर्ष कीर्ति जी का अवतरण दिवस बहुत ही भव्यता से मनाया जायेगा जिसमे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवम दिनेश खोड़निया इस प्रोग्राम में शिरकत करेंगे।

### वाल्मीकि नगर में विद्युत उर्जा चोरी मामले में पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** विधुत उर्जा चोरी मामले में विधुत विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ने वाल्मीकिनगर थाना में पांच लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।.दर्ज एफआईआर में कनीय विधुत अभियंता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सिकंदर उरांव ग्राम - कदमहिया कनघुसरी पंचायत संतपुर सोहरिया,धर्मेंद्र दिशवाहा ग्राम कदमहिया कनघुसरी पंचायत संतपुर सोहरिया,कविराज मुसहर ग्राम- शिवनाहा दरुआबारी पंचायत संतपुर सोहरिया,सुखाड़ी सेखईत ग्राम दरुआबारी पंचायत संतपुर सोहरीया महेंद्र महतो ग्राम संतपुर सोहरीया उक्त सभी लोगों के द्वारा विधुत उर्जा चोरी की जा रही थी, छापेमारी के दौरान पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। कनीय अभियंता ने कहा है कि विद्युत ऊर्जा चोरी करने वाले , टोका लगा के विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने वाले लोगों की अब खैर नहीं कार्रवाई तय है। वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना कांड संख्या 96/23 दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

# मसान नदी के जलस्तर बढ़ने से सैकड़ों एकड में लगायें गए फसलें हुई बर्बाद



**दैनिक शुभ भास्कर बगहा।** प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत स्थित मसान नदी के जलस्तर में वृद्धि होने पर सोमवार को अंचलाधिकारी बगहा एक अभिषेक आनंद ने मसान नदी का निरीक्षण किया। तथा शीघ्र ही बचाव कार्य कराने का आश्वासन लोगों को दिया। गौरतलब हो कि मसान नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से फ्लड विभाग द्वारा प्रोकोफाइल कार्य को ध्वस्त कर दिया था। जिससे मसान नदी के तटीय गांव झारमहुई में बाढ की पानी घुस गयी थी। दर्जनों घर बाढ की पानी के चपेट में आ गया था। बाढ की पानी मदरसा, उच्चोतर माध्यमिक विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विधालय के परिसर में लग गया था तथा आंशिक रुप से क्षति हुई थी। स्थानीय ग्रामीण सह समाजसेवी सफिउरहमान, बाढ बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष खलिक कुरैशी, जयप्रकाश नारायण पांडेय, नसीम अख्तर समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने बताया कि गांव के उत्तर व दक्षिण दिशा से बाढ की पानी निकल कर गांव को चारों तरफ से घेर लिया था । तथा यहां से निकलने वाली पानी अजमलनगर , सलहा, जमुनिया, बहुअरी, तमकुही, रायबारी महुअवा समेत कई गांवों को प्रभावित किया थी। उन्होंने बताया कि गवई रास्ते को तोडफ़ोड़ करते हुए सैकड़ों एकड में लगायें गए धान व गन्ना की फसलों को बर्बाद कर दिया है। तथा खेतों में रेत भर कर लोगों के साथ तबाही व बर्बादी का मंजर खडा हो गया है। ग्रामीणों ने फ्लड विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों से निरीक्षण करने की मांग की है। ताकि अधिकारी भी तटीय क्षेत्रों के लोगों की बर्बाद हुए फसलों की मुआवना कर सके। उन्होंने बताया कि फ्लड विभाग के सहायक अभियंता के साथ ही कनीय अभियंता ने बाढ की पानी से हो रही तबाही का मंजर देखा। तथा सोमवार से बचाव कार्य कराने का आश्वासन भी लोगों को दिया। बावजूद भी अभी तक विभागीय स्तर से ध्वस्त प्रोकोफाईल कार्य शुभारंभ नहीं कराई गई। जिससे स्थानीय लोगों में विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैये से काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण रामजी यादव, बेलास साह, प्रशुराम यादव, प्रदुमन पंडित, नौशाद अनवर, मो शहीद, गुकुरुल्लाह सहित दर्जनों लोगों ने स्थाई रुप से निदान के लिए प्रोकोफाईल कार्य के सामने चैनल निर्माण के साथ सुरक्षा के मद्देनजर गाईड बांध निर्माण कराने की मांग विभागीय पदाधिकारियों से की है।

## ख़ास ख़बर

### सावन के अंतिम सोमवारी को सदर विधायक ने सपरिवार भगवान शिव का किया भव्य रुद्राभिषेक



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा सपरिवार उपस्थित होकर स्थानीय बड़कागाँव रोड अवस्थित शंकरपुर शिवालय में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पावन माह सावन के आठवें और अंतिम सोमवारी के उपलक्ष्य पर भगवान शिव का भव्य रुद्राभिषेक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में श्रीरुद्राष्टकं पाठ के सामूहिक आयोजन से किया गया। इसके उपरांत डीपीएस स्कूल परिसर में महाकाल स्वरूपा शिवलिंग पर श्रद्धालुओं ने दूध, दही, पंचामृत, गन्ना का रस, शहद, नारियल पानी से रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर ॐ नमः शिवाय, हर -हर महादेव और बोल बम के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। पुजारी देवेन्द्र पाण्डेय और उनके पुत्र अरविंद पाण्डेय के नेतृत्व में पुरे विधि- विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और हवन किया गया। मौके पर उनकी मां विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल सहित परिवार के अन्य सदस्य और भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने पूजा- अर्चना कर और रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की यहाँ करीब दो दशक से उनके द्वारा चली आ रही इस परम्परा को वे सदैव बरक़रार रखना चाहते है। उन्होंने शंकरपुर शिवालय के स्थापना के बारे में बताया की करीब 54 वर्ष पूर्व यहाँ भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कर पूजा- अर्चना शुरू हुयी थी। उन्होंने यह भी बताया की पूर्व में छोटा सा मंदिर था लेकिन विगत करीब आठ वर्ष पूर्व मंदिर का कायाकल्प कर भव्य स्वरुप दिया गया है। उन्होंने बताया की रुद्राभिषेक से इंसान द्वारा किये गए पाप जलकर भष्म हो जाते है और मानव का कल्याण होता है । मौके पर विशेष रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किसून कुमार यादव, हजारीबाग की पूर्व मेयर रौशनी तिर्की सहित हजारीबाग के कई गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### डीपीएस स्कूल में हुआ भव्य पुस्तकालय का उद्घाटन, यहां एक साथ करीब 120 विद्यार्थियों के पढ़ने की है सुविधा

**हजारीबाग**। बड़कागांव रोड स्थित शंकरपुर स्थित डीपीएस स्कूल परिसर में सावन के अंतिम सोमवारी के शुभ दिन नव निर्मित भव्य पुस्तकालय का विधिवत् उद्घाटन हुआ। पुस्तकालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसून कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा की डीपीएस का यह पुस्तकालय बच्चों के लिए संजीवनी बनकर उनके कैरियर को ऊंचा उड़ान भरने में मददगार साबित होगा। स्कूल की निदेशिका निशा जायसवाल ने बताया की यह पुस्तकालय करीब 2500 स्क्वेयर फीट में है जिसमें एकसाथ करीब 120 बच्चों के बैठकर अध्ययन करने की क्षमता है। यहां शुरुआती दौर में करीब 12 हज़ार पुस्तकों का संग्रहण है। उन्होंने बताया की जल्द ही इसे डिजिटलाइजेशन भी किया जायेगा।

### हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा कर्जन स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता खेला गया



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। पहला मैच बुलश क्लब बनाम एफ,सी,कोय हजारीबाग के बीच खेला गया इसमें बुलश क्लब एक गोल से विजय हुई। दूसरा मैच का परिणाम वीर वीर बनाम सर जॉन हजारीबाग के बीच खेला गया जिसमें वीर वीर एक गोल से विजय हुई। इस मैच के निर्णायक रेफरी सुरेंद्र राम शशि कुमार दास विकास कुमार दास ,पवन कुमार राम, कार्तिक राम, ने निभाया हजारीबाग के कार्यकारिणी अध्यक्ष आलोक कुमार ,कार्यकारी उपाध्यक्ष मंसूर आलम ,सचिन कोलेशवर गोप मुन्ना गुप्ता, आदि खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### अररिया से अपहृत दवा व्यवसायी मोहम्मद आसिफ रज़ा कटिहार से बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा**। पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार को सूचना मिली कि अरिया शहर से अपहृत दवा व्यवसायी मोहम्मद आसिफ राजा उम्र-28वर्ष पिता स्वर्गीय तस्वीर इस्लाम साकिन-कुरसैल वार्ड नंबर-07 थाना-महलगांव जिला-अररिया,कटिहार शहर के किसी होटल में छिपाकर रखा गया है! प्राप्त सूचना के आधार पर श्री ओमप्रकाश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष नगर एवं सहायक के साथ एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया! उक्त छापामारी टीम के द्वारा नगर एवं सहायक थाना क्षेत्र के कई आवासीय होटल में सघन तलाशी अभियान जारी किया गया! उक्त तलाशी के क्रम में कटिहार पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के बाटा चौक के पास स्थित होटल मन्नत में उक्त दवा व्यवसायी मोहम्मद आसिफ राजा को सकुशल बरामद किया गया है,बरामद व्यवसायी के संदर्भ में वरीय पदाधिकारी के स्तर से अररिया पुलिस को सूचना दिया गया है, जिसे अररिया पुलिस को विधिवत सुपुर्द किया जाएगा!

# आपसी समन्वय एवं सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को धरातल पर उतारें





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। उपायुत नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों यथा मनरेगा, स्वास्थ्य, आपूति, पेयजल, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्रदत्त सेवाएं, भवन, विद्युत, आदि की आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजना, कार्यक्रम आपसी समन्वय के कारण विलंब न होने पाये तथा योजना ससमय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों में आपसी विभागीय समनव्य से बेहतर परिणाम प्राप्त करने, योजनाओं के ससमय धरातल पर उतारने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्त्वबोध एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य कराने की सलाह दी साथ ही सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को गति प्रदान करते हुए धरातल पर उतारने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने सेवा गांरटी अधिनियम के तहत अंचलों से निर्गत होने वाले प्रमाण पत्र खासकर एसटी/एससी/ओबीसी विद्यार्थियों को निर्गत जाति प्रमाण पत्रों को एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में बरकट्ठा प्रखण्ड को विशेष निर्देश देते हुए निष्पादन प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिनियम के प्रावधानों के तहत शतप्रतिशत ससमय आवेदनों को निष्पादन का सख्त निर्देश दिया गया। इस क्रम में पीजी पोर्टल के मामलों को दो दिनों के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। वहीं उपायुक्त के जनता दरबार के अग्रसारित आवेदनों को भी नियमानुसार ससमय निष्पादन करने को कहा गया। उपायुक्त ने कहा कि आम जनता के द्वारा कई तरह के प्रमाण पत्र हेतु आवेदन सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों के पास आवेदन किये जाते हैं जिसको अधिकारी यथासंभव अपने स्तर से निष्पादन का प्रयास करें। अपने स्तर पर मामले को लंबित न रखें तथा स्वयं से नियमानुसार निर्णय करते हुए संबंधित मामले का समाधान स्टेटस से वरीय अधिकारियों सहित आवेदकों को भी अवगत करायें। मौके पर मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में जेएसएलपीएस के सखी मंडलों के द्वारा दीदी बगीया योजना का बकाया भुगतान शीघ्र करने का निर्देश दिया। साथ ही पोटो हो खेल मैदान के प्रथम चरण के लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी प्रखण्ड एवं अंचलाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया ताकि सरकार की योजना को ग्राम स्तर पर उतारा जा सके। इसके अलावे बिरसा सिंचाई कूप के तहत लाभूकों को चयन प्रक्रिया में प्रगिति लाने का निर्देश दिया। साथ ही गैर विद्युतीकृत 1005 आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन के कार्य में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित कब्रिस्तान/श्मशान घाट घेराबंदी के लिए भूमि प्रतिवेदन संबंधित विभागों को भेजने का निर्देश अंचलाधिकारियों को दिया गया। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित जलजीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में गुणवत्ता संबंधी शिकायतों की निरंतर निगरानी के लिए प्रखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रखण्ड के वरीय अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण के क्रम में योजनाओं की गुणवत्ता की जांच कर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पाईप लाईन बिछाने के क्रम में सड़क किनारे गडढों को भरने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिले में जर्जर बिजली के तारों, पोल आदि से आमजनों को दुर्घटना की संभावना के मद्देनजर वन विभाग एवं विद्युत विभाग को आपसी समन्वय बनाकर कर वृक्ष के डालियों की छटनी में आवश्यक सहयोग कर जर्जर तार व पोल आदि की मरम्मति सुनिश्चित करें। भूमि अधिग्रहण के कारण लगभग 22 सड़क निर्माण की योजनाएं शुरू नहीं हो सकने के मामलों पर उपायुक्त ने जिला भूअर्जन पदाधिकारी को भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं भवन निर्माण निगम को बड़कागांव डिग्री कॉलेज के निर्माण में दिलचस्पी दिखाते हुए सीमांकन कराये गये भूमि पर कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। वहीं श्रम विभाग के द्वारा ई-श्रम पोर्टल में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को प्रोत्साहित करते हुए निबंधन के लिए सहकारिता, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य आदि विभागों को आवश्यक सहयोग करते हुए श्रमिकों के निबंधन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। वहीं जिला में कस्तूरबा विद्यालयों के लिए नव निर्मित भवनों को हस्तांतरण करते हुए नये भवन में विद्यालय संचालन यथाशीघ्र करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया। इसके अलावे निर्वाचन विभाग के माध्यम से हाउस टू हाउस मतदाता सत्यापन कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का पुर्नरीक्षण, मृत, स्थानान्तरित व डबलिंग मतदाता का विलोपन आदि कार्य पूरी सजगता के साथ करने का निर्देश दिया गया।

## किशनगंज डीएम ने सुरजापुरी उपन्यास 'पोरेर बेटी' का विमोचन किया





**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)**। आज खगड़ा स्थित सम्राट अशोक भवन में मिली कुमारी द्वारा रचित प्रथम सुरजापुरी उपन्यास पुस्तक 'पोरेर बेटी' का विमोचन जिला पदाधिकरी श्रीकांत शास्त्री के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा नुदरत महजबीं, अनुमंडल पदाधिकारी अमिताभ गुप्ता, नप के कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार, पूर्व नप उपाध्यक्ष व वार्ड आयुक्त मोहम्मद कलीम प्रमुखतः उपस्थित थे। डीएम व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विमोचन समारोह का शुभारंभ किया। विमोचन पश्चात जिला पदाधिकरी ने लेखिका का उत्साहवर्धन कर भविष्य में और साहित्य रचने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सुरजापुरी बोली व संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन यथा संभव सहयता करेगा और सुरजापुरी बोली में जो भी साहित्य रचे जायेंगे, उसका भी संरक्षण व संवर्द्धन किया जायेगा। स्वागत करते हुए लेखिका मिली कुमारी ने कहा कि उनकी जानकारी में सूरजापुरी बोली में अबतक कोई उपन्यास नहीं लिखा गया है। 'पोरेर बेटी' पहला सुरजापुरी उपन्यास है। वह अपनी 'पोरेर बेटी' शीर्षक प्रथम उपन्यास के साथ साहित्यक क्षेत्र में अपने पहले कदम के साथ इतिहास बनाने को तैयार है। कहा कि किशनगंज की स्थानीय बोली सुरजापुरी को साहित्यक क्षेत्र में स्थान देकर, सुरजापुरी बोली को एक भाषा के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ साहित्यक क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है। लेखिका ने आगे कहा कि इस सुरजापुरी उपन्यास की रचना कर सुरजापुरी बोली को ही नहीं बल्कि, सुरजापुरी समाज के रहन-सहन, खान-पान, ग्रामीण जीवन-यापन को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है। इस सुरजापुरी उपन्यास 'पोरेर बेटी' जिसका अर्थ पराई बेटी है, में एक लड़की की भावनाओं को दर्शाया है जो अपनी पहचान को लेकर भ्रमित है, सशंकित है। लड़कियों को कहा जाता है कि हम अपने माता-पिता के घर मेहमान होते है। हमारा वास्तविक घर हमारा ससुराल होता है।

परन्तु जिन लड़कियों को सुसराल में अपनी बेटी न मानकर पराई बेटी कहा जाता है या पराए जैसा व्यव्हार किया जाता है। उस परिस्थिति में लड़कियों को अपने अस्तित्व को लेकर मन में कई भावनाएं आती है कि आखिर मेरा घर कौन सा है? माता-पिता के घर मेहमन और सुसराल में पराई बेटी। तो हमारी पहचान क्या है! हमारा वास्तविक घर कहां है! इस कार्यक्रम में मारवाड़ी कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सजल प्रसाद, प्रगतिशील लेखक संघ किशनगंज जिला इकाई के अध्यक्ष हरि दिवाकर, सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक व साहित्यकार डॉ. परमेश्वर प्रसाद सिन्हा, मध्य विद्यालय खगड़ा के सेवानिवृत्त शिक्षक श्री वासुदेव सिन्हा, नेपाल के झापा जिले के सुरजापुरी भाषा विकास प्रतिष्ठान के सदस्य संतोष कुमार गणेश, सुशीला हरि कॉलेज तुलसिया के प्रिंसिपल व साहित्यकार विवेकानन्द ठाकुर, जिला कला संघ की अध्यक्ष श्रीमती रचना सुदर्शन, कवित्री व शिक्षिका अनुपमा अधिकारी, ओरेकल इंटरनेशनल स्कूल के संचालक सफीरुद्दीन रही, समाजसेवी वकार अकरम एवं रोशनी परवीन आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व काव्यपाठ का भी सत्र चला जिसमें कई कवि व कवयित्रियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शामाएल नबी ने किया।

### कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता ने किया चंदवारा और बरही प्रखंड का दौरा



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी, हजारीबाग**। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह स्वास्थ्य विभाग के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने बरही,बरकट्ठा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी। एवं कांग्रेस के क्रिया कलापों से लोगो को अवगत हवे। उन्होंने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र के जनता संतुष्ट है वही बरकठा विधानसभा के चंदवारा जयनगर दारू टाटी झरिया गोरहर प्रखंड में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जनता बदलाव की मुड़ में है। कांग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोड कुमार वर्णवाल, कोडरमा श्री फहीम खान, मुखिया संतोष कुशवाहा प्रमुख प्रतिनिधि विजय बरनवाल प्रमुख अनीता देवी के नेतृत्व में डॉ मेहता चंदवारा प्रखंड के उरवा मोड़, बड़की धमराई, कांटी, कांको, बिरसो डीह, पिपरा डीह, पँचायत के बड़की धमराय, छोटकी धमराय, कांको बाजार, भंडार, गैंडा, पिपराडीह, बन्दा चक, मंझगवां, जोलह कर्मा, बरही के जी हो इटखोरी मोड रोमी चंपाहाटी का दौरा किया। इस दौरान डॉ मेहता के साथ कांग्रेस पार्टी जिला सचिव नवाब खान, जयनगर फहीम खान, मुखिया संतोष कुशवाहा, फैयाज केसर, विनोद, जिला मीडिया प्रभारी भोला दास, जयनगर प्रखण्ड उपाध्यक्ष पप्पू सिंह जयनगर, चंदवारा प्रखण्ड प्रमुख अंजू देवी, प्रमुख प्रतिनिधि विजय बर्णवाल, काली यादव, सुधाकर यादव, सागर अहमद, चंद्रिका पासवान, ऋषि देव राम, रामेश्वर राम, प्रभु यादव, मनोज रजक, महरु मोदी, रविंद्र प्रसाद, किशोर कुमार यादव, पंकज कुमार, बबलू प्रसाद, राजेश प्रसाद विनोद महतो, राजेंद्र प्रसाद, रघुवीर कुमार, राजकुमार राम, भैरव प्रसाद कुशवाहा, अंजारुक हक, पवन यादव, प्रयाग यादव, जयननदंन प्रसाद यादव, रंजीत सिंह, मनी पंडित समेत दर्जनों शामिल थे।

### उचकागाँव थाना परिसर में ब्रह्माकुमारियों ने नशा नही करने की दिलायी गयी शपथ



**मीरगंज गोपालगंज, अशोक वर्मा**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्थानीय शाखा द्वारा नशा एवं उसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। नशा मुक्त, भारत अभियान, अंतर्गत आम लोगों को नशा से होने वाले तबाही बर्बादी से अवगत कराकर उन्हें नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया । ब्रह्माकुमारियों द्वारा तंबाकू निषेध प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया । थाना परिसर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा केंद्र की बहन बीके सुनीता, बीके उर्मिला ,बीके विनोद,बीके रूबी एवं उचकागांव थाना प्रभारी सुभाष कुमार, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर कामेश्वर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में थाना प्रभारी ने कहा कि ब्रह्मा कुमारियों द्वारा तंबाकू एवं अन्य व्यसनों के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास अति सराहनीय है। उन्होंने कहा कि तंबाकू, शराब या किसी भी प्रकार के व्यसन से कैंसर सहित अनेक प्रकार के असाध्य रोग होते हैं जिससे खुद के साथ परिवार एवं समाज को भी दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं।वही मीरगंज सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनिता बहन ने कहा कि व्यसन हमारे समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा हैं। नशे की लत देश के युवा पीढ़ी के ऊर्जा को नष्ट कर उनकी शक्तियों को विध्वंस की ओर मोड़ रही है जिसके कारण समाज में दिन-प्रतिदिन अपराध और अनैतिक कार्यो में वृद्धि हो रही है। दुर्घटनाओं का बहुत बड़ा कारण व्यसन ही है, इसलिए हमें नशा से दूर रहना चाहिए । वही गोपालगंज सेवा केंद्र ब्रह्माकुमारी बीके उर्मिला बहन ने तंबाकू ,सिगरेट, शराब, आदि के सेवन से होने वाली बीमारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला । उक्त अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने उपस्थित तमाम लोगों से व्यसन नहीं लेने का संकल्प कराया। पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बहनो ने बताया कि अब प्रकृति से छेड छाड़ नही करनी चाहिये, हो सके तो अधिक से अधिक पेड़ो को लगावें। घर में किसी भी उत्सव या त्योहार के मौके पर कम से कम दो पौधा अवश्य लगावें तथा उसका संरक्षण भी करे, पेड़ ही जीवन का आधार है।कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार विनोद भाई ने किया।

### मोतिहारी के कलाकारों का अनोखा और प्रभावशाली कदम



**मोतिहारी, अशोक वर्मा**। मशहूर गायक मुकेश कुमार के 47वें जयंती पर जस्ट कॉल मी संस्था द्वारा आयोजित समारोह में मोतिहारी के कलाकारों ने मुकेश कुमार के गीतों को गाकर मुकेश कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर भवन मे आयोजित कार्यक्रम में कई गायक कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। जस्ट कॉल मी द्वारा आयोजित एक शाम मुकेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन अति प्रभावशाली रहा। इस कार्यक्रम मे मुकेश के गीतों की धूम रही। कार्यक्रम में कई गायक कलाकारों ने मुकेश कुमार की भूले बिसरे गीतों को गाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी कलाकारों ने उनके गीतों को प्रस्तुत कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी । मौके पर संयोजक मंजीत प्रकाश ने कहा कि हमारी सोच है कि जितने भी प्रसिद्ध कलाकार हुये, जो आज हमारे बीच नहीं है उनके गीतों को तरोताजा करना।उन महान कलाकारो को युवा पीढ़ी भूलती जा रही हैं, उसे जागृत करना हमारा उद्देश्य है। इस दौरान संयोजक मनजीत प्रकाश के द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया विनय सिंह को मोमेंटो देकर सममानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक मनजीत प्रकाश एवं मीडिया प्रभारी अंजनी अशेष ने मुकेश के कई ट्रेजेडी गीतों को गाकर पुराने श्रोताओं को अतीत की दुनिया में खोने को भी विबस किया। कार्यक्रम में उपस्थित एवं गीत प्रस्तुत करने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया।

श्रद्धा | विधायक अंबा प्रसाद द्वारा चयनित कमेटी के नेतृत्व में खीर व पुडी का वितरण किया गया

# सावन के अंतिम सोमवार को बडकागांव बुढ़वा महादेव में जलाभिषेक को लेकर उमड़ा जन सैलाब





**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। सावन के अंतिम सोमवारी को 110 किलोमीटर दूरी तय कर पैदल रजरप्पा छिन्नमस्तके भैरवी नदी से जल लेकर हजारों की संख्या में श्रद्धालु झांकी और जुलूस के साथ बड़कागांव महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंच कर जलालभिषेक किया। जहां पर हजारों श्रद्धालुओं के बीच हजारीबाग सदर विधायक सह बड़कागांव माटी पुत्र मनीष जायसवाल एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद द्वारा चयनित कमेटी के नेतृत्व में खीर व पुडी का वितरण किया गया। साथ ही साथ मनीष जायसवाल द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर को पर्यटक स्थल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की घोषणा की गई। श्री जायसवाल ने कहा कि बड़कागांव हमारी मातृभूमि है और मातृ भूमि की सेवा करना हमारा अपना कर्तव्य है व्यक्ति चाहे जितने भी ऊंचे पायदान पर चले जाए पर अपने मातृभूमि से विमुख नहीं हो सकता। श्लोक को दोहराते हुए कहा कि जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। मां और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। जिसके बिना जीवन नहीं हो सकता। इसलिए अपने मातृभूमि की सेवा हेतु मैं अपने सर्वस्व जीवन न्योछावर को तत्पर हूं। आगे उन्होंने कहा कि बड़का गांव विस्थापन की समस्या से जूझ रहा है जिसको लेकर मेरे मन में काफी दर्द है जिसके लिए एक मजबूत रणनीति बनाने की आवश्यकता है और निष्पक्ष भाव से अमल करके जनहित में कार्य किया जाएगा जिसमें नेतृत्वकर्ता को अपने कर्तव्य से कभी विमुख नहीं होना चाहिए सिर्फ वोट के लिए जन भावनाओं को ठेस पहुंचाना कदापि उचित नहीं है। वही अंबा प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि बुढ़वा महादेव के आशीर्वाद से क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राज्य का विकास हो और सभी लोग मिलकर मिलजुल कर विकास में सहयोग करें। वहीं बुढ़वा महादेव सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि उक्त आयोजन में समिति की कठोर परिश्रम शामिल है। बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के दर्जनों गांव जिसमें गरीकला, बड़कागांव ,गुरु चट्टी, कांडतरी, सांढ़, छपेरवा, सोनपुरा, मिर्जापुर , पिपराडीह, शिवाडीह, होरम ,बिश्रामपुर, गोसाई बलिया, नपोखुर्द, डोका टाँड़,खरांटी, महुदी,हरली, बादम, राउतपारा समेत दर्जनों गांव के 50 से ऊपर जुलूस व झांकी मैं शामिल हजारों लोग बुढ़वा महादेव परिसर पहुंचकर जलाभिषेक किया। रजरप्पा से जल लेकर चलने के बाद जगह-जगह पर जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धालुओं की भोजन की व्यवस्था एवं प्रसाद का व्यवस्था कर स्वागत किया गया।

## सांसद जयंत सिन्हा ने भारत के वित्तीय भविष्य पर आयोजित डिबेट में की चर्चा





**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी**। हम सभी अवगत हैं कि सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा देश के जानेमाने अर्थशास्त्रियों में से एक हैं। उन्हें देश भर के मीडिया चैनल्स और अन्य संस्थान भारत व वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित करते रहते हैं। सांसद जयंत सिन्हा को नई दिल्ली में इंडिया टुडे द्वारा "भारत के वित्तीय भविष्य पर" आयोजित डिबेट में चर्चा के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी के साथ उनकी चर्चा हुई। इस डिबेट का मंच संचालन देश के वरिष्ठ पत्रकार राहुक कँवल ने किया। कांग्रेस के सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था को कमज़ोर बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी, लेकिन एनडीए सरकार में इसकी गति धीमी पड़ गयी है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि भारत ने पिछले 9 वर्षों में अर्थव्यवस्था की दृष्टि से बहुत बेहतर प्रदर्शन किया है। हम आज विश्व की सबसे मुख्य व मज़बूत अर्थव्यवस्थाओं में हैं। 2013 -14 में यूपीए सरकार में भारत विश्व की 5 सबसे नाजुक व कमज़ोर अर्थव्यवस्थाओं में आता था। आज विश्व का मानना है कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता सितारा है। 2014 में यूपीए सरकार में भारत 4% की गति से आगे बढ़ रहा था और देश में महंगाई दर 10 से 12% थी। वहीं आज हमारा देश 7% की गति से आगे बढ़ रहा है। हम अन्य अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर स्थिति में हैं। यह मोदी सरकार की कुशल नीतियों से संभव हुआ है। हमारी सरकार विदेशी व घरेलू निवेश को बढ़ावा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व में भारत की जो मज़बूत छवि बनी है, उससे देश में विनिर्माण निवेश भी बढ़ रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि भारत अमृत काल की ओर बढ़ रहा है। अगले 25 वर्षों में भारत एक विकसित देश कहलायेगा। हम 7 से 9% की गति से आगे बढ़ेंगे। मुझे विश्वास है कि 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था $25 ट्रिलियन की होगी और हमारा देश वैश्विक सुपर पावर होगा। यूपीए सरकार को एक मज़बूत अर्थव्यवस्था मिली थी, जिसे उन्होंने अपनी गलत नीतियों से जर्जर बना दिया। 2014 में हमें कमज़ोर अर्थव्यवस्था मिली, जिसे हम कुशल व जनकल्याणकारी नीतियों से निरंतर मज़बूत बना रहे हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान देश को सदी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना का सामना करना पड़ा। हमारी सरकार ने बड़ी ही कुशलता से लोगों के जीवन की रक्षा करते हुए इस परिस्थिति को संभाला। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हमारी सरकार का मूलमंत्र 'सबका साथ, सबका विकास' है। मोदी सरकार द्वारा लायी गयीं नीतियों से लोगों का जीवन बदल रहा है। आज देश में गरीबी लगातार कम होती जा रही है। हम पीएम गरीब कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहे हैं। आयुष्मान भारत से लाखों परिवारों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। जनधन योजना से 50 करोड़ लोगों का बैंक खाता खोला गया है, जिससे सरकारी लाभ सीधा उनके बैंक खाते में पहुँच रहे हैं। यह सब मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, निर्णायक नेतृत्व व जनसेवा के संकल्प से हो रहा है। सांसद जयंत सिन्हा ने कुछ दिन पूर्व मुम्बई में कांग्रेस सांसद डॉ शशि थरूर के साथ भी 2047 के भारत को लेकर डिबेट में चर्चा की थी। वे लगातार देश भर में मोदी सरकार के कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य के विज़न को लेकर संवाद कर रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### नरवन में अब युवा छात्र पढ़ेंगे वकालत की पढ़ाई



**धीना।** काफी लंबे अंतराल के बाद अब युवाओ को वकालत की पढ़ाई पढ़ने के लिए वाराणसी या अन्य जगहों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।इसके लिए नरवन के बबुरा धीना में सेंट जेवियर लॉ कालेज में युवा वकालत की पढ़ाई कर सकते है।इससे युवाओ को अब काफी सहूलियत हो जाएगी।महाविद्यालय के इस उपलब्धि से क्षेत्रीयजनों में काफी प्रसन्नता है। क्षेत्र में वकालत की पढाई करने के लिए युवाओ को वाराणसी सहित अन्य जगहों पर जाना पड़ता था।इससे युवाओ का धन व समय दोनों बर्बाद होता था।महाविद्यालय में अब तक स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती थी।काफी लंबे समय से नरवन में वकालत की पढ़ाई करवाने की मांग चल रही थी।इसके लिए सेंट जेवियर लॉ कॉलेज बबुरा धीना में वकालत की पढ़ाई शुरू हो गई है।युवा छात्र कानून की जानकारी कर अपने मुकाम को हासिल कर सकते है।महाविद्यालय के प्रबंधक अनन्य सिंह ने बताया कि कालेज में तीन वर्षीय एलएलबी की पढ़ाई होगी।महाविद्यालय में तीन वर्षीय एलएलबी की कक्षा संचालन के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी व बार कौंसिल आफ इंडिया नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त हुई है।युवा छात्र महाविद्यालय से वकालत की पढ़ाई कर अपने सपनों को पूरा कर सकते है।

### चोरी का मोबाइल बरामद एक गिरफ्तार



**पीडीडीयू नगर।** रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जीआरपी डीडीयू वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी/आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्म संख्या 3/4 के पास से एक अभियुक्त जोगेंद्र चौहान नामक को गिरफ्तार किया गया।जिसके पास से पुलिस ने चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त ट्रेनो वह स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की चोरी करता था। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### पशु बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार



**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार जनपद मे मादक पदार्थ, अवैध शराब व गौ-तस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही एवं जनपद की सीमा में इनके परिवहन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम मे तस्करों के विरूद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा संतोष कुमार सिंह को सूचना मिली कि कुछ पशु तस्कर उ0प्र0 की सीमा से बिहार राज्य होते हुए पशुओं को क्रूरता पूर्वक पिकप वाहन मे लादकर वध हेतु पश्चिम बंगाल ले जा रहे हैं।जिसकी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा के नेतृत्व मे चेकिंग अभियान चलाया जाने लगा कि चेकिंग के दौरान लोकेशन देने वाले वाहन सहित गोवंश लदे पिकप वाहन को पकड़ लिया गया जिसमे से 5 पशु व 2 चापड़ बरामद किया गया तथा मौके से गिरोह के तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। तस्करों के पास से एक कार वाहन भी बरामद हुई।पकड़े गए तस्करों में अनिल कुमार मौर्या निवासी सुखडा थाना हलिया जनपद मिर्जापुर,सुड्डू उर्फ मोहम्मद कयूम निवासी राजपुर थाना हलिया जनपद मिर्जापुर वह राजकुमार निवासी ग्राम बंजरिया थाना बदरावल जनपद मिर्जापुर निवासी बताए जाते हैं जिन पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### रक्षा बंधन की त्योहार को लेकर सजने लगा मिठाई की दुकाने



**सकलडीहा।** आगामी 30 अगस्त को रक्षा बंधन है। इसको लेकर मिठाई कारोबारी अभी से ही मिठाई का स्टॉक बनाने में जुट गये है। मोतीचूर और बेसन की लड्डु के साथ विभिन्न प्रकार की मिठाईयों से दुकानों को सजाने में जुट गये है। रक्षा बंधन पर कस्बा सहित आसपास के बाजारों में दर्जनों दुकान मिठाई की लगायी जाती है। उधर सैम्पलिंग विभाग के अधिकारी बगैर केमिकल की मिठाई बनाने के लिये जागरूक करने में जुट गये है। रक्षा बंधन पर सकलडीहा, डेढ़ावल, नईबाजार, चतुर्भुजपुर, भोजापुर, तुलसी आश्रम सहित धानापुर, चहनिया, कमलापुर और शहीगांव में दर्जनों छोटी बड़ी मिठाई की दुकाने सजती है। मिठाई कारोबारी अभी से विभिन्न प्रकार की मिठाईयों का स्टॉक बनाने में जुट गये है। कस्बा के कारोबारी गोलू यादव, प्रभुनाथ, गुड्डु, अशोक, रविशंकर सहित अन्य कारोबारियों ने बताया कि मोती चूर से लेकर बेसन की मिठाई का विशेष डिमांड होता है। कम मीठा वाली मिठाई भी तैयार कराया जा रहा है। उधर सैम्पलिंग विभाग के अधिकारी सच्चिदानंद राय ने बताया कि रक्षा बंधन की त्योहार को देखते हुए दुकानदारों को ज्यादा कलर का सेवन कम से कम करने व बगैर केमिकल मिठाई के लिये जागरूक किया जा रहा है।

# वन विभाग की मिलीभगत से प्रतिबंधित पहाडियों से चल रहा अवैध खनन का खेल





**चकिया चन्दौली।** एक तरफ चन्दौली जनपद मे प्रदेश सरकार के द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहाड़ों से खनन को लेकर पुर्ण रुप से प्रतिबंधित किया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षण बना रहे मगर जमीनी स्तर शिकारगंज क्षेत्र के पहाडियों मे शासन की सख्ती के बावजुद वन वन विभाग और अवैध खननकर्ताओं की साठगांठ से अवैध अवैध खनन का धंधा जोरो पर फल फुल रहा है और जिससे पहाड़ों से अस्तित्व समाप्त होता नजर आ रहा है जिससे प्रतिबंधित पहाडियों से अवैध खनन धडल्ले से चल रहा है और अवैध रुप से खनन करने वर्तमान मे बिभिन्न क्षेत्रों मे महंगे दामो पर बोल्डर पटीया पहुंचा दे रहे है और अवैध खनन की शिकायत के बाद भी वन बिभाग की टीम आंखे बंद कर रखी है जिससे खनन का खेल बदस्तूर जारी है और अवैध खनन की सुचना के बाद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नही करते नजर आ रहे है आपको बताते चले की अवैध खनन की शिकायत डीएफओ समेत वन बिभाग के आलाधिकारियों को दी गयी है लेकिन अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर वन बिभाग के अधिकारी घुटने टेकते नजर आ रहे है और अवैध खनन का धंधा जोरो पर चल रहा है। प्रतिबंधित होने के बाद भी लगातार खनन चालु रहना वन संपदा की सुरक्षा के दावो की पोल खोलता नजर आ रहा है वही सूत्रो के अनुसार चकिया शिकारगंज क्षेत्र के पहाडियों पर आये दिन अवैध रुप से बोल्डर तोडऩे का कार्य चालु रहता है और रात का अंधेरा होते ही अवैध रुप से तोडे गये बोल्डर ट्रैक्टर से गंतव्य तक पहुंचा दिया जाता जिससे पहाडो का अस्तित्व समाप्त होता चला आ रहा है अब देखना है अवैध खनन को लेकर वन बिभाग के बडे जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही करते है या पुर्व की भांति जांच के नाम पर कोरमपुर्ती कर मामले को ठंडे बस्ते मे डाल दिया जाता है।

## चंद्रिका बच्चन और रामनरेश कवि ने बिरहा को बुलंदियों पर पहुंचाया- मनोज डब्ल्यू



**चहनियां।** क्षेत्र के तिरगावा गांव स्थित सतीश यादव के बाड़े में बिरहा जगत के तीन मूर्धन्य कवि स्व. चंद्रिका, स्व. कवि बच्चन और स्व. कवि रामनरेश यादव की स्मृति में सोमवार को उनकी प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयदराजा विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्ल्यू ने भूमि पूजन किया। प्रतिमा की स्थापना बिरहा जगत में तीनों लोगों के अप्रतिम योगदान को देखते हुए क्षेत्रीय जनता के सहयोग द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज सिंह डब्ल्यू ने कहा कि बिरहा आम जनमानस की बोली में गाया जाने वाला जमीनी गीत है। बिरहा में हास्य, करुण, वीर आदि रसों के माध्यम से जीवन के विभिन्न झंझावातों एवं घटनाओं को प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि इंटरनेट के इस युग में नई पीढ़ी लोकगायन इस शैली से दूर होते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि समाजवादियों की सरकार बनती है तो बिरहा गायकों को पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिलवाने का काम करूंगा। अंतरराष्ट्रीय मंच संचालक डॉ. भारत भूषण यादव जी ने कहा कि जब तक बिरहा गाई जाएगी, तब तक चंद्रिका कवि, बच्चन कवि और रामनरेश कवि को याद किया जाता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि इन तीनों ही महान विभूतियों की मूर्ति लगाने का निर्णय लेकर क्षेत्रीय जनता ने उन्हें अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक बिरहा सम्राट गायक बालचरन यादव, स्व. चंद्रिका कवि के पुत्र चंद्रहास यादव और स्व. रामनरेश कवि के पुत्र सतीश यादव, ग्राम प्रधान जमालपुर ज्ञानी जैल सिंह यादव, डॉ. राजेश निषाद, दिनेश गायक, रमेश यादव, किशन यादव, रामसूरत यादव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## चोरी हुई मोटरसाइकिल यातायात पुलिस द्वारा मालिक को कराई गई सुपुर्द



**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** शनिवार की देर रात अलीनगर क्षेत्र स्थित गोधना बाईपास चौराहे के समीप स्थानीय लोगों ने एक मोटरसाइकिल लावारिस अवस्था में खड़ीं देखी जिसके मालिक का काफी पता करने के बाद जब पता नहीं चल पाया तो लोगों ने इसकी सूचना मुगलसराय यातायात पुलिस को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंचे टीएसआई सत्येंद्र राय वह हेड कॉस्टेबल अजय कुमार ने मोटरसाइकिल के नंबर से मलिक का पता किया जो बक्सर बिहार निवासी दीपक राज की बताई गई और जब उससे संपर्क किया गया तो मोटरसाइकिल मालिक ने बताया कि मेरी मोटरसाइकिल एक महीना पूर्व चोरी हो गई थी।वहीं यातायात पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई करने के बाद उक्त मोटरसाइकिल को मलिक को सुपुर्द कर दिया गया,अपनी चोरी हुई मोटरसाइकिल को पाकर मोटरसाइकिल मालिक का चेहरा खुशी से खिल उठा और उसने जनपद चंदौली पुलिस को धन्यवाद दिया।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटी चार घायल

**चकिया चन्दौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के अमरा दक्षिणी गांव के समीप आज ट्रैक्टर पलटने से चार व्यक्ति घायल हो गए जिन्हे आस पास के लोगों व पुलिस कि सहायता से इलाज हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया लाया गया जहाँ इलाज के दौरान राजनारायण नामक व्यक्ति कि मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के शिकारगंज क्षेत्र के नवडीहा से अख्तर पुत्र तपसूल नौडीहा उम्र 27 वर्ष सुल्तान पुत्र इस्लाम नौडीहा उम्र 26 वर्ष (ड्राइवर) राज नारायण पुत्र जिउत नौडीहा उम्र 60 वर्ष राम आधार पुत्र बैजनाथ नौडीहा उम्र 60 वर्ष ट्रैक्टर लेकर अहरौरा जा रहें थे इसी बीच गड़ई नदी पर सामने से आ रही बोलेरो को पास देते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर नदी मे पलट गयी, जिसमे ट्रैक्टर पर सवार सभी चार लोग घायल हो गए। वही सभी घायलों को इलाज हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहाँ पर इलाज के दौरान राजनारायण कि मौत हो गयी।

# शहीद स्मारक सैयद राजा में कांग्रेस जनो ने किया शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित



**चन्दौली।** 28 अगस्त दिन सोमवार को शहीद स्मारक के प्रांगण में कांग्रेस जनों द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए, कांग्रेस जनों ने गोष्टी को संबोधित किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर राजेश कुमार चौधरी ने कहा कि हम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान करते हैं,देश के अंदर व जिले के अंदर जो विकास दिखाई दे रहा है वह पूरी तरीके से कांग्रेस पार्टी का कांग्रेस की सरकार का योगदान है, देश की आजादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं कांग्रेस की देन है,देश समाज के सभी जाति धर्म के लोगों ने मिलकर के कंधा से कंधा मिलाकर के इस देश को आजाद करने में अपना योगदान दिया है, चौधरी साहब ने कहा कि देश के अंदर बेरोजगारी, महंगाई,नफरत की राजनीति, चरम पर है।भाजपा के लोगों को देश के संविधान पर विश्वास नहीं है, यह सरकार पूरी तरीके से दलितों पिछड़ों वंचितों मजदूरों के खिलाफ काम करने का काम कर रही है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एआईसीसी के सदस्य श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, देश को आजाद करने में कांग्रेस पार्टी,महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल सरीखे नेताओं के नेतृत्व में पूरे देश के सभी जाति और धर्म के लोगों ने,एक साथ मिलकर कंधा से कंधा मिलाकर अंग्रेजों के विरुद्ध बिगुल फुक शहादत दी शहीदों के कुर्बानियों के बूते हमें आजादी प्राप्त हुई है,हम सभी लोगों को मिलकर के अपने शहीदों के सपनों का भारत बनाने की जरूरत है ,उनके सपनों को साकार करते हुए हम सभी लोगों को नफरत की राजनीति के विरुद्ध ,बेरोजगारी के विरुद्ध महंगाई के विरुद्ध ,महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न के विरुद्ध ,सभी सरकारी संस्थानों पर कब्जे के विरुद्ध,सभी सरकारी उपक्रमों को अडानी अंबानी जैसे चुनिंदा उद्योगपतियों को देने के विरुद्ध किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध लामबंद होकर के नफरत की सोच फैलाने वाली ,देश और प्रदेश की सरकारों को उखाड़ कर फेंक देने की आवश्यकता है, यह जो लोग शहीद स्मारक सैयद राजा में शहीद स्थल का राजनीतिकरण करना चाहते हैं ,सत्ता दल का झंडा बैनर शहिद स्थलों में लगा करके एक दलीय पद्धति लाना चाहते हैं ,ऐसे गंदी सोच की कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटी चार घायल



**चकिया चन्दौली।** चकिया कोतवाली क्षेत्र के अमरा दक्षिणी गांव के समीप आज ट्रैक्टर पलटने से चार व्यक्ति घायल हो गए जिन्हे आस पास के लोगों व पुलिस कि सहायता से इलाज हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया लाया गया जहाँ इलाज के दौरान राजनारायण नामक व्यक्ति कि मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के शिकारगंज क्षेत्र के नवडीहा से अख्तर पुत्र तपसूल नौडीहा उम्र 27 वर्ष सुल्तान पुत्र इस्लाम नौडीहा उम्र 26 वर्ष (ड्राइवर) राज नारायण पुत्र जिउत नौडीहा उम्र 60 वर्ष राम आधार पुत्र बैजनाथ नौडीहा उम्र 60 वर्ष ट्रैक्टर लेकर अहरौरा जा रहें थे इसी बीच गड़ई नदी पर सामने से आ रही बोलेरो को पास देते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर नदी मे पलट गयी, जिसमे ट्रैक्टर पर सवार सभी चार लोग घायल हो गए । वही सभी घायलों को इलाज हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहाँ पर इलाज के दौरान राजनारायण कि मौत हो गयी, मौत की खबर मिलते ही राजनारायण के परिजनों मे कोहराम मच गया। सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राजनारायण के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### नगर पालिका की आय बढ़ाने के लिए गए महत्वपूर्ण फैसले



**डीडीयू नगर।** नगर पालिका परिषद में नवगठित बोर्ड की बैठक अध्यक्ष सोनू किन्नर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर के विकास के लिए गहन मंथन किया गया। अगर पालिका के आई में विधि करते हुए पूर्व में जिन छोटी बड़ी दुकानों से 50 रुपए से 75 रुपए किराया लिया जाता था अब उनसे 500 से 750 किराया लिया जाएगा बैठक में किया गया कि नगर क्षेत्र में चो वह अन्य स्थलों पर विभिन्न कंपनियों के टावर लगाए गए हैं उनसे अब नगर पालिका से एनओसी लेना होगा।जो धरोहर राशि 50 हजार होगा। किराए के तौर पर प्रति वर्ष 30 हजार रुपए उनसे शुल्क के रूप में वसूला जाएगा। सफाई विभाग में सलिज वेस्ट मैनेजमेंट नियमावली 2016-17 के तहत नगर में गंदगी फैलाने वह गुलाब को जहां-तहां फेंकने पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर के वार्डों में टूटी हुई सड़क के हुआ नाली का मरम्मत के संदर्भ में प्रस्ताव पास किया गया बैठक में अगर क्षेत्र के जिन वार्डों में सीवर की व्यवस्था नहीं है।उन वार्ड में सीवर की व्यवस्था बनाई जाएगी। बैठक में अवस्थापना विकास निधि से कार्यालय मरम्मत के स्थान पर विभिन्न वार्डों में चार चार लाख रुपए से नाली सड़क का मरम्मत कार्य किया जाएगा। अगर पालिका के सुधरो का नवीनीकरण शुल्क 3000 से बढ़ाकर5000 रुपए कर दिया गया। बैठक का संचालन जो कृष्ण चंद ने किया।

### भारतीय किसान यूनियन की मंडल स्तरीय बैठक आयोजित



**डीडीयू नगर।** भारतीय किसान यूनियन( टिकैत )के वाराणसी मण्डल की मण्डल स्तरीय पंचायत शनिवार को महरखा गांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में की गई। बैठक मे संगठन के विस्तार व संगठन के निष्क्रिय पदाधिकारियो को स्थानांतरित कर नए पदाधिकारी रखने पर विचार किया गया। इसके साथ ही जनपद के किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप तिवारी ने कहा कि मूसा खंड डिवीजन में कैली माइनर और त्रिपाठ माइनर को पूर्व की भांति भूपौली पंप कैनाल से सम्बध किया जाए।नहीं तो भारतीय किसान यूनियन इस समस्या को लेकर आर पार लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य होगी। भारतीय किसान यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष रंकज सिंह ने कहा कि पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय जगदीश सिंह यादव किसान यूनियन के प्रणेता स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत के जमाने में कंधे से कंधा मिलाकर चलकर किसान यूनियन के नाम का चंदौली जिले ही नहीं मंडल में अधिकारियों में लोहा मनवाया था । पूर्वांचल प्रचार मंत्री प्रेम नारायण मौर्य ने कहा की 18 सितंबर को लखनऊ कार्यक्रम में चलने के लिए अधिक से अधिक किसानों को मंडल से शामिल होने का आह्वान किया।भारतीय किसान यूनियन के मंडल महासचिव विभूति नारायण तिवारी ने कहा कि सरकार किसनों के साथ लगातार वादा खिलाफी कर रही है ।यह शर्मनाक बात है। जिसको लेकर किसान संगठन व संयुक्त किसान मोर्चा बड़े आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।। पंचायत में मुख्य रूप से मनोज, रामाश्रय, राधेश्याम, राजबहादुर, विनोद, शिव मूरत, देवराज, गोपाल सिंह,रामभजन कुबेर,रमाकांत, लालमन, राम सुरत, रामनरेश आदि शामिल रहे। संचालन विभूति नारायण तिवारी ने किया।

कार्यक्रम — कार्यक्रम 'चहक 'का आयोजन प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव की देखरेख में किया गया

# माता उन्मुखीकरण व अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**चहनियां। चंदौली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर में माता उन्मुखीकरण तथा अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम 'चहक 'का आयोजन प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव की देखरेख में किया गया। प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र यादव ने बताया की माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में तथा स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम के अंतर्गत 'चहक' कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में अभिभावकों को जागरूक करने हेतु किया जा रहा है । जिससे बच्चे खुशनुमा माहौल में शिक्षा ग्रहण कर सकें । स्कूल रीडीनेस कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही प्रतीक्षा मौर्य ,मंजू देवी जो कक्षा एक में बच्चों को प्रति सप्ताह की शैक्षणिक गतिविधियां करते हुए उनकी अंतर्निहित क्षमताओं का विकास कर रही है । सभी सम्मानित अभिभावकों की उपस्थिति में कक्षा एक की छात्रा साक्षी तथा बाल वाटिका की छात्रा काव्या पाल ने राधा और कृष्ण का अभिनय करते हुए नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया । कक्षा एक के बच्चों ने कविता कहानी के माध्यम से अपनी भाषा की क्षमताओं की प्रस्तुति करते हुए अपना परिचय दिया । कक्षा एक के बच्चे साक्षी ,माहिया ,आस्था यादव ,रितिक यादव ,मयंक ,आयुष,शिवांश ,अभिनव ,पायल ,आकक्षा पाल, श्रेया, ज्योति यादव,आंचल ,दयानंद ,नीरू ,विनीता ,प्रिंस ,अंकित ,अमन और समीर ने अपनी भाषा की दक्षता का अपने कविता के माध्यम से तथा गीत के माध्यम से प्रदर्शन किया । चहक कार्यक्रम को देखकर सम्मानित अभिभावकों ने मुक्त कंठ से शिक्षकों की प्रशंसा की तथा आने वाले समय में इन बच्चों की दक्षताओं का निरंतर विकास ऐसे ही होता रहे इसकी शुभकामनाओं के साथ उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया। शैक्षणिक गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापक द्वारा कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर इत्यादि सामग्रियों को देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा मिष्ठान खिलाकर बच्चों को शुभकामनाएं दी !

# सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित ग्रामीणों-किसानों के हक की बात



**चंदौली।** किसानों के मुद्दे पर मुखर रहने वाले समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता मनोज सिंह डब्लू ने रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत महापंचायत में किसानों व गरीब ग्रामीणों की आवाज को मजबूती के साथ उठाया। इस दौरान उन्होंने चंदौली से सैदपुर तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित ग्रामीणों व किसानों के हक की बात कही। कहा कि गरीब ग्रामीणों को जो डीह व आबादी की जमीन पर बसें हैं उनके जमीन के बदले जमीन देकर विस्थापन की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। यदि यह संभव न हो तो फगुईयां में फ्लाइओवर का निर्माण कराया जाए, जिससे किसी का भी घर-मकान व दुकान टूटने ना पाए । इस पर सकलडीहा एसडीएम मनोज पाठक ने कहा कि फ्लाईओवर निर्माण की बात मेरे स्तर की नहीं है, लेकिन गरीबों को बसाने के लिए जमीन देने का प्रयास होगा। इसके लिए क्षेत्रीय लेखपाल से बात कर गांव की जानकारी ली जाएगी। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि चंदौली से सैदपुर तक 492 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना के कारण सैदपुर घाट से चंदौली तक हजारों लोगों के मकान व दुकान सड़क चौड़ीकरण की जद में है। गत दिनों बिना मुआवजा के ही गुंडई के बल पर लोगों के मकान व दुकानों को जेसीबी से तोड़ने का प्रयास किया गया। ऐसे में जब ग्रामीण मुखर हुए तो ठेकेदार के कर्मचारी गुंडई पर उतर आए और ऐसे मामले से सकलडीहा तहसील प्रशासन, एसडीएम व पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन 17 अगस्त तक पूरी तरह से अनजान रहे। मामला संज्ञान में आने के बाद डीएम चंदौली द्वारा मुआवजे को लेकर एक सप्ताह में सकारात्मक पहल का भरोसा दिया गया था। उस अवधि के पूर्ण होने के बाद फगईयां में किसान महापंचायत बुलाई गई। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों व किसानों ने दो मांगों पर सहमति जताई है, जिसे एसडीएम सकलडीहा के समक्ष रखा गया। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को मंच से रखते हुए कहा कि ग्रामीण जहां बसे हैं उसकी बाजारू मालियत के हिसाब से मी चाहते हैं ताकि वह फिर से अपना आशियाना बना सके। इसके साथ ही ग्रामीणों का यह कहना है कि यदि जमीन के जमीन नहीं दी जा सकती है तो फगुईयां में ओवरब्रिज निर्माण कर सड़क निर्माण कराया जाए, ताकि किसी का घर - मकान ना टूटे। एसडीएम सकलडीहा को स्पष्ट कहा कि यदि आपसे हो सके तो करिए नहीं तो कोई बात नहीं। कहा कि किसी भी हाल में ग्रामीणों के साथ जोर-जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क का चौड़ीकरण नियमों के हिसाब से हो। कहा कि ग्रामीणों की मांग को पूरा करने के लिए प्रशासन को और वक्त लेना है तो ले लें। आगे फिर से महापंचायत होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनहित में आवाज बुलंद करने पर उन्हें जेल में डालना है तो डाल दें। उसके बाद भी पैनल बनाकर महापंचायत कराने का काम होगा। किसी भी हाल में ग्रामीणों के हक पर अतिक्रमण किसी को करने नहीं दिया जाएगा, चाहे वह चंदौली का जिला प्रशासन ही क्यों न हो।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।